
नई दिल्ली
शुक्रवार 5 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 142
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 32
न्यून. 27


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


शिक्षक दिवस आज







• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक
पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111



## दोनों देशों के बीच हुए पांच समझौतों पर हस्ताक्षर


# भविष्य में और मजबूत होगी भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी, रोडमैप तैयार

- पीएम मोदी और लॉरेंस वांग ने किया भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल फेज-2 का वर्चुअल उद्घाटन
- यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दोनों राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के बाद जारी किए गए बयान से मिली है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौती के बीच सिंगापुर से भारत के लिए अच्छी खबर है। वहां से देश में बड़े स्तर पर निवेश हुआ है। दोनों देशों के बीच पांच समझौतों पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान भी किया गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वांग के साथ हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक के बाद दिए संयुक्त वक्तव्य में इसकी घोषणा ▶▶ शेष पेज 7 पर





### डिजिटल शिपिंग गलियारे पर हुआ समझौता

*उन्होंने ये भी कहा कि हमारी वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच ग्रीन, डिजिटल शिपिंग गलियारे के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिससे समुद्री क्षेत्र में ग्रीन फ्यूल सप्लाई चेन और डिजिटल पोर्ट क्लियरेंस को बढ़ावा मिलेगा। भारत अपने बंदरगाह इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में तेजी से काम कर रहा है। जिसमें सिंगापुर का अनुभव बेहद उपयोगी है। 4 सितंबर को ही हमने सिंगापुर की कंपनी एसपीए इंटरनेशनल द्वारा विकसित भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल फेज-2 का वर्चुअल उद्घाटन किया। जो हमारी कंटेनर हैंडलिंग क्षमता में और बढ़ोतरी करेगा। दोनों देशों के संबंध कूटनीति से कहीं आगे हैं। यह भागीदारी उद्देश्य से जुड़ी हुई साझा मूल्यों पर आधारित भागीदारी है। जिनका मार्गदर्शन आपसी हितों, शांति, विकास और समृद्धि के समान विजन के तहत किया जाता है।* ▶▶ शेष पेज 7 पर

### इन 5 एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

*विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं की बैठक के बाद जिन पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उनमें ग्रीन-डिजिटल शिपिंग गलियारे में सहयोग, अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने, नागरिक उड्डयन क्षेत्र में प्रशिक्षण और शोध बढ़ाने, डिजिटल संपत्ति नवाचार में सहयोग, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी-पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग और चेन्नई में स्थापित किए जाने वाले नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्किलिंग को लेकर किया जाने वाला सहयोग मुख्य हैं।*

### सेमीकंडक्टर उद्योग का होगा विकास

*मंत्रालय ने बताया कि रोडमैप की खास बात ये है कि इससे दोनों देश अपने आर्थिक संबंधों को मजबूती प्रदान करेंगे। द्विपक्षीय व्यापार व बाजारों तक पहुंच बढ़ाई जाएगी। जिसमें व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) के साथ ही व्यापार-निवेश को लेकर संयुक्त कार्य समूह की बैठकों के जरिए व्यापार प्राथमिकताओं को निर्धारित किया जाएगा। लगातार संवाद के जरिए व्यापार समीक्षा जारी रहेगी। इसके अलावा भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास में सहयोग करने और इससे जुड़े इकोसिस्टम को* ▶▶ शेष पेज 7 पर

# जीएसटी सरलीकरण को पीएम मोदी ने बताया "अब तक का सबसे बड़ा सुधार"

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लागू किए गए जीएसटी सरलीकरण को देश की टैक्स व्यवस्था में "अब तक का सबसे बड़ा सुधार" बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल व्यापारियों और उद्योग जगत के लिए राहत लेकर आएगा बल्कि आम जनता के जीवन पर भी सकारात्मक असर डालेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, "जीएसटी सुधार से भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। यह कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाएगा।सरलीकृत संरचना से कारोबारियों को सुविधा होगी, कर चोरी कम होगी और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा।"सबसे बड़ा फायदा आम नागरिक को होगा, क्योंकि कई आवश्यक वस्तुएँ और सेवाएँ सस्ती होंगी।" उल्लेखनीय है की एक दिन पहले ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में बेहद महत्वपूर्ण जनोपयोगी निर्णय लेते हुए छोटे और मध्यम वर्ग के वाहनों, कई उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरें घटाने की घोषणा कि गई। जटिल सेस और अलग-अलग कर स्लैब को सीमित करके व्यवस्था को सरल बनाया गया है।बड़ी गाड़ियों और लक्ज़री उत्पादों पर उच्च दर लागू की गई है ताकि राजस्व संतुलित रहे। जाहिर आम जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा छोटी कारों, टू-व्हीलर, बीमा सेवाओं, मोबाइल बिल और अन्य दैनिक उपयोग की चीज़ों पर खर्च कम होगा। महँगाई पर नियंत्रण की संभावना बनेगी और आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी।

### उद्योग जगत की प्रतिक्रिया

*उद्योग जगत ने भी इस सुधार का स्वागत किया है। उनका कहना है कि कर-प्रणाली सरल होने से अनुपालन आसान होगा। देश में निवेश का माहौल सुधरेगा। विदेशी निवेशकों का भरोसा भी मजबूत होगा।*

### अर्थव्यवस्था को नई गति

*सरकार का दावा है कि सरलीकृत जीएसटी से टैक्स कलेक्शन बढ़ेगा, जिससे बुनियादी ढाँचे, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक निवेश संभव होगा। इससे देश की जीडीपी वृद्धि दर में भी तेजी आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, जीएसटी सरलीकरण सिर्फ एक कर सुधार नहीं बल्कि "आर्थिक बदलाव की नई यात्रा" है। इसका लक्ष्य है कारोबार को सरल बनाना, जनता को राहत देना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भारत में शिशु मृत्यु दर आंकड़ों में सुधार

**नई दिल्ली।** प्रसव के दौरान बेहतर मेडिकल सुविधाओं के चलते अच्छे परिणाम मिले है। एसआरएस रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में शिशु मृत्यु दर में सुधार है। 2013 में हर 1000 जन्मे बच्चों में से 40 से घटकर अब 25 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। यानी कि मृत्युदर में 37.5% की गिरावट दर्ज की गई है।

### क्रिकेटर शिखर धवन से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** ईडी ने क्रिकेटर शिखर धवन से ऑनलाइन



सट्टेबाजी से जुड़े एक मामले में 8 घंटे पूछताछ की। ईडी इस मामले में कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर से भी पूछताछ करेगी, जिन पर एप के प्रचार का आरोप है।

## आईएमटी सोहना में लिथियम आयन बैटरी निर्माण का मेगा प्रोजेक्ट शुरू

### जापान की प्रसिद्ध एटीएल कंपनी ने की 3 हजार करोड़ रुपए की इकाई की स्थापना

# हरियाणा में बनेंगे क्वालिटी पर खरे उतरने वाले प्रोडक्ट : वैष्णव

- एटीएल कंपनी के इस मेगा प्रोजेक्ट में 5 हजार से अधिक रोजगार अवसर सृजित होंगे :राव नरबीर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के आईएमटी सोहना में जापान की प्रसिद्ध कंपनी एटीएल ने करीब 3 हजार करोड़ रुपये से



अधिक का निवेश करते हुए लिथियम आयन बैटरी निर्माण का एशिया का सबसे बड़ा पहला प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से करीब 5 हजार से अधिक युवाओं को सीधा रोजगार मिलेगा। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से तैयार लिथियम आयन बैटरी की निर्माण इकाई की स्थापना से हरियाणा की पहचान औद्योगिक क्षेत्र में नए रूप से उभरेगी। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईएमटी सोहना में एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के इस मेगा प्रोजेक्ट ▶▶ शेष पेज 7 पर

# कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के बाद उनकी पत्नी कोटा नीलिमा पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप, चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के बाद उनकी पत्नी, लेखिका व कांग्रेस नेता कोटा नीलिमा पर चुनाव आयोग ने शिकंजा कस दिया है। दो मतदाता पहचान पत्र रखने के आरोप में पहले पवन खेड़ा और कोटा नीलिमा मुश्किल में पड़ गए हैं। चुनाव आयोग ने कोटा नीलिमा को दोहरे मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में नोटिस जारी किया है। आरोप है कि उनके पास एक मतदाता पहचान पत्र दिल्ली का है और दूसरा हैदराबाद का। दोनों पहचान पत्र के डिटेल्स के साथ कोटा नीलिमा से पूछा गया है कि क्यों न उन पर ऐसे विषयों पर तय प्रावधानों के हिसाब कार्रवाई की जानी चाहिए ? चुनाव आयोग की तरफ से मिले प्रारंभिक इनपुट्स के मुताबिक, कोटा नीलिमा ने हैदराबाद में रहते हुए भी दिल्ली में मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया था। अब शिकायतों की जांच के बाद आयोग ने उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

**कांग्रेस की टिकट पर लड़ चुकी हैं चुनाव :** कोटा नीलिमा पहले भी सक्रिय राजनीति में रह चुकी हैं। वे कांग्रेस की ओर से तेलंगाना की कांग्रेस राजनीति करते हुए विधानसभा ▶▶ शेष पेज 7 पर

## 50 फीसदी टैरिफ को सही ठहराने पर अड़े ट्रंप

# पुतिन बोले, भारत और चीन से यूं बात नहीं कर सकता अमेरिका, उपनिवेशवाद का वो दौर कब का खत्म हो चुका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत समेत दुनिया के बाकी देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ को निचली अदालतों द्वारा अवैध करार दिए जाने के बाद भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हौसलें बुलंद हैं और अब उन्होंने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए न केवल मामले को अपने देश की सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे डाली है। बल्कि अदालत के समक्ष नई दिल्ली पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को अपने बेतुके तर्कों से सही साबित




करने की कोशिश की है। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी हालिया दलील रखते हुए कहा कि हमने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर टैरिफ लगाने की अनुमति प्रदान की है। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल जॉन सॉयर के मुताबिक, यूक्रेन युद्ध में शांति बनाए रखने के लिए भारत पर टैरिफ लगाना बेहद जरूरी है। अमेरिका के प्रशासन द्वारा अदालत में सौंपी गई 251 पेज की अपील में ये भी कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकनॉमिक पॉवर्स एक्स (आईईईपीए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत भारत पर रूस से खरीदे जा रहे ऊर्जा उत्पादों को लेकर यह टैरिफ लगाया है। इस व्यवस्थागत तंत्र ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पहले मृत अर्थव्यवस्था था अमेरिका

*प्रशासन ने न्यायालय को ये भी बताया कि करीब एक साल पहले अमेरिका एक मरी हुई अर्थव्यवस्था थी। कुछ देशों ने हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया। लेकिन अब हमारे उन पर टैरिफ लगाने की वजह से वहां से ट्रिलियन डॉलर धन देश में आ रहा है। जिसकी वजह से एक बार फिर से अमेरिका एक सम्मानित और आर्थिक रूप से मजबूत देश है। अगर टैरिफ को हटाया गया तो अमेरिका आर्थिक बर्बादी की कगार पर पहुंच जाएगा।*


VIT CHENNAI | 15

13th ANNUAL CONVOCATION
6th September 2025, Saturday | 9.30 AM | Mahatma Gandhi Auditorium, VIT Chennai
Hearty Welcome to the Chief Guest

Dr. Palanivel Thiaga Rajan
Hon'ble Minister for Information Technology and Digital Services, Government of Tamil Nadu
GUEST OF HONOUR
Mr. Shelley Salehin
Deputy High Commissioner, Bangladesh Deputy High Commission, Chennai
PRESIDED BY
Dr. G. Viswanathan
Founder & Chancellor


VITCChennai | vit.chennai | in/vitchennai | ChennaiVit | VITChennaic | VIT - A PLACE TO LEARN; A CHANCE TO GROW

## पुलिस ने आरोपी को कौशांबी के होटल से किया अरेस्ट

# मंगेतर बना चोरः होने वाली दुल्हन के घर से चुराई सोने की ईंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मध्य जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक दसवीं पास जूलर को गिरफ्तार किया है। इस पर होने वाली दुल्हन के घर से बड़ी मात्रा में जूलरी और एक किलो सोने की पुश्तैनी ईंट चुराकर नकली ईंट रखने का आरोप है। आरोपी का नाम नितेश वर्मा बताया गया है।

डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार 29 जुलाई को एक महिला ने अपने मंगेतर नितेश वर्मा के खिलाफ देशबंधु गुप्ता रोड थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि फरवरी 2024 में उनकी सगाई के तुरंत बाद अगस्त 2024 में उसके घर से सोने और चांदी की कई वस्तुएं गायब हो गई थी। चोरी हुई जुलरी में 3 सोने के सेट, 4 हीरे के सेट, अंगूठियां, चूड़ियां, एक कड़ा और कई सोने-चांदी के सिक्के शामिल थे। उस समय नितेश के खिलाफ कोई ठोस सबूत सामने नहीं आ पाया था और उसने चोरी में अपनी संलिप्तता से इनकार कर दिया था तो मामला अनसुलझा रह गया था। 20 जुलाई को शिकायतकर्ता महिला ने फिर से नितेश पर विश्वास किया और उसे शादी के खर्च के लिए 1 किलो पुश्तैनी सोने की ईंट दे दी। लेकिन कुछ ही समय बाद उसे पता चला कि उस ईंट को नकली ईंट से बदल दिया गया। पूछताछ करने पर नितेश ने स्वीकार किया कि उसने असली सोने की ईंट को नकली ईंट से बदल दिया था और उसके घर में हुई चोरी में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। जब शिकायतकर्ता ने पुलिस कार्रवाई करने की धमकी दी तो उसने उसे आश्वासन दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर सोने की ईंट और आभूषणों के बराबर राशि लौटा देगा। लेकिन वह सोना लेकर फरार हो गया और अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। 2 सितंबर को वर्मा को कौशांबी, गाजियाबाद के एक होटल से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि उसने शिकायतकर्ता के घर पर अकेले रहते हुए धोखे से सोने ईंट बदल दी थी। उसने ईंट को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर अलग-अलग जगहों पर बेच दिया था। सोना बेचकर आरोपी ने देहरादून में 42 लाख का एक प्लॉट खरीदा, 70-80 लाख अपने माता-पिता को दिए (जिन्होंने बाद में देहरादून और दिल्ली में प्लॉट खरीदने के अलावा हरिद्वार, मसूरी में भी संपत्ति खरीदी। कुछ पैसा आरोपी ने मसूरी तथा केरल के लग्जरी होटलों में मौज मस्ती में खर्च किया।

## जुए के अड्डे का पर्दाफाश 45 जुआरी गिरफ्तार



नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिले के स्पेशल स्टाफ ने क्षेत्र में चल रहे एक जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया है। कुल 45 जुआरियों को संगठित जुआ गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के दौरान मौके से 5,57,610 रुपये नगद राशि, जुए के टोकन, ताश की गड्डी, कैलकुलेटर, रजिस्टर एवं अन्य जुआ सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने बुधवार आधी रात के बाद सी-37/6, लॉरेंस रोड, केशवपुरम पर एक जुआ रैकेट चल रहा है। त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसीपी ऑपरेशन रंजीत ढाका और इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह प्रभारी स्पेशल स्टाफ के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम को छापेमारी से पूर्व विस्तार से ब्रीफ किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने बताये पते पर 45 व्यक्तियों को सक्रिय रूप से जुआ खेलते पाया। उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया।


**FRICK INDIA LIMITED**
Regd. Office: 21.5 Km, Main Mathura Road, Faridabad – 121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, E-mail- cs@frickmail.com,
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 : Fax: 0129-2275695 Web: www.frickweb.com

**NOTICE**

**NOTICE OF THE 62nd ANNUAL GENERAL MEETING, CLOSURE OF REGISTER OF MEMBERS AND REMOTE E-VOTING INFORMATION**

**Notice is hereby given that 62nd Annual General Meeting (AGM) of Frick India Limited** ('the Company') will be held on **Friday, September 26, 2025 at 11:00 A.M.** through Video Conferencing/ Other Audio Visual Means ('VC/ OAVM'), in compliance with all the applicable provisions of Companies Act, 2013 ("Act") and rules made thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015 read with General circular dated April 08, 2020, April 13, 2020, May 05, 2020, January 13, 2021, December 08, 2021, December 14, 2021, May 05, 2022, December 28, 2022 and September 25, 2023 and Circular No. 09/2024 dated September 19, 2024 issued by the Ministry of Corporate affairs ("MCA"), collectively referred as MCA circulars and relevant SEBI Circulars, to transact the business as set out in the notice convening the 62nd Annual General Meeting.

Electronic copies of the Notice of the 62nd Annual General Meeting and the 62nd Annual Report of the Company is available at https://frickweb.com/wp-content/uploads/2025/09/1_compressed.pdf, including the Financial Statements for the Financial Year ended on March 31, 2025 have been sent to all the Members whose e-mail ID's are registered with the Company/Depository Participants. The same are also available on Company's website at www.frickweb.com and on the website of MUFG Intime India Private Limited (formerly known as Link Intime India Private Limited), Registrar and Transfer Agent at Annual_Report_2025.pdf. As mentioned in the newspaper notice dated August 05, 2025 published by the Company in Financial Express and in Hari Bhumi newspapers on August 05, 2025, since the Annual General Meeting is being conducted through VC/OAVM, hence, there will be no physical dispatch of Notice and the Annual Report. Further, pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/167 dated October 07, 2023 and SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated October 03, 2024, the relaxation pursuant to furnishing of hard copy of the Annual Report has been extended till September 30, 2025. However, hard copies of the Annual Report, financial statements (including Board Report, Auditor Report or other documents required to be attached herewith) and Notice of the Annual General Meeting will be made available to the members, who request for the same.

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 ('the Act') read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, the Secretarial Standard on General Meetings (SS-2) issued by the Institute of Company Secretaries of India and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is providing to its Members the facility of remote e-voting/e-voting before/during the AGM in respect of the business to be transacted at the AGM and for this purpose, the Company has appointed MUFG Intime India Private Limited (formerly known as Link Intime India Private Limited), Registrar and Transfer Agent, for facilitating voting through electronic means.

Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date, i.e. **September 19, 2025**, shall be entitled to vote by remote e-voting or at the AGM by e-voting. All the Members are informed that:

a. Date and time of commencement of Remote e-voting: from **Tuesday, September 23, 2025 at 10:00 A.M.**
b. Remote e-voting by electronic mode shall not be allowed beyond **5:00 P.M. on Thursday, September 25, 2025.**
c. Cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means through remote e-voting or e-voting at the 62nd AGM is **Friday, September 19, 2025.**
d. Members who have acquired shares of the Company after **Wednesday, September 03, 2025** (which is the date of electronic dispatch of the 62nd AGM Notice to the Shareholders) and up to the cut-off date mentioned above, may obtain their login details for remote e-voting by sending request at cs@frickmail.com (Company Secretary) or at enotices@in.mpms.mufg.com being the Share Transfer Agent at the address and contact details mentioned below.
e. The Members who have not casted their vote through remote e-voting can exercise their voting rights at the 62nd Annual General Meeting of the Company through e-voting system.

Notice is also hereby given, pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 (**'the Act'**) read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The dividend, if approved, will be payable to those members, whose names stands registered in the Company's Register of Members as on record date i.e. **September 19, 2025.**

For electronic voting, kindly log in to e-voting website https://instavote.linkintime.co.in, please read the instructions carefully before voting electronically given in the notes to the Notice of the 62nd AGM.

In case, if you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at https://instavote.linkintime.co.in, under help section or send an email to enotices@in.mpms.mufg.com or contact on: Tel: 022–4918 6000.

Members may also contact the Company's Registrar and Share Transfer Agent at: **MUFG Intime India Private Limited** (formerly known as **Link Intime India Pvt. Limited**), **Noble Heights, 1st Floor, Plot NH 2, C-1 Block LSC, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi -110058**, Tel: +91 11 49411000, +91-11- 41410592/93/94 Telefax: 011-41410591, Email: delhi@in.mpms.mufg.com

**For and on behalf of Board of Directors**
**FRICK INDIA LIMITED**
**Sd/-**
**Amit Singh Tomar**
**Place: Faridabad** **Company Secretary & Compliance Officer**
**Date: September 04, 2025** **Membership No. A46813**



**Samtex Fashions Limited**
**CIN:** L17112UP1993PLC022479
**Registered Office:** Khasra No 62 D1/3 Industrial Area Rajarampur, Sikandrabad Bulandshahr UP- 203205.
**Tel. No.:** 011-49025972, **E-mail:** samtex.compliance@gmail.com;
**Website:** www.samtexfashions.com

**NOTICE OF 32nd ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING INFORMATION TO THE MEMBERS**

**Dear Member(s)**

Notice is hereby given that the 32nd Annual General Meeting (AGM) of the Members of Samtex Fashions Limited ("the Company") will be held on Monday, 29th September 2025 at 01:00 P.M. through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual Means ("OAVM") to transact the business, as set out in the Notice of the AGM which is being circulated for convening the AGM.

The AGM will be held only through VC / OAVM in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 and rules framed thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirement) Regulations 2015 read with General Circular Nos. 14/2020 dated 08 April 2020, 17/2020 dated 13 April, 2020 and 20/2020 dated 05 May 2020, and, 02/2021 dated 13th January, 2021 read with Circular No. 2/2022 dated 05 May, 2022, 10/2022 dated 28 December, 2022, General Circular No. 09/2023 dated 25 September, 2023 and General Circular no. 09/2024 dated September 19, 2024 issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars") and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12 May 2020 read with SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021 read with Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated May 13, 2022, Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated January 05, 2023 read with Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated October 07, 2023 and Circular dated October 03, 2024 issued by the Securities Exchange Board of India ("SEBI Circulars"), without the physical presence of the Member at common venue. In accordance with the Secretarial Standard-2 on General Meeting issued by the Institute of Company Secretaries of India (ICSI) read with guidance/clarification issued by ICSI, the proceedings of the AGM shall be deemed to be conducted at the Registered Office of the Company which shall be the deemed venue of the AGM. Facility for appointment of proxy will not be available for the AGM.

Please note that The requirement of sending physical copies of the Notice of 32nd AGM and Annual Report to the member have been dispensed with vide MCA Circulars and the SEBI Circulars. Members attending the AGM through VC/OAVM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of Companies Act, 2013.

In Compliance with the above mentioned Circulars, the Notice of the 32nd AGM along with the Annual Report 2024-25 inter alia comprises of Audited Financial Statements will be sent only through electronic mode to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company or Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd. ("RTA") or CDSL/ NSDL ("Depositories") and will also be available on the Company's website www.samtexfashions.com and website of the Stock Exchanges i.e. at www.bseindia.com and on the website of CDSL i.e. at www.evotingindia.com. A letter providing the exact path and the web link, where complete details of Annual Report 2024-25 and the AGM Notice are available, will be sent to the members who have not registered their email address with the Company/RTA/ Depositories.

The Company is pleased to provide VC/OAVM and remote e-voting facility of CDSL to all its Members to attend AGM and cast their votes on all Resolutions set out in the Notice of AGM through remote e-voting. Detailed instructions for attending the AGM and Casting votes through Remote e-voting and e-voting at the AGM is being provided in the Notice of 32nd AGM.

**Registration of Email Addresses**

Members who have yet not registered their e-mail address may get the same registered/updated with the Company/RTA or Depository to cast their vote(s) through remote e-voting before the AGM or through e-voting during the AGM. The manner of the registering email address is below:

(I). **For Physical shareholders-** please provide necessary details like Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email to beetalrta@gmail.com or samtex.compliance@gmail.com

(ii). **For Demat shareholders -** please provide Demat account details (CDSL-16 digit beneficiary ID or NSDL-16 digit DPID + CLID), Name, client master or copy of Consolidated Account Statement, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) to beetalrta@gmail.com or samtex.compliance@gmail.com.

**Remote E-Voting**

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 ("The Act") read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration ) Rules 2014, as amended from time to time, the secretarial standard on General Meeting ('SS-2') issued by The Institute of Companies Secretaries of India and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requiems) 2015 the Company is providing to its Members the facility to cast their votes electronically through remote e-voting prior to the AGM and through e-voting during the AGM, in respect of the business to be transacted at the AGM, and for this purpose, the Company has appointed CDSL for facilitating voting through electronic means.

The detailed instructions for remote e-voting are given in the Notice of the AGM. Members are requested to note the following:

a. The remote e-voting facility would be available during the following period:

| | |
|---|---|
| Commencement of remote e-voting | Friday 26th September 2025 (IST 9:00 A.M.) |
| End of Remote e-voting | Sunday 28th September 2024 (IST 5:00 P.M.) |

The remote e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter and Members will not be allowed to vote electronically beyond the said date and time;

b. The voting rights of the Members shall be in proportion to their share of the paid-up equity share capital of the Company as on Monday, 22nd September, 2025 (Cut-off Date). A person whose name is recorded in the register of Members as on the Cut-Off Date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting before /during the AGM.

c. Any person who acquires shares of the Company and becomes a Member of the Company after the dispatch of the Notice and holds shares as on the Cut-Off Date, may obtain the login-id and password for remote e-Voting by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com. However, if the person is already registered with CDSL for remote e-voting then the existing user ID and password can be used for casting vote.
A person who is not a Member as on the Cut-Off Date should treat the Notice of the AGM for information purposes only.

d. Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the Meeting may also attend the Meeting electronically, but shall not be entitled to vote again.

e. If you have any query relating to e-voting facility, please refer the Frequently Asked Questions (FAQ's) and e-voting user manual for shareholders available at the download section of www.evotingindia.com or contact CDSL on 1800 2109911. In case of any grievances connected with e-voting facility, please contact Mr. Rakesh Dalvi, Manager (CDSL) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai – 400013 or send an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call on 1800 2109911.

f. The results of voting will be declared within the permissible time as prescribed under the law and the results so declared along with the consolidated Scrutinizer's Report shall be placed on the Company's website, Stock Exchange's website and the website of CDSL.

**Book Closure & Record Date-**

The Register of Members and Share Transfer Books shall remain closed from 23rd September, 2025 to 29th September, 2025 (both the days inclusive) for the purpose of AGM.

Further, Members of the Company who have not registered their e-mail addresses can also attend the AGM and vote by following the procedure being provided in the Notice of AGM.

**By Order of the Board of Directors**
**For Samtex Fashions Limited**
**Sd/-**
**Rinki Rani**
**Place: New Delhi** **Company Secretary**
**Date: 03.09.2025** **(M. No.: A51516)**


## डीटीसी बस के पीछे बाइक टकराने से लगी आग, बाल बाल बचे यात्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

धौला कुआं इलाके में गुरुवार सुबह एक बाइक सवार डीटीसी बस के पिछले हिस्से से टकरा गया। स्पार्किंग के कारण बस में आग लग गई। बस में कई यात्री सवार थे जो ड्राइवर और कंडक्टर की सूझ बूझ के चलते बाल बाल बच गये। बस से टकराने वाला बाइक सवार भी हादसे में घायल हुआ है। उसका एम्स ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग 10:53 बजे दिल्ली कैंट पुलिस स्टेशन में एक डीटीसी बस में आग लगने की सूचना मिली। यह बस रूट संख्या 776 (उत्तम नगर बस टर्मिनल से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, घुमनहेड़ा डिपो) की थी। कॉल बस के कंडक्टर द्वारा की गई थी। कंडक्टर ने बताया कि डिफेंस ऑफिसर्स एन्क्लेव, धौला कुआं बस स्टॉप पर बस यात्रियों को उतारने के लिए रुकी थी, तभी पीछे से अचानक एक मोटरसाइकिल आई और बस के पिछले हिस्से से टकरा गई। मोटरसाइकिल सीएनजी बस के नीचे फंस गई और स्पार्किंग के कारण बस में आग लग गई। आग लगते ही ड्राइवर और कंडक्टर ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस बीच मोटरसाइकिल सवार मौके से भाग गया। बस जल्द ही आग की लपटों में घिर गई और पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। दो दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया। अपराध दल को निरीक्षण के लिए घटनास्थल पर बुलाया गया। आगे की जांच के लिए वाहन का यांत्रिक निरीक्षण किया गया। संबंधित मोटरसाइकिल (टीवीएस अपाचे) समीर रोहिल्ला निवासी ईस्ट ऑफ कैलाश, श्रीनिवासपुरी के नाम पर पंजीकृत पाई गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि बाइक सवार को चोटें आई हैं और उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना में डीटीसी बस पूरी तरह से जल गई।

# नकली लेफ्टिनेंट ने महिला से ठगे 70 हजार, दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले की फर्श बाजार पुलिस ने एक फर्जी पैरा कमांडो लेफ्टिनेंट को पकड़ा है। इसने शादी का वादा करके महिला से 70 हजार रुपये ठग लिये थे। आरोपी के पास से सेना की वर्दी और फर्जी पहचान पत्र भी बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार 1 सितंबर को एक पीसीआर कॉल के जरिये भोला नाथ नगर, फर्श बाजार निवासी 28 वर्षीय दामिनी ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने उससे शादी करने का झांसा देकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर वित्तीय धोखाधड़ी की है। कॉल पर संज्ञान लेते हुये आईओ द्वारा तथ्यों की जांच की गई। यह पाया गया कि शिकायतकर्ता दामिनी नोएडा में एक मेडिकल स्टोर चलाती हैं। वह किसी रिश्तेदार के माध्यम से एक शादी में दीपांशु नामक व्यक्ति से मिली थी, जिसने खुद को भारतीय सेना की पैरा कमांडो फोर्स में लेफ्टिनेंट बताया। वह सेना की वर्दी में दामिनी से कई बार मिला। बाद में शख्स ने बहाने से महिला से पैसे मांगे। लगभग 70,000 रुपये नकद और ऑनलाइन लेनदेन के रूप में आरोपी ने लिये। शख्स की सच्चाई पर संदेह होने पर ही महिला ने पीसीआर कॉल कर फर्जी लेफ्टिनेंट को पकड़वा दिया। 23 वर्षीय दीपांशु कानपुर के संजीव नगर का रहने वाला है। आरोपी के मोबाइल फोन की जांच करने पर पैरा कमांडो की वर्दी में कई तस्वीरें, पहचान पत्र, एनडीए रैंक सूची, नियुक्ति पत्र आदि मिले हैं। उसने बताया कि पिता सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह एनडीए की परीक्षा में शामिल हुआ था, लेकिन पास नहीं हो सका। वह अपने परिवार को यह बात बताने से डर रहा था। उसने पोर्टल से एनडीए पासआउट उम्मीदवारों की सूची निकाली, जिसमें दीपांशु नाम का एक व्यक्ति था। उसने यह सूची अपने माता-पिता को दिखाई कि उसका चयन हो गया है और यह कहकर घर से निकल गया कि वह एनडीए खड़कवासला में प्रशिक्षण के लिए जा रहा है। वह कानपुर में रहकर छोटे-मोटे काम करता था। एक दिन उसकी मुलाकात दामिनी से एक शादी समारोह में हुई और उसने उससे भी यही झूठ बोला। आरोपी के माता-पिता को भी नहीं पता कि उनके बेटे ने झूठ बोला है।

# मोबाइल टॉवर से महंगे उपकरण चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से तीन आरोपी किये गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टॉवर उपकरण (आरआरयू) की चोरी एवं अवैध निर्यात करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली से तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। इनके पास से 30 आरआरयू मशीनें बरामद हुई है। गैंग के तार दिल्ली, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हुई चोरियों से भी लिंक हुये हैं। इसके साथ ही हांगकांग होते हुए चोरी किए गए आरआरयू और बीबीयू की चीन तक तस्करी का खुलासा हुआ है। गैंग के साथ मोबाइल टॉवर इंस्टॉलेशन कॉन्ट्रैक्टर की संलिप्तता भी सामने आई है।

रिमोट रेडियो यूनिट (आआरयू), जिसे आमतौर पर रिमोट रेडियो हेड (आरआरएच) कहा जाता है। यह डिवाइस मोबाइल टावर का एक अहम हिस्सा होता है। डिवाइस वायरलेस नेटवर्क और मोबाइल उपकरणों को जोड़ने का कार्य करता है। हाल ही में देश के कई राज्यों में आरआरयू की चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसमें नए-नए तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 30 चोरी किए गए महंगे आरआरयू बरामद किए गए। आरोपियों से पूछताछ और लगातार छापेमारी से एक बड़े अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा हुआ। पकड़े गये आरोपियों के नाम जाहिद, चंदरकांत उर्फ अतुल और समीर उर्फ मोहम्मद अफताब है। इसकी निशानदेही पर शिपिंग लाइन प्राइवेट लिमिटेड, महिपालपुर से 20 चोरी किए गए आरआरयू बरामद किए गए। यह खेप हांगकांग भेजने की तैयारी की जा रही थी। आरोपी प्रति यूनिट पर 30 से 50 हजार का मुनाफा कमाते थे। यह गैंग देशभर में अब तक सैकड़ों आरआरयू चीन तक तस्करी कर चुका है। इस गिरफ्तारी के बाद दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश (वेस्ट) और आंध्र प्रदेश में दर्ज 16 आरआयू चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आस मोहम्मद उर्फ आशु पहलवान पुत्र** अमीनुद्दीन **निवासीः** F-270, गली नं. 10, भागीरथ विहार, जमना विहार, दिल्ली ने **Case/FIR No. 309/20 U/s 429/34 IPC एवं 11 PCA थानाः चाँदनी महल, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आस मोहम्मद उर्फ आशु पहलवान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आस मोहम्मद उर्फ आशु पहलवान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case/FIR No. 309/20 U/s 429/34 IPC एवं 11 PCA थानाः चाँदनी महल, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आस मोहम्मद उर्फ आशु पहलवान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सायेशा चड्ढा**
**DP/11761/CD/2025** **एलडी. जेएमएफसी-08, कमरा नं. 272**
**(Court Matter)** **तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | पं. भ.द. शर्मा, यूएचएस, रोहतक में न्यू स्टेट ऑफ आर्ट आधुनिक शवगृह परिसर का निर्माण (सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम और सोलर पावर प्लांट सहित सम्बद्ध सामग्री का प्रावधान केवल)। | 02.09.2025 09.09.2025 | 37.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सोनीपत | केन्द्रीय सरकार स्पोंसरशिप के तहत भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत में नेशनल इमरजेंसी लाइफ स्पोर्ट (एनईएलएस) स्किल सेंटर की स्थापना। | 01.09.2025 08.09.2025 | 15.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला नागरिक हस्पताल करनाल में 11 केवी विद्युत सब स्टेशन के विस्तार सहित ईआई की विशेष मरम्मत और अन्य विद्युत सेवाएं (11 केवी विद्युत सब स्टेशन का विस्तार) + 1 कार्य। | 04.09.2025 15.09.2025 | 467.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | कुम्हार माजरा, गांव कुम्हार माजरा ब्लॉक इस्माईलाबाद में जीडब्ल्यूएम तालाब का निर्माण/पुनरोद्धार (बकाया कार्य)। | 03.09.2025 18.09.2025 | 8.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज सिरसा | डींग - गांव डींग में पुरानी मण्डी मेन गेट से बोदीवाली - मोचीवाली रोड तक आईपीबी गली का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 30.08.2025 08.09.2025 | 43.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सिरसा | डींग - गांव डींग ब्लॉक एन.चौपटा जिला सिरसा में पुराना रेलवे फाटक से बोदीवाली - मोची वाली रोड तक गांव डींग में खराब पानी के नाले का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 30.08.2025 08.09.2025 | 7.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सिरसा | बग्गू वाली - गांव बग्गूवाली, ब्लॉक सिरसा, जिला सिरसा में एडब्ल्यूसी की मरम्मत और पूरा करना (हैड पी-01-4235-02-102-99-98-राज्य योगदान रखरखाव जनसंवाद)। | 30.08.2025 08.09.2025 | 4.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सिरसा | सुल्तानपुरिया - गांव सुल्तानपुरिया ब्लॉक रानिया, जिला सिरसा में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण (सी.एम. घोषणा 18053 - स्कीम - एचआरडीएफ) | 30.08.2025 08.09.2025 | 36.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सिरसा | जोधकां - गांव जोधकां, ब्लॉक नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा में ग्राम पंचायत में ओपन जिम की स्थापना (वीएएनजीवाई)। | 02.09.2025 08.09.2025 | 1.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज सिरसा | रांगरी खेड़ा - गांव रांगरी खेड़ा, ब्लॉक सिरसा, जिला सिरसा में ग्राम पंचायत में ओपन जिम की स्थापना (वीएएनजीवाई)। | 02.09.2025 08.09.2025 | 1.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज सिरसा | गांव समशाबाद पट्टी, कुसाम्बी, नत्तार, फूलकां, बाजेकां, कवारपुरा, कंगनपुर, केलनिया, शाहपुर बेगू, मोहम्मदपुर सलारपुर, सहीदांवाली, ब्लॉक सिरसा, जिला सिरसा में ग्राम पंचायत में इंडोर जिम की स्थापना (वीएएनजीवाई)। | 02.09.2025 08.09.2025 | 21.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज सिरसा | गांव नेजिया खेड़ा, नारायण खेड़ा, अली मोहम्मद, गादली, चौबुरजा, नेहराना, धींगतानिया, चादीवाल, ब्लॉक नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा में ग्राम पंचायत में इंडोर जिम की स्थापना (वीएएनजीवाई)। | 02.09.2025 08.09.2025 | 15.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज सिरसा | गांव साहूवाला-द्वितीय, राजपुरा कैरांवाली, कुकरथाना, डींग मण्डी, शेरपुरा, ताजिया खेड़ा, मोचीवाला, ब्लॉक नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा में ग्राम पंचायत में इंडोर जिम की स्थापना (वीएएनजीवाई)। | 02.09.2025 08.09.2025 | 13.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | गांव लाहली, ब्लॉक कलानौर, जिला रोहतक के ग्रामीण तालाब 'पीर बाबा तालाब' का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.09.2025 | 244.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 15 | वन विभाग फरीदाबाद | पाली गांव में सी.एम. घोषणा सं. 18069 के लिए ई-निविदा। | 03.09.2025 11.09.2025 | 1.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992300033 dfofbd2@gmail.com |
| 16 | सिविल सर्जन, करनाल | करनाल जिले में शहरी क्षेत्र के लिए ई-रिक्शा को किराये पर लेने के लिए ई-निविदा सूचना हेतु विज्ञापन। | 05.09.2025 17.09.2025 | ईएमडी 60,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2267796 dhs.csknl@hry.nic.in |
| 17 | बागवानी, सीओई, मुनीमपुर, झज्जर | संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत। | 04.09.2025 24.09.2025 | ईएमडी 45,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2026/340/38388/I/88/7 दि. 04.09.25

हरियाणा सरकार

"अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारे जो सपने हैं, जो आकांक्षाएं हैं, उन्हें साकार करने में भारत की श्रम शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसी सोच के साथ देश संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों श्रमिक साथियों के लिए निरंतर काम कर रहा है।"

- नरेन्द्र मोदी



## हरियाणा राज्य की औद्योगिक, दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष लाभ






## हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं

**हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को भी मिलेगा श्रम कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ**

### बोर्ड द्वारा श्रमिकों हेतु कल्याणकारी योजनाएं

1. श्रमिकों के बच्चों के लिए स्कूल की वर्दी, किताबें व कापियां आदि खरीदने हेतु वित्तीय सहायता- **₹3,000 से ₹4,000 तक**
2. श्रमिकों के बच्चों की खेलों के प्रति प्रतिभा को विकसित करने हेतु योजना - **₹2,000 से ₹31,000 तक**
3. श्रमिकों के बच्चों की सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रतिभा विकसित करने हेतु योजना- **₹2,000 से ₹31,000 तक**
4. व्यावसायिक कोर्स हेतु कोचिंग योजना- **₹20,000 से ₹1,00,000 तक**
5. छात्रवृत्ति योजना - **₹10,000 से ₹21,000 तक**
6. कन्यादान योजना - **₹51,000**
7. शगुन योजना - **₹21,000**
8. प्रसूति योजना - **₹12,000** (लड़का होने पर) तथा **₹15,000** (लड़की होने पर)
9. साइकिल योजना - **₹5,000**
10. चश्मा योजना - **₹1,500**
11. सिलाई मशीन योजना - **₹4,500**
12. एल.टी.सी. योजना - **₹1,500**
13. श्रमिकों की किसी भी कारण से अपंगता होने पर वित्तीय सहायता- **₹1,00,000 से ₹3,00,000 तक**
14. डेंटल केयर/डेंचर लगवाने हेतु योजना- **₹4,000 से ₹10,000 तक**
15. तिपहिया साइकिल (TriCycle) योजना - **₹7,000 तक**
16. शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए वित्तीय सहायता- **₹20,000 से ₹30,000 प्रतिवर्ष**
17. श्रवण मशीन/Hearing Aids योजना - **₹10,000**
18. कृत्रिम अंग लगाने हेतु योजना - **साकेत अस्पताल, पंचकूला द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार**
19. श्रमिकों की विधवाओं व आश्रितों को आर्थिक मदद - **₹3,00,000**
20. दाह-संस्कार योजना - **₹15,000**
21. मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना - **₹5,00,000**







अगर आप औद्योगिक व वाणिज्यिक क्षेत्र या हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कॉन्ट्रैक्ट / स्थायी कर्मचारी हैं तो जल्द ही अपना पंजीकरण करवाकर पाएं योजना का लाभ

**पंजीकरण कैसे करें?**

- अपने नियोक्ता से संपर्क करें
- https://hrylabour.gov.in / https://saralharyana.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करें

**अधिक जानकारी के लिए**
**टोल फ्री नं. 1800-180-2129**

## श्रम विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू.आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, 2 आरोपी दबोचे

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस क्राईम ब्रांच की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ



कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टा व 1 कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने टीका ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर 58 के पास से 1 देसी कट्टा व 1 कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

### 45 हजार ठगे आरोपी पकड़ाया

**फरीदाबाद।** कार ट्रांसपोर्ट करने के नाम पर हजारों रुपए ठगने के मामले में साईबर पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एनएचपीसी आवासीय परिसर फरीदाबाद निवासी एक



व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने अपनी गाड़ी फरीदाबाद से रायपुर भेजने के लिए बीआरएल लॉजिस्टिक्स कंपनी को ऑर्डर दिया। इंश्योरेंस के लिए 13000 रुपए दिए। इसके बाद ठगों ने चालान और तेल डलवाने के लिए शिकायतकर्ता से कुल 45008 रुपए ऐठ लिए और उसकी गाड़ी लेकर फरार हो गए।

### अवैध गांजा बेचने के मामले में एक आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए 370 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया



कि 4 सितंबर को अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राहुल निवासी एनआईटी-5 फरीदाबाद को 370 ग्राम गांजा सहित एनआईटी-5 फरीदाबाद के पास से काबू किया है। थाना एनआईटी फरीदाबाद में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

---

शिक्षक दिवस पर महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने महिला शिक्षिकों किया सम्मानित

शिक्षक दिवस पर विशेष आयोजन किया गया

दिव्यांक छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारग कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# नवदीप सेवा समिति व भारती चैरिटेबल ट्रस्ट ने दिव्यांग बच्चों को स्टेशनरी व फूड वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट व भारती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संजय कालोनी स्थित चेतना वेलफेयर सोसायटी में पढ़ रहे दिव्यांग बच्चों को स्टेशनरी, फूड व अन्य सामान वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोनीत पार्षद जसवंत सैनी मौजूद रहे। रेनू भाटिया ने चेतना वेलफेयर सोसायटी की महिला शिक्षकों को भी शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया। इस अवसर पर दिव्यांग छात्र-छात्राों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।



### *अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया*

*इस मौके पर नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के प्रधान यशपाल शर्मा, भारती चैरिटेबल ट्रस्ट डा. धमेन्द्र नांदल, मनीष मिश्रा व चेतना वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष रेखा शर्मा, इंचार्ज कैलाश पंत शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पराग शर्मा, पं. मुनेश शर्मा, इनेलो महिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, परविन्दर राजपाल, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेंद्र शर्मा बबली, भुवनेश्नर हिंदुस्तानी, शिक्षाविद् डॉ. राजेश मदान, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, विमल खण्डेलवाल, सुनील यादव, अवधेश ओझा, मामचंद प्रधान, सरदार कुलदीप सिंह, संजय पांचाल, सचिन तंवर, आकाश एडवोकेट, मोक्ष वर्मा, राधिका बहल, अनुराग शर्मा, संजीव कुशवाहा, विनोद पाली, महावीर खण्डेलवाल, अजीत शर्मा, मनजीत सिंह, सुधीर वर्मा, अजय वर्मा, कविता गौर, पूजा राठौर विशेष रूप से मौजूद रही।*

---

प्रत्येक जोन में हर माह 1 करोड़ बकाया टैक्स रिकवर करने का लक्ष्य तय

# नगर निगम आयुक्त का सख्त निर्देश, प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्य निष्ठा से पूरा करें

- लापरवाही करने पर कर्मचारी के विरुद्ध सख्त सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी
- वसूली, विकास शुल्क कार्य समयबद्ध जनता से जुड़ी सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

निगम की अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम) सलोनी शर्मा ने टैक्स विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवा का अधिकार अधिनियम के अनुसार नागरिकों की पीआईडी संबंधी समस्याओं को समय सीमा में हल करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को जानकारी दी कि नगर निगम फरीदाबाद आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा द्वारा सख्त निर्देश दिए हैं कि प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित सभी कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पीआईडी, टैक्स रिटर्न, डाटा अपडेट, सेल्फ. सर्टिफिकेशन आदि प्रक्रियाएं निगम के राजस्व संग्रह और पारदर्शिता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने जानकारी दी कि नगर निगम लगातार नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुगम बनाने के प्रयास कर रहा है। जनता से जुड़ी सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराएं और राजस्व संबंधित कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करें। नगर निगम फरीदाबाद द्वारा यह देखा गया कि जोनल टैक्सेशन ऑफिसर अधिकतर समय आपत्तियों के निस्तारण में व्यतीत कर रहे हैं, जिससे उनके अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आयुक्त के आदेशानुसार जोन वाइज आईडी बनाकर निरीक्षकों के कार्यों का विभाजन किया गया है। अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देश अनुसार प्रत्येक जोन से प्रतिमाह एक करोड़ रुपए की रिकवरी, जिसमें लगभग 1 लाख बकाया वाले यूनिट्स को लक्ष्य बनाया जाएगा, 50000 रुपए तक के टैक्स करेक्शन, अपडेशन, विकास शुल्क का अपडेटेशन, इंटीग्रेशन परमिशन का निर्गमन ताकि किसी प्रकार की देरी न हो, चेकर्स एआईडी में बदलाव हेतु एडमिन अधिकार का उपयोग केवल हर माह 30 गलत असेसमेंट केस की जांच, वर्क मैनेजमेंट, प्रत्येक जोन में 200 प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट का वितरण, अपडेटेशन, प्रत्येक जोन द्वारा प्रतिमाह 1000 (बिना नाम की प्रॉपर्टी) को अपडेट करना, नियमित कॉलोनियों से विकास शुल्क की वसूली, प्रत्येक अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले निरीक्षकों की आपत्तियों, आईडी का रैंडम निरीक्षण कर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### सेक्टर 23 में नगर निगम द्वारा संपत्ति कर डेटा के स्व.प्रमाणीकरण हेतु शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों और निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के आदेशानुसार नगर निगम फरीदाबाद द्वारा संपत्ति कर इकाइयों के स्व.प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में दिनांक 6 सितंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक सेक्टर-23 स्थित कम्युनिटी सेंटर फरीदाबाद में शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों को अपनी संपत्ति का डेटा स्व.प्रमाणित करने की सुविधा दी जाएगी। निगम के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी राम किशन इंस्पेक्टर, सुमित क्लर्क, धर्मेन्द्र, रजत, दीपक नियुक्त किए गए हैं। शिविर का नोडल महेंद्र डागर, सहायक के पास जिम्मेदारी रहेगी।

---

कुरुक्षेत्र में बड़ी सभा का आयोजन होगा

# 26 सितंबर को पहुंचेगा कुरुक्षेत्र जत्था सीएम को सौंपा जाएगा सुझाव पत्रः प्रधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता अभियान जत्था मुख्य शहरों एवं कस्बों में होते हुए 26 सितंबर को कुरुक्षेत्र में पहुंचेगा और वहां एक बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा के द्वारा जागरूकता अभियान के दौरान आए सभी सुझावों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा सीटू की राज्य प्रधान सुनीता, उप प्रधान सुधा के नेतृत्व में चला जत्था फरीदाबाद ने बीके चौक, पाली चौंक से शुरू होते इस जत्थे ने सेक्टर-22, शिव दुर्गा विहार, भीम बस्ती, पल्ला सहित कई स्थानों पर सभाओं को संबोधित किया। सभाओं को आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की उप अध्यक्ष सुनीता, उपप्रधान सुधा, सचिव प्रवेश, जिला प्रधान हेमलता, अनीता, शाहीन परवीन, नीलम पूजा, सीमा, सुजाता, इंद्रावती, कुसुम लता चंद्रप्रभा, सुशीला, रानी, जूली, चांदनी, जिला कमेटी सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, जिला प्रधान निरंतर पराशर आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। इन आयोजनों में स्वास्थ्य विभाग, एनएचएम के अधिकारी, सरपंचों और जन प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों ने भी हिस्सा लिया।

---

# एप के जरिए एक लाख 30 हजार रुपए की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एप के जरिए कार रेंट पर देने के नाम पर एक लाख 30 हजार रुपए की ठगी के मामले में साईबर थाना सेंट्रल की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 78 फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने एप के जरिए एम.जी हेक्टर कार बुक की थी।

फिर एप की तरफ से उसे फोन आया जिसके बाद उसने 1 महीने के लिए 120000 रुपए में फॉच्यूनर गाड़ी बुक की जिसके दस हजार रुपए सिक्योरिटी के रुपए में मांगे गए थे। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने 130000 कि कुल धनराशि एडवांस में भेज दी थी। जिसके बाद उसको ना ही गाड़ी रेंट पर मिली और ना ही पैसे वापस मिलें। जिस संबंध में साइबर थाना सैंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना सैंट्रल कि टीम ने कार्रवाई करते हुए यश सलूजा निवासी जिला भोपाल मध्य प्रदेश व मयंक ठाकुर निवासी जिला छिन्दवाडा मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि ठगी के खाते में जो आईडी प्रयोग हुई है। वह यश सलुजा की है व मयंक ठगी के पैसो को एटीएम से निकालकर यश को देता था। यह एप यश सलुजा ने बनाई थी। यश 12वीं पास है व मयंक 11वीं पास है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



---


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गजेंद्र** पुत्र स्वर्गीय रणधीर सिंह निवासी मकान नं. 368, ग्राम रानी खेड़ा, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 965/18 धारा 323/341/506/34 भा.द.स., थाना अमन विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गजेंद्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गजेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 965/18 धारा 323/341/506/34 भा.द.स., थाना अमन विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **गजेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.12.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री निधि चिटकारा,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (उत्तर–पश्चिम),
कमरा नं. 109,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11722/RD/2025


---

जीएसटी दरों में कटौती दीपावली पूर्व लोगों को तोहफा

# जीएसटी दरों में कटौती से शहरवासी उत्साहित

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद

जीएसटी दरों में की गई अभूतपूर्व कटौती से शहर वासियों में उत्साह बना हुआ है। शहरवासी जीएसटी की दरों में की गई कटौती को दीपावली से पूर्व मोदी सरकार द्वारा दिए गए एक तोहफे के रूप में देख रहे है। जीएसटी दरों में कटौती से रोजमर्रा की चीजों के दामों में काफी कमी आएगी तथा एमएसएमई के लिए यह एक वरदान साबित होगी। काबिलेगौर यह है कि मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जीएसटी के रूप में भारी भरकम दरें लागू कर दी थी।

सरकार ने जीएसटी के चार स्लैब निर्धारित किए थे जिनमें पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत व लग्जरी आईटम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था। सरकार द्वारा लगाए गए जीएसटी से खजाने में हर तिमाही में लाखों करोड़ रुपए जमा होते रहे किंतु आम आदमी जीएसटी के चक्कर में इस कद्र पिसा की उसकी कमर ही टूट गई। व्यापारियों को तो एक व्यक्ति स्पेशल जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के लिए ही अलग से नियुक्त करना पड़ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के मौके पर जीएसटी में अमूलचूक बदलाव के संकेत तो दिए थे। आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित जीएसटी रिफार्म कमेटी की बैठक में जीएसटी स्लैब को दो स्लैब में निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में रोजमर्रा के काम में आने वाली जिन वस्तुओं पर 12 से 18 प्रतिशत जीएसटी लगता था अब उन वस्तुओं पर महज पांच प्रतिशत ही जीएसटी वसूला जाएगा यानि की रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी की दर कम लगने से इन वस्तुओं के दामों में भारी कमी आएगी जिससे गरीब व मध्यम वर्ग को बड़े स्तर पर राहत मिलेगी। इसके अलावा लग्जरियश आईटम पर लगने वाली 28 प्रतिशत जीएसटी दर को भी कम करके 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम की चहुंओर ओर भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है और खासकर मध्यम वर्ग व एमएसएमई में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### क्या कहते है अर्थ शास्त्री



आर्थिक मामलों के जानकार सीए मोहनलाल सोनी का कहना है कि जीएसटी दरों में कटौती करके सरकार ने भारतीय अर्थ व्यवस्था को और मजबूत करने का काम किया है। अब भारतीय अर्थ व्यवस्था 7 प्रतिशत जीडीपी से भी ऊपर की रेंटिंग प्राप्त करने में सफल हो जाएगी। सोनी ने सरकार के इस कदम को सराहनीय बताया है। उनका मानना है कि टैरिफ लगाने के बाद भारत को होने वाले अनुमानित 48 हजार करोड़ घाटे के बाद भी 7 प्रतिशत की जीडीपी लक्ष्य को भारत आसानी से हासिल कर लेगा और ट्रंप के टैरिफ के 50 प्रतिशत प्रभाव की भरपाई कर लेगा।

### क्या कहते है उद्योगपति

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य अरूण बजाज का कहना है कि जीएसटी दरों में कमी करके सरकार ने खासकर एमएसएमई को मजबूती देने का काम किया है। अब देश के लघु व मध्यम उद्योग विश्व पटल पर कंपटिशन कर भारत की अर्थ व्यवस्था में अहम योगदान अदा कर सकेंगे।

---

ननि के सैकड़ो कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

# सफाई कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द करने के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

11 सप्ताह के सफाई अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द करने के विरोध में तथा सफाई एवं सुरक्षा उपकरण व संसाधन उपलब्ध न करवाने व रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने को लेकर आज नगर निगम के सैकड़ो कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय उल्टी झाड़ू और काले झंडे के साथ निगम आयुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। निगम आयुक्त की अनुपस्थिति में कर्मचारी नारेबाजी करते हुए अशवीर नैन स्पेशल सैनिटेशन अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचे ओर जोरदार प्रदर्शन कर नाराजगी दिखाई ओर उनको ज्ञापन पत्र सौंपा। प्रदर्शन में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप महासचिव सुनील चिंडालिया, उप प्रधान कमला राज्य सचिव अनूप चिंडालिया, जिला प्रधान दिलीप बोहत व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार जागलान व सचिव युद्ध वीर सिंह खत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने की तथा मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव महेंद्र कुड़िया ने किया।

---


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में नैरो बैंड अल्ट्रा वॉयलेट बी फोटोथैरेपी मल्टीयूटिलिटी फोटोथैरेपी यूनिट की खरीद। | 03.09.2025 17.09.2025 | 1.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 2 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 04.09.2025 18.09.2025 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में 12 अदद लिफ्टों (मेक ओरबिस) हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान के लिए निविदा। | 04.09.2025 15.09.2025 | 24.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | बागवानी, आलू प्रौद्योगिकी केन्द्र, शामगढ़, करनाल | मिट्टी रहित मिनी ट्यूबर प्रोडक्शन के लिए 15 अदद नेट हाउसेज (विभिन्न आकार) में प्लास्टिक ट्रफ्स और वीड मेट की आपूर्ति व स्थापना। | 04.09.2025 12.09.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168696730 ptcshamgarh@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, रोहतक | गांव कानौंदा ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में ग्रामीण तालाब "पीपल लेट तालाब" का पुनरोद्धार, यूआईडी-- 01HRJJRBDG0033KANO005 + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.09.2025 | 472.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9781899554 constdivn19rtk@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, करनाल | साग्गा माइनर के साग्गा माइनर से टेल के हैड से भूमिगत एनपी3 पाइप बिछाना। | 28.08.2025 11.09.2025 | 70.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, चरखी दादरी | बाढ़ में उपयोग किए जाने 8" डाया (200 मिमी) के एचडीपीई पाइप्स के दोनों सिरे/साइड पर सामग्री सहित कपलर और टेल की आपूर्ति और फिटिंग। | बंद होने की तिथि 08.09.2025 | 0.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 8 | जिला परिषद, पानीपत | गांव शाहपुर ब्लॉक इसराना, जिला पानीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 30.08.2025 08.09.2025 | 45.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/160/38322/I/88/7 दि. 04.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 6 अदद रोड के सुधार का कार्य। (1) कलव्हेरी ऐप रोड पर 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (रोड आईडी 7224) लम्बाई 1.700 कि.मी. (2) आरडी 140 से 716 तक डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण, आरडी 0 से 60 तक सीसीबी और आरडी 60 से 140 तक न्यू सीसीबी को बाजिदपुर ऐप रोड पर पुनः बिछाना (रोड आईडी 7234) लम्बाई 0.716 कि.मी. (3) नबीपुर बंध ऐप रोड पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और न्यू सीसीबी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 7235) लम्बाई 2.120 कि.मी., (4) नन्हेड़ा से खेड़ा रोड पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11096) लम्बाई 0.800 कि.मी., (5) कुंजपुरा से जारोली रोड से मुगल माजरा पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (रोड आईडी 11107) लम्बाई 1.760 कि.मी.(6) आरडी 0 से 3550 तक मुखाला से गढी बीरबल रोड पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (रोड आईडी 11343) लम्बाई 3.352 कि.मी. + 1 कार्य। | 02.09.2025 11.09.2025 | 502.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में स्टोर में रखरखाव उपमण्डल, लोनिवि भ व प शाखा के तहत स्टोन मैटल (जी-II) 53 मिमी से 22.4 मिमी और 11.2 मिमी बजरी की आपूर्ति, संग्रहण और परिवहन का कार्य + 1 कार्य। | 02.09.2025 08.09.2025 | 14.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | अक्षमता वाले व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम के अनुरूप यमुनानगर जिले में जगाधरी में मौजूदा ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स में कमी पर काबू करने के लिए विशेष मरम्मत। | 02.09.2025 08.09.2025 | 36.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | लाढौत में एडब्ल्यूसी का निर्माण, जैडपी। | 01.09.2025 08.09.2025 | 12.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | अम्बेडकर भवन-2 का निर्माण + 1 कार्य। | 01.09.2025 08.09.2025 | 39.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | गांव बडेसरा में रावाली माता तालाब (01HRBHWBHW0053BADE106) का सौन्दर्यीकरण। | 01.09.2025 08.09.2025 | 29.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज पंचकूला | करणपुर टांडा – गांव करणपुर टांडा, ब्लॉक पिंजौर में हॉल 30×20 का निर्माण + 4 कार्य। | 01.09.2025 08.09.2025 | 110.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 8 | बागवानी, आलू प्रौद्योगिकी केन्द्र, शामगढ़, करनाल | कोकोपीट (<1MS/CM) की आपूर्ति। | 05.09.2025 16.09.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168696730 ptcshamgarh@gmail.com |
| 9 | बागवानी, सीओई पिनंगवा, नूह | सीओई, पिनंगवा, नूह में "प्याज पौध उत्पादन के लिए मेनियल कार्यों और जॉब रोल आधार पर अन्य केन्द्र कार्यों हेतु दर अनुबंध" के लिए ई-निविदा। | 04.09.2025 23.09.2025 | 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |
| 10 | बागवानी, आईएचडीसी होटल, पलवल | वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय समाचार-पत्र आईएचडीसी, होडल पलवल में "सब्जियों की पौध उत्पादन के लिए मेनियल कार्यों और जॉब रोल आधार पर अन्य केन्द्र कार्यों हेतु दर अनुबंध"। | 04.09.2025 16.09.2025 | 20000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 ddhihdchodal@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जेएलएन फीडर के आरडी 83000 पर मोई हैड कॉम्पलैक्स की पेंटिंग + 2 कार्य। | 01.09.2025 10.09.2025 | 17.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | विभिन्न फूड स्थलों की 03 सीएस. क्षमता के किर्लोस्कर मेक विद्युत पम्प सैट्स हेतु स्पेयर्स की आपूर्ति और 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 08.09.2025 | 2.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/240/38358/I/88/7 दि. 04.09.25



उत्तर पश्चिमी दिल्ली के झंगोला गांव के पास जीटी करनाल रोड फ्लाईओवर पर हुआ गड्ढा...




# कई निचले इलाकों में भरा पानी, लोगों को पहुंचाया जा रहा सुरक्षित स्थानों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के हथनी कुंड बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। यमुना का पानी निचले इलाकों में भरने के साथ-साथ कई मुख्य सड़कों पर भी पहुंच गया है। गुरुवार को मयूर विहार फेज एक जैसे कुछ निचले इलाकों में भी बाढ़ का पानी भर गया है, यहां तक कि वहां बने राहत शिविर भी जलमग्न हो गए हैं। मोनेस्ट्री मार्केट और यमुना बाजार जैसे इलाके अब भी जलमग्न हैं। वहीं बाढ़ का पानी दिल्ली सचिवालय के पास पहुंच गया। यमुना खादर के निचले इलाके जैसे बदरपुर खादर, गढ़ी मांडू, पुराना उस्मानपुर गांव, विश्वकर्मा कॉलोनी और प्रधान गार्डन बुरी तरह से बाढ़ से प्रभावित हैं। इन इलाकों में 4 फीट तक पानी भर गया है। वहीं निगमबोध घाट, पुराना लोहा पुल, आईएसबीटी, बुराड़ी से लेकर न्यू उस्मानपुर और नजफगढ़ के भी कुछ इलाकों में पानी घुस गया है। हजारों लोगों को निचले इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर बने राहत शिविरों में भेजा गया है। वहीं बढ़ते जलस्तर के कारण प्रभावित इलाकों में सांप जैसे जंगली जानवर भी देखे गए हैं। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि जलस्तर धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को दोपहर को यमुना का जलस्तर 207.47 मीटर पर था जो शाम को घटकर 207.42 पर आ गया था।

राजस्व विभाग के अनुसार बाढ़ से प्रभावित 8,018 लोगों को तंबुओं के बने आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया है, जबकि 2,030 लोगों को 13 स्थायी आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया है। सरकार ने जोर देकर कहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है और वह स्थिति पर 24 घंटे नजर रख रही है। पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क, गांधी नगर के कुछ हिस्सों में भी पानी घुस गया है, जिससे लोग सरकार की तरफ से स्थापित राहत शिविरों में बड़ी संख्या में विस्थापित लोग पहुंच रहे हैं, जहां उन्हें भोजन, पानी और चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ ने मंगलवार से अब तक बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों समेत लगभग 1,150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।



## मुख्यमंत्री ने की लोगों से अपील

दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने बाढ़ से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया है। नौकाओं का इस्तेमाल कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और सरकार की तरफ से जारी किए गए निर्देशों का पालन करें। लेकिन, प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## 13 नाले किए गए बंद, जल निकासी छोरों पर रखे गए बालू के बोरे

यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के बीच संभावित बाढ़ से निपटने के लिए एहतियातन कदम उठाते हुए प्रशासन ने दिल्ली के सभी 13 नालों को बंद कर दिया है। शहर में वासुदेव घाट से यमुना तट तक फैले वर्षा जल निकासी नालों के मुहानों पर बालू से भरे बोरे रख दिए गए हैं ताकि नदी का पानी शहर के निचले इलाकों में वापस न घुस सके।

## डीएमआरसी ने यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन यात्रियों के लिए किया बंद

नई दिल्ली। दिल्ली में इन दिनों बाढ़ के गंभीर हालात बने हुए है। बाढ़ ने जहां सड़क परिवहन का बाधित किया है वहीं अब दिल्ली मेट्रो पर भी इस विपरीत असर पड़ने लगा है। बाढ़ के चलते दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने गुरुवार को यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के गेट यात्रियों के लिए बंद कर दिए। हालांकि इस दौरान यमुना बैंक स्टेशन पर इंटर जांच सुविधा चालु रहेगी। यानी यात्री यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के अंदर उतरकर दूसरी लाइन के लिए मेट्रो पकड़ सकते है। लेकिन बाढ़ के चलते स्टेशन के प्रवेश व निकास द्वारों को एहतियात के चलते यात्रियों के लिए अगले आदेश तक बंद कर दिए है। इस बारे में डीएमआरसी अपने अधिकृत सोशल मंच एक्स से बकायदा पोस्ट कर यात्रियों को जानकारी दे रहा है। डीएमआरसी के अनुसार यमुना नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन तक आने जाने वाले रास्ते फिलहाल बंद है। ऐसे में यात्रियों को सलाह दी गई है कि वह अपनी यात्रा पर निकलने से पहले अस्थाई व्यवस्था को ध्यान मे ही रखकर अपनी सुविधानुसार वैकल्पिक मार्गों पर विचार जरूर करें।

## जलमग्न हुआ डीटीसी मुख्यालय

नई दिल्ली। दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात के बीच दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के आई पी डिपो स्थित मुख्यालय में भी पानी भर गया है। मुख्यालय परिसर में करीब 2-3 फुट तक पानी खड़ा हुआ है। मुख्यालय के साथ बहता नाला ओवरफ्लो होने व लगातार झमाझम बारिश के चलते जलभराव हुआ है। नाम न छापने की शर्त पर एक आला अधिकारी ने बताया कि अगर इसी तरह बारिश व यमुना में बाढ़ आती रही तो जल्द ही मुख्यालय भवन के अंदर पानी भर जाएगा। जिससे डीटीसी संबंधित भरे पड़े तमाम दस्तावेजों को भारी नुकसान हो सकता है। अधिकारी ने बताया कि मुख्यालय में पानी भरने की यह कोई पहली घटना नहीं है। गत कई सालों से ऐसा ही होता आ रहा है। जब भी मूसलाधार बारिश होती है तो डीटीसी मुख्यालय पानी पानी हो जाता है। क्योंकि मुख्यालय परिसर मुख्य सड़क व आस पास के क्षेत्र से नीचे है। साथ ही मुख्यालय की दीवार के पास ही एक नाला भी बहता है अकसर उसका गंदा पानी मुख्यालय परिसर में आसानी से घुस जाता है।

## बुराड़ी परिवहन अथॉरिटी में बाढ़ का पानी घुसा, कार्य बंद

नई दिल्ली। यमुना में बाढ़ के चलते बड़े नाले पानी बैक मारने लगे है। ऐसे में रिंग रोड स्थित बड़ा नाला ओवरफ्लो होने से उसका पानी बुराड़ी परिवहन अथॉरिटी में भरने से परिसर में बाढ़ का पानी भर गया है। जलभराव के चलते अथॉरिटी में ऑटो टैक्सी की फिटनेस जांच का कार्य ठप हो गया है और प्रशासन ने रविवार तक के लिए बुराड़ी अथॉरिटी को स्थाई रूप से बंद कर दिया है। परिवहन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय ने बुराड़ी परिवहन अथॉरिटी में पानी भरने से फिटनेस कार्य रोकने संबंधित नोटिस परिसर में लगा दिया है। ऐसे में ऑटो चालकों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मांग करते हुए अपील की है कि ऐसे में फिटनेस में देरी होने पर जुर्माना माफ करना चाहिए। इस मुद्दे पर ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन व ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशन वर्मा ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि बंद की वजह से देरी वाले वाहनों का जुर्माना माफ करना चाहिए।

## जीएसटी कम करने का व्यापारियों ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा गुड्स सर्विस टैक्स (जीएसटी) में कमी करने की खबर के बाद व्यापारियों व आम लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जीएसटी के चार में से दो स्लैब हटाने का दिल्ली के व्यापारियों ने दिल खोलकर स्वागत किया। वहीं आम जनता ने भी केंद्र सरकार को धन्यवाद कहा है। जबकि लोगों ने केंद्र सरकार से अपील की है कि पेट्रोल डीजल को भी जीएसटी में शामिल करें। लोगों का कहना है कि सरकार को थोड़ी राहत और देते हुए पैकिंग वाले मसालों व दालों आदि पर भी कमी करनी चाहिए। स्टेशनरी दुकानदार निशांत कुमार का कहना है कि स्टेशनरी के कई सामान से जीएसटी हटाने से पेंसिल, रबर, रबर कॉपियां, रजिस्टर आदि सस्ते होने का लाभ गरीब अभिभावकों व उनके बच्चों को मिलेगा। दोपहिया स्पेयर पार्टस कारोबारी विवेक तिवारी का कहना है कि मंदी के दौर में मोदी सरकार का जीएसटी दरें कम करने यह फैसला वाकई राहत देने वाला है। कार मैकेनिक अभिषेक झा ने जीएसटी घटाने पर सरकार का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उम्मीद है कि लोग अब राहत महसूस करेंगे। क्योंकि महंगे पुर्जों के चलते लोग लंबे समय तक कार आदि रिपेयर कराने से बचते थे। दवा विक्रेता धीरज कुमार पाल ने कहा कि अब जीवन रक्षक दवाइयों सहित अन्य के दाम घटने से गरीबों को बहुत फायदा होगा।

## रेलवे में आउटसोर्सिंग भर्ती, निजीकरण व पुरानी पेंशन बहाली पर कर्मचारियों के साथ कांग्रेस : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग भर्ती, अंधाधुंध निजीकरण करने व पुरानी पेंशन की बहाली करने के मुददे पर कांग्रेस पार्टी कर्मचारियों के साथ खड़ी है। कांग्रेस मांग करती है कि कोविड के दौरान जान गंवाने वाले हजारों रेलवे कर्मचारियों को कंद्र सरकार तुरंत मुआवजा देकर अपना फ़र्ज़ निभाए। यादव गुरूवार को दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में आयोजित नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फेडरेशन कांग्रेस समर्थित इंटक का हिस्सा है। यादव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की सोच हर देश के गरीब, एससी, एसटी और पिछड़ों की हर संभव मदद करने की रही है। इस अवसर पर यादव ने राहुल गांधी द्वारा अधिवेशन के लिए भेजा गया संदेश पढ़कर सुनाया। जिसमें लिखा था कि 1.3 मिलीयन रेलवे परिवार जो देश की रीढ़ की हड्डी है। लेकिन सरकार ने आपको मजबूत बनाने के लिए कुछ नही किया है। रेलवे के निजीकरण और कर्मचारियों की कांट्रेक्ट पर भर्ती करके देश को नुकसान पहुंचा रहे है, जबकि रेलवे करोड़ों लोगों के सुविधाजनक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था है। संदेश में लिखा था कि कोविड के दौरान जान गंवाने वाले हजारों रेलवे कर्मचारियों को मुआवजा तक नहीं दिया गया। प्रभावित लोगों को मानवता के आधार पर मुआवजा भी दिया जाना चाहिए।

## सोमवार से फिर हड़ताल पर दिल्ली के वकील

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वकीलों ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की चेतावनी दी है। जिला बार एसोसिएशनों की संयुक्त समिति के अध्यक्ष वी. के. सिंह व महासचिव अनिल कुमार बसोया ने घोषणा की है कि सरकार व दिल्ली पुलिस द्वारा कोई रचनात्मक कदम न उठाने के बाद मजबूरी में सोमवार से हड़ताल फिर शुरू होगी। क्योंकि गत दिनों हड़ताल के छठे दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में भरोसा मिला था कि जल्द ही इस मुद्दे का हल निकाला जाएगा। जिसके बाद हड़ताल वापस ली गई थी। लेकिन अब पुलिस प्रशासन द्वारा इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाने के चलते वापस हड़ताल ही विकल्प बचा है। इस बारे में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस द्वारा भेजे गए परिपत्र की संगठन कड़ी निंदा करता है जो केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप नहीं है। समिति की आज हुई आपात बैठक में निर्णय लिया गया है कि अब सोमवार 8 सितंबर 2025 से दिल्ली की सभी जिला अदालतों में पूर्णतः अनिश्चितकालीन कार्य-विरत (हड़ताल) रहेगी। इस मनमाने एवं अवैध अधिसूचना के विरुद्ध और भी तीव्र आंदोलन किया जाएगा। यह अधिसूचना न केवल स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सुनवाई की अवधारणा के विरुद्ध है, बल्कि जनविरोधी भी है और अभियुक्त के बचाव के अधिकार का हनन करती है तथा आज का परिपत्र केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के विपरीत है।

# शिक्षक हमारे राष्ट्र के शिल्पकार : रेखा गुप्ता

### सीएम ने 'विकास भी, विरासत भी' थीम पर एनडीएमसी की शैक्षिक पहल का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शिक्षक हमारे राष्ट्र के शिल्पकार हैं। उन्होंने कहा कि आज जो मूल्य और संस्कार, शिक्षक बच्चों के जीवन में बोते हैं, वही आगे चलकर भारत के भविष्य की भव्य तस्वीर को आकार देते हैं। जिस प्रकार एक छोटा सा बीज देखभाल और पोषण पाकर वटवृक्ष बन जाता है, उसी प्रकार शिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यार्थी मजबूत, जिम्मेदार और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने वाले नागरिक बनते हैं। यह बातें गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एनडीएमसी स्कूलों के नए पाठ्यक्रम की पहल का अनावरण करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नए पाठ्यक्रम का उद्देश्य केवल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विरासत को भी जोड़ा



गया है। यह पहल विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्यों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को अपनाकर हम एक बार फिर भारत की आर्थिक और सामाजिक नींव को और सशक्त बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बच्चों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व से अवगत कराना आवश्यक है। नदियों, जंगलों, पहाड़ों और जल-संसाधनों का संरक्षण सिखाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस अमूल्य धरोहर को संजो सकें। एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीएमसी ने हमेशा ही दिल्ली को स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि राजधानी को बेहतर बनाने के लिए हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के विज़न को साकार करना होगा। जिसमें पानी की हर बूंद बचाना, प्रदूषण पर नियंत्रण और यमुना नदी को उसकी प्राचीन गरिमा लौटाना हमारी साझा जिम्मेदारी है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर एनडीएमसी की नई शैक्षिक पहल 'विकास भी, विरासत भी' का शुभारंभ किया, जिससे एनडीएमसी स्कूलों के 28 हजार से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे और इस अवसर पर एनडीएमसी के 15 शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

### नए बदलावों में हर वर्ग का रखा गया ध्यान

# जीएसटी में बदलाव अर्थव्यवस्था में मील का पत्थर होगा साबित: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जीएसटी काउंसिल के नए सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाले हैं और आने वाले वर्षों में यह मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी को पूरी तरह से शून्य करने को भी एक ऐतिहासिक कदम बताया। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद घोषित नए सुधारों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली के नागरिक इन सुधारों का हृदय से स्वागत करते



हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्णयों से आम नागरिक को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हर नागरिक स्वतंत्र रूप से अपना जीवन बीमा ले सकेगा, अपनी जिंदगी को मूल्य दे सकेगा। यह कदम न केवल आर्थिक सुरक्षा देगा बल्कि सामाजिक न्याय को भी सशक्त करेगा। शिक्षा क्षेत्र में राहत की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी खत्म करना विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा सस्ती और सुलभ होगी तथा हर बच्चा बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकेगा। नए बदलावों में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

## जीएसटी छूट से देश और दिल्ली दोनों को मिलेगा व्यापक लाभ

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कृषि क्षेत्र और नवीकरणीय ऊर्जा पर दी गई जीएसटी छूट से देश और दिल्ली दोनों को व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार लंबे समय से सौर ऊर्जा और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है और यह निर्णय उन प्रयासों को नई गति देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि काउंसिल की बैठक में प्रत्येक बिंदु पर गहन विचार-विमर्श के बाद जो फैसले लिए गए, वे न केवल दूरदर्शी हैं बल्कि देश की आर्थिक विकास यात्रा में बेहद मजबूत कदम साबित होंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस इस विषय को भी राजनीति से जोड़ रही है। यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि देश और नागरिकों के हित में उठाए गए इन कदमों का समर्थन करने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सुधारों से दिल्ली सहित पूरे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, नागरिकों का जीवन आसान होगा और भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ा कदम आगे बढ़ाएगा।

## दिल्ली के सांसदों ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण का जताया आभार



**नई दिल्ली।** जीएसटी में सभी आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स की दरें कम करने पर दिल्ली के सभी सातों सांसदों बांसुरी स्वराज, हर्ष मल्होत्रा, मनोज तिवारी, प्रवीण खंडेलवाल, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत और योगेंद्र चंदोलिया ने गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात कर उनका आभार जताया। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि दिल्ली के सांसदों ने गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की।

लीक से हटकर / शिखर चंद जैन

बच्चो, अपने देश में सामान्य स्कूलों से हटकर कुछ ऐसे स्कूल हैं, जहां बच्चों को शिक्षा बहुत अलग ढंग से दी जाती है। इन स्कूलों में बच्चे सिर्फ किताबी शिक्षा नहीं पाते, वे प्रकृति से जुड़कर और अन्य माध्यमों से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, रचनात्मक बनते हैं। साथ ही शिक्षा एक आनंद के साथ ग्रहण करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे स्कूलों के बारे में।

# ये अनोखे स्कूल

## पढ़ने, वाद-विवाद के माध्यम से शिक्षण

### लेवलफील्ड स्कूल, पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हुस्नाबाद गांव में स्थित लेवलफील्ड स्कूल की स्थापना




भारतीय शिक्षा प्रणाली के पारंपरिक तरीकों से अलग कुछ अनोखे ढंग से छात्रों को शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई है। यह स्कूल रटने या पाठ्य पुस्तक-आधारित शिक्षा पर ही केंद्रित रहने के बजाय पढ़ने, चर्चा करने, वाद-विवाद और मल्टीमीडिया तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देता है। चाहे अंग्रेजी हो, गणित हो या कोई और विषय, सीखने के लिए पहेलियों, एप्स और खेलों का उपयोग किया जाता है। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे छोटी उम्र से ही एनिमल फार्म, गुलिवर्स ट्रैवल्स और मैकबेथ जैसी क्लासिक किताबें पढ़ते हैं, इन पर चर्चा करते हैं। उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित फिल्में भी दिखाई जाती हैं। इस स्कूल के संस्थापक अर्घ्य बनर्जी बताते हैं, 'इस तरह की एक्टिविटीज का उद्देश्य चीजों को जीवंत बनाना और उन्हें आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करना है।' *



## नॉलेज के साथ एंज्वॉय कराती स्टडी

### द यलो ट्रेन स्कूल, तमिलनाडु

**तमिलनाडु में** कोयंबटूर के शांत और हरे-भरे क्षेत्र में स्थित द यलो ट्रेन स्कूल बच्चों को बहुत ही प्रेरणादायक और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करता है। स्कूल कैंपस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह बच्चों को रचनात्मकता और उनकी स्वतंत्रता के लिए प्रोत्साहित करता है। खेतों में घूमना, वन्यजीवों के बारे में सीखना, वाद्ययंत्र बजाना, गलियारों में टायर पर झूलना, मिट्टी के बर्तन बनाना जैसे कई इंटरेस्टिंग एक्टिविटीज में बच्चे शामिल होते हैं।

यहां के टीचर्स अपने स्टूडेंट्स से दोस्तों की तरह व्यवहार करते हैं। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे नॉलेज गेन करने के साथ-साथ खूब एंज्वॉय भी करते हैं। यहां पाठ्य पुस्तकों, कोर्स की तैयारी के साथ-साथ बच्चों के ओवरऑल पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर भी ध्यान दिया जाता है। *

## झील पर तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय

### लोकटक लेक स्कूल, मणिपुर

**अजीब-सी** बात लग सकती है, पानी में तैरता हुआ स्कूल! लेकिन यह सच है।



मणिपुर राज्य का लोकटक लेक स्कूल, ऐसा ही एक अनोखा स्कूल है, जो पानी पर तैरता है। यह भारत का पहला तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय है, जो लोकटक झील के ऊपर फुमदी (पानी में तैरते हुए वनस्पति के बड़े-बड़े टुकड़े) पर बना है। इस स्कूल को केवल दो शिक्षकों द्वारा चलाया जा रहा है। इस स्कूल में वे स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं, जो झील के किनारे रहते हैं। स्थानीय लोग और छात्र पर्यावरण-अनुकूल (ईको-फ्रेंडली) तरीकों को अपनाते हैं, जैसे सौर पैनल और वर्षा जल संचयन, ताकि झील के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखा जा सके। इस अनोखे स्कूल की शुरुआत ऑल लोकटक लेक एरियाज फिशरमैन यूनियन, मणिपुर (ALLAFUM) और पीपल रिसोर्सेज डेवलपमेंट एसोसिएशन ने मिलकर की है। *

## मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल

### चिराग स्कूल, उत्तराखंड



**उत्तराखंड के** नैनीताल जिले के सिमायल गांव के निकट ओडाखान में स्थित चिराग स्कूल की स्थापना 2006 में हुई थी। यह आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए एक हिंदी माध्यम का स्कूल है। यह स्कूल 'चिराग' नामक एनजीओ द्वारा संचालित किया जाता है। शिक्षा शास्त्री कनाई लाल ने हिमालय की गोद में इस स्कूल की शुरुआत की थी। उनका लक्ष्य बच्चों को मिट्टी के घरों से लेकर माइक्रोचिप्स तक, हर चीज की एक अनूठे अंदाज में समग्र समझ प्रदान करना था। यह स्कूल मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल है। इस अनोखे स्कूल का डिजाइन आस-पास के तीन गांवों के निवासियों, शिक्षकों और युवाओं की भागीदारी के माध्यम से विकसित हुआ है। *

## दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण

### वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल, मध्य प्रदेश



**बच्चो, तुम्हें** जानकर आश्चर्य होगा कि अपने देश में एक स्कूल ऐसा भी है, जहां पढ़ने वाले बच्चे एक नहीं, दोनों हाथों से लिखते हैं। इससे भी बड़ी हैरानी की बात यह है कि ये बच्चे दोनों हाथों से एक साथ अलग-अलग भाषाओं में लिखते हैं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से 15 किलोमीटर दूर बुधेला नामक स्थान पर वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल के 100 से ज्यादा विद्यार्थी दोनों हाथों से लिखने की कला में माहिर हैं। इस स्कूल की शुरुआत 1999 में की गई थी। इस स्कूल को विरंगत शर्मा ने शुरू किया था। वह बताते हैं, 'मुझे यह सीख देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से मिली। यहां छात्रों को पहली कक्षा से ही दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें छह अलग-अलग भाषाएं भी सिखाई जाती हैं।' *

प्रतिभा / अंजू जैन

# असाधारण मेधा शक्ति वाले नन्हे शिक्षक

बच्चो, तुम्हारी ही उम्र के कई ऐसे बच्चे हैं, जिनका ज्ञान देखकर आश्चर्य होता है। अपने विषय की गहन जानकारी रखने वाले ये प्रतिभावान और ज्ञानी बच्चे किसी शिक्षक से कम नहीं हैं। मिलो, ऐसे ही प्रतिभावान तीन बच्चों से।

## अवि शर्माः बालमुखी रामायण का रचयिता और वैदिक गणित का ज्ञाता



**इंदौर, मध्य प्रदेश** के अवि शर्मा ने सन 2022 में मात्र 12 वर्ष की आयु में हिंदी में 'बालमुखी रामायण' लिखी। अवि द्वारा लिखे गए इस ग्रंथ में 250 छंदों के साथ रामायण की प्रमुख घटनाओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। अवि वैदिक गणित के सबसे युवा प्रशिक्षकों में से भी एक है। उसने करीब 150 छात्रों को वैदिक गणित सिखाया है। इन सबके अलावा अवि ने एक आवाज-संचालित कंप्यूटर प्रोग्राम 'माधव' (माय एडवांस्ड डोमेस्टिक हैंडलिंग एआई वर्जन) विकसित किया है, जो विभिन्न भाषाओं में काम करता है। इसे बनाने में अवि को मात्र दो सप्ताह का समय लगा था। 2022 में अवि को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उसने वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की और उन्हें गीता के श्लोक सुनाए। साल 2023 में, इंदौर गौरव दिवस पर मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अवि शर्मा को सम्मानित किया था। *

## कृतिन गुप्ता : पढ़ा रहा आईआईटी लेवल की मैथमेटिक्स



**दिल्ली का** रहने वाला कृतिन गुप्ता अपनी उम्र से कहीं आगे की बुद्धि रखता है। वह छोटी उम्र से ही गणित में रुचि लेने लगा था। जब कृतिन दस वर्ष का था, तभी से वह स्टूडेंट्स को आईआईटी लेवल का गणित पढ़ाने लगा था। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में अपनी उम्र से काफी बड़े छात्रों को गणित पढ़ाने के कारण कृतिन को 'ग्रैंड मास्टर' के नाम से भी जाना जाता है। कृतिन बीते पांच वर्षों से स्कूल ही नहीं, कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी गणित पढ़ा रहा है। कृतिन का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

## कौटिल्य पंडितः जनरल नॉलेज का मास्टर



**हरियाणा के** करनाल जिले के कोहंड गांव में जन्मा कौटिल्य पंडित मात्र 5 वर्ष की आयु में ही विश्व के प्रत्येक देश की सीमाओं, क्षेत्रों और अन्य विवरणों को मौखिक रूप से याद कर चुका था। साथ ही सौरमंडल के प्रत्येक ग्रह और उपग्रह के नाम और आकार भी उसे जुबानी याद थे। इसके अलावा गणित, करेंट टॉपिक्स, इतिहास, सामान्य ज्ञान सहित अनेक विषयों पर भी कम उम्र में ही उसकी अच्छी पकड़ थी। उसकी असाधारण बुद्धि और विलक्षण ज्ञान के कारण लोग उसे 'गूगल ब्वॉय' के नाम से बुलाने लगे थे। कौटिल्य समय-समय पर विशेष वर्कशॉप में बच्चों को पढ़ाता भी है। जनवरी 2020 में गूगल ब्वॉय कौटिल्य ने चाइल्ड प्रोडिजी पुरस्कार जीता। अब 17 साल के हो चुके कौटिल्य पंडित का चयन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, लंदन में मास्टर ऑफ फिजिक्स कोर्स के लिए हुआ है। इसके लिए कौटिल्य को 25 लाख की स्कॉलरशिप भी मिली है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, कुछ ही समय पहले बाल कहानियों की एक किताब आई है, जिसका नाम है- गूंगी गुड़िया। इसमें कुल बारह कहानियां हैं।

ये ऐसी कहानियां हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने को मिलेगा। यही नहीं ये सारी कहानियां तुमको समझदार भी बनाएंगी। पहली कहानी 'गूंगी गुड़िया' में तुम पढ़ोगे कि चिंकी किस तरह से मेले में खो जाती है और अपराधियों के चंगुल में फंसने के बाद भी हिम्मत नहीं हारती। फिर समझदारी और बहादुरी से बच निकलती है। 'सच्चे संगी साथी' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह मुश्किल समय में आदित्य के दोस्त उसकी मदद करते हैं? कुछ बच्चे स्मार्टफोन पर गेम्स खेलते रहते हैं या उनको फोन से फोटो क्लिक करने में बड़ा मजा आता है। लेकिन ऐसा करने के चक्कर में लापरवाही बरतना किस तरह खतरनाक हो सकता है, इसे तुम 'लाइक, कमेंट का चक्कर' कहानी में पढ़ सकते हो। इनके अलावा 'रोटी के बदले समोसे', 'काल करे सो आज कर' और 'जब तान्या शर्मिंदा हुई' कहानियों में भी तुम्हें अच्छी सीख मिलेगी। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी हैं। *




**किताब :** गूंगी गुड़िया (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका :** इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्य :** 200 रुपए, **प्रकाशक :** भव्या पब्लिकेशन, भोपाल

## हंसगुल्ले




**टीचर:** दो समानांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**रोहन:** मैम, क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-दीपक, धमतरी

**साइंस टीचर:** बच्चो, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।
**कुणाल:** सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?
-ज्योत्सना, रोहतक

## जीके क्विज-169

1. हाल में किस भारतीय महिला तीरंदाज ने जूनियर विश्व तीरंदाजी खिताब जीता?
2. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
4. पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले लेखक कौन थे?
5. दुनिया के किस शहर को हीरे की राजधानी कहा जाता है?
6. ब्रिटिश भारत के प्रथम वायसराय कौन थे?
7. भारत का सबसे बड़ा स्टेडियम कौन सा है?
8. हाल में देश में निर्मित पहले माइक्रोचिप का क्या नाम है?
9. सूर्य की किरणों से हमें कौन-सा विटामिन मिलता है?
10. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-169 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-168 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.मेजर ध्यानचंद, 3.अभिनव बिंद्रा, 4.टेबल टेनिस, 5.खेल प्रशिक्षक (कोच), 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.ग्यारह, 8.टेनिस, 9.क्रिकेट, 10.मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

**जीके क्विज-168 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, अजित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, हर्षिता-रायपुर, अजय-बिलासपुर, दीपक-रायगढ़, सुशील-बालोद, सौम्या-धमतरी, राकेश-महासमुंद



कहानी
पूर्ति खरे

रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ टीचर-टीचर खेल रही थी। रैना टीचर बनी थी रिद्धि स्टूडेंट। रैना के एक सवाल के जवाब में रिद्धि ने कह दिया, 'शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।' यह बात वहां बैठे रैना के दादा जी ने सुन ली। उन्होंने रिद्धि को खेल-खेल में ऐसा सबक सिखाया कि उसे अपने कहे पर बहुत पछतावा हुआ।

# खेल टीचर-टीचर का



रविवार की एक दोपहर रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ बरामदे में टीचर-टीचर वाला खेल, खेल रही थी। वहीं बरामदे में दूसरी ओर कुर्सी पर रैना के दादा जी अखबार पढ़ रहे थे। वे बीच-बीच में उनका खेल बड़े ध्यान से देख रहे थे। इस खेल में रैना टीचर थी, उसकी सहेली रिद्धि स्टूडेंट। टीचर बनी रैना अपने दादा जी का पुराना टूटा हुआ चश्मा पहन कर मैडम वाले अंदाज में सवाल पूछ रही थी, 'रिद्धि बताओ, शिक्षक दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?'

'नहीं पता! वैसे भी शिक्षक दिवस है तो शिक्षकों को ही पता होगा, मुझे इससे क्या मतलब, मैं तो स्टूडेंट हूं।' रिद्धि सवाल का मजाक बनाती हुई बोली।

रैना ने पहले प्रश्न का उत्तर देते हुए दूसरा प्रश्न पूछा, 'पांच सितंबर को मनाया जाता है शिक्षक दिवस। अच्छा! चलो यह बताओ कि यह दिवस क्यों मनाया जाता है?'

रिद्धि सवाल पर रिद्धि फिर हंसती हुई बोली, 'फालतू में मनाया जाता है, क्योंकि शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।'

रिद्धि बहुत शरारती बच्ची थी, दूसरों की हंसी उड़ाना उसकी आदत थी। उधर टीचर का परिहास होता देख दादा जी को बहुत गुस्सा आया, उन्होंने मन ही मन में तय किया कि वे रिद्धि को उसकी गलती का एहसास कराएंगे। दादा जी भी दोनों बच्चियों के इस टीचर-टीचर वाले खेल में शामिल हो गए, बोले, 'रिद्धि, तुम लोगों का खेल तो बड़ा अनोखा है। अब ऐसा करो, मैं और रैना स्टूडेंड बनते हैं और तुम टीचर बन जाओ।'

दादा जी को स्टूडेंड बनता देख रिद्धि टीचर बनने को तुरंत राजी हो गई। अब रिद्धि ने दादा जी का पुराना चश्मा पहना और टीचर के अंदाज में बोली, 'चलो! सब अपनी-अपनी ड्रॉइंग कॉपी निकाल कर शेर का चित्र बनाओ।'

दादा जी और रैना चित्र बनाने लगे। दादा जी ने शेर की जगह लोमड़ी का चित्र बना दिया। रिद्धि उनका चित्र देखकर बोली, 'यह तो लोमड़ी का चित्र है, मैंने शेर बनाने को कहा था। इसे मिटाकर फिर बनाओ।' लेकिन दादा जी ने नहीं सुनी, वह लगातार अलग-अलग जानवरों के चित्र बनाते रहे लेकिन शेर का चित्र उन्होंने नहीं बनाया। रिद्धि यह देखकर सिर पर हाथ रख कर बैठ गई। दादा जी बोले, 'रिद्धि टीचर! मुझे शेर बनाना नहीं आता, प्लीज आप बताओ ना कि कैसे बनाते हैं शेर?' रिद्धि को शेर बनाना नहीं आता था, इसलिए वह बात को टालते हुए बोली, 'ऐसा करो फूल बना दो।'

'पर मुझे फूल बनाना भी नहीं आता टीचर!' दादा जी बच्चे जैसे अंदाज में बोले।

रिद्धि खीझ कर बोली, 'तो ऐसा करो, कुछ मत करो, बस मुंह पर चुपचाप अंगुली रख कर बैठ जाओ।'

दादा जी कहां मानने वाले थे, उन्होंने बच्चों की तरह गुस्सा कर अपनी और रैना की कॉपी फाड़ दी और जोर-जोर से रोने लगे। रिद्धि उन्हें चुप करा-करा कर थक गई, पर वे चुप नहीं हुए। थक-हार कर वह बोली, 'मुझे नहीं बनना कोई टीचर-टीचर, यह मेरे बस का काम नहीं है। ऐसे शैतान बच्चे को मैं नहीं पढ़ा सकती।'

रिद्धि की बात पर दादा जी नॉर्मल होकर बोले, 'क्यों अब समझ आया कि शिक्षक बनना कितना मुश्किल है? जरा-सी देर तुम एक शैतान बच्चे को नहीं संभाल पाईं। सोचो शिक्षक तो रोज ऐसे कई बच्चों को अकेले संभालते हैं। जब मुझसे शेर का चित्र नहीं बना तो तुमने इस बात को टाल दिया पर शिक्षक ऐसे बातों को टालते नहीं हैं। वे अपने विद्यार्थी के हर सवाल का हल बताते हैं, उसकी हर जिज्ञासा को शांत करते हैं।'

रिद्धि, दादा जी का सबक समझ गई थी। वह शर्मिंदा होकर चेहरे को लटका कर खड़ी थी। दादा जी आगे बोले, 'तुम अभी कह रही थीं कि शिक्षक डांटने और पढ़ाने के सिवाय करते ही क्या हैं? तो सुनो कि शिक्षक क्या करते हैं और क्या होते हैं?' एक शिक्षक की भूमिका कितनी बड़ी होती है, दादा जी ने रिद्धि को विस्तार से बताया, 'जो हमें ज्ञान का पाठ पढ़ा कर जीवन को सही ढंग से जीना सिखाते हैं, वे होते हैं शिक्षक। जो सही-गलत के बीच का भेद बताते हैं, वे होते हैं शिक्षक। अरुचि को रुचि में, आलस्य को ऊर्जा में, अंधकार को प्रकाश में, मूर्खता को विवेक में, कमजोरी को शक्ति में बदल देने वाला यदि कोई है तो वह शिक्षक है।'

अपने बर्ताव पर रिद्धि को बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई, वह बोली, 'दादा जी! माफ करें, अब से मैं हर शिक्षक का सम्मान करूंगी। सदा उनके बताए गए मार्ग पर चलूंगी।'

दादा जी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले, 'बात केवल सम्मान की नहीं है रिद्धि बेटा! बात है शिक्षक के महत्व को समझने की। तुम्हारे शिक्षक हर मौसम में, अपनी व्यक्तिगत परेशानियों को किनारे करके तुम सबको पढ़ाते हैं। विषय कितना भी अरुचिकर क्यों न हो, उसे वे सदा रोचकता से पढ़ाने की कोशिश करते हैं। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं, शिक्षक आने वाले कल का, तुम सबके निर्माणकर्ता होते हैं, तभी तो महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।' *

कविता
शिवचरण चौहान



## शिक्षक

विद्यालय में हमें पढ़ाते
वह शिक्षक हैं कहलाते।
एक-एक अक्षर हमको
पढ़ना-लिखना सिखलाते।।
गणित और विज्ञान पढ़ाते
हिंदी के संग अंग्रेजी।
जब वे पढ़ाएं हमको तो
आती है बुद्धि में तेजी।।
पढ़ा-लिखा कर बचपन में
हमको करते हैं तैयार।
कहते आगे बढ़ना सीखो
कभी न मानो हार।।
ऐसे ज्ञानी शिक्षक सब में
होते हैं बहुत महान।
आज शिक्षक दिवस पर
हम करते उनका सम्मान।।

## रंग भरो-184

**रंग भरो-184** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




डिंपल, दुर्ग


आशना, जांजगीर


देवांश, भिवानी


केशव, जांजगीर


आदित्य, खैरागढ़


सानवी, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सानवी-बिलासपुर, समृद्धि-शहडोल, अभिषेक-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राहुल-करनाल, सौम्या-बिलासपुर, यतीश-कोरबा, हर्ष-बालोद

## रंग भरो 185



बच्चो, यहां दिए गए रेखाचित्र में सार्थक को उसकी ट्यूशन टीचर पढ़ा रही हैं। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# आज अयोध्या आएंगे भूटान के प्रधानमंत्री, श्रीरामलला, हनुमानगढ़ी के करेंगे दर्शन

5 सितंबर को भूटान के प्रधानमंत्री अयोध्या आएंगे। यहां वह श्रीरामलला, हनुमानगढ़ी समेत प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन करेंगे। इसको लेकर रामनगरी में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर एटीएस और एसटीएफ की निगरानी रहेगी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे शुक्रवार को अयोध्या के दौरे पर आ रहे हैं। उनका यह दौरा धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे भारत पहुंच चुके हैं। वे इस समय बिहार प्रवास पर हैं। पांच सितंबर की सुबह लगभग 9:30 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरेंगे।

महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से लगभग 15 किलोमीटर दूर उनके काफिले को प्रयागराज और लखनऊ-गोरखपुर हाईवे होते हुए राम मंदिर लाया जाएगा। इस दौरान हाईवे की एक लेन पर आवागमन बंद रहेगा। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पीएसी, सीआरपीएफ, एसएसएफ और सिविल पुलिस सभी को उनकी सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। सभी सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट पर रखा गया है। इसके साथ ही एटीएस और एसटीएफ भी उनकी यात्रा की निगरानी करेंगी।

दर्शन व्यवस्था को लेकर की जा रही समीक्षा



### अयोध्या में सुरक्षा प्रबंध

*3 से 6 सितंबर तक भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे अपनी पत्नी ओम ताशिम डोमा के साथ भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उनका भारत दौरा 6 सितंबर को खत्म हो जाएगा। अयोध्या में उनके आने को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। दासो शेरिंग टोबगे इससे पहले भी भारत आ चुके हैं। वो 21 और 22 फरवरी को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए थे। उस दौरान उन्होंने स्कूल ऑफ लीडरशिप के पहले लीडरशिप कॉन्क्लेव में भाग लिया था।*

### रेड कार्पेट पर जिला प्रशासन करेगा स्वागत

*यही नहीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय भी भूटान के प्रधानमंत्री की यात्रा की निगरानी कर रहा है। करीब चार घंटे के प्रवास के दौरान वे श्रीरामलला, हनुमानगढ़ी और अयोध्या के प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री का स्वागत जिला प्रशासन की ओर से रेड कार्पेट पर किया जाएगा। इसके साथ ही उनके सम्मान में विशेष दोपहर भोज का भी आयोजन किया गया है। इस स्वागत समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के कृषि मंत्री और कुछ केंद्रीय मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है। दौरे की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने स्वयं रामजन्मभूमि परिसर और अन्य स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा भी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।*

## खबर संक्षेप

### सीएम की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट, गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** यहां सीएम योगी की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घटना मल्हीपुर थाना क्षेत्र के मजरा दरवेश गांव की है। दिलशाद सलमानी ने सीएम की आपत्तिजनक फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की। पोस्ट के वायरल होने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।

### एससी-एसटी छात्रों को 2% ही मिलेगा आरक्षण



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जालौन, कन्नौज अंबेडकरनगर और सहारनपुर के मेडिकल कॉलेजों में नई काउंसलिंग के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से एक सप्ताह में हलफनामा मांगा है, जिसमें अगले शैक्षिक सत्र से 2006 की आरक्षण व्यवस्था के आधार पर ही इन मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिए जाएंगे।

### संविदा कर्मियों को हटाने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की मातृ वंदना योजना में जिला कार्यक्रम सहायक और जिला कार्यक्रम समन्वयक के पदों पर संविदा पर कार्यरत दो कर्मचारियों को पद से हटाने पर रोक लगा दी है। दोनों कर्मचारी वर्तमान में फिरोजाबाद में कार्यरत हैं। कोर्ट ने कर्मचारियों को वेतन भुगतान जारी रखने और बकाया वेतन का भुगतान करने का आदेश दिया है।

## सीएम योगी ने किया गीडा क्षेत्र में 2251 करोड़ के निवेश व विकास परियोजना का शिलान्यास

# जाति के नाम पर बांटने वाले नहीं करा सकते विकास, गुंडा टैक्स सपा सरकार का संस्कार

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

यूपी में सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा, व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपए के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण के मौके पर उन्होने कहा कि निवेश की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिंग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर, पूर्वी यूपी और यूपी में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं। रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है।

यूपी में सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा, व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था



### शताब्दी संकल्प का मंत्र बनेगा 'विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश'

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप 2047 तक विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और हर जनपद के हर निकाय, गांव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सबके योगदान का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प का मंत्र बनेगा। विकसित भारत का विजन हर तबके की खुशहाली, हर हाथ को काम देने का माध्यम है। 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने के लिए ही 13-14 अगस्त को विधानमंडल में लगातार 24-25 घंटे चर्चा हुई। इसके अगले क्रम में 300 से अधिक बुद्धिजीवी हर जिले में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि एक आम नागरिक भी विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विजन डॉक्यूमेंट में क्यूआर कोड से अपने सुझाव दे सकता है।*

### 15000 से अधिक युवाओं को नौकरी देने जा रहा गीडा

*सीएम योगी ने गीडा की वर्तमान और आगामी निवेश परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन निवेश परियोजनाओं से गीडा 15000 से अधिक लोगों को रोजगार देने जा रहा है। युवाओं को अपने घर के पास ही रोजगार मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन औद्योगिक भूखंडो का आवंटन हुआ है उससे 5903 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और दस हजार लोगों को नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गीडा कभी सहजनवा तक सीमित था आज उसका विस्तार पिपरौली से होते हुए धुरियापार तक हो गया है।*

### 281 करोड़ रुपए के अवस्थापना विकास कार्यों की मिली सौगात

*गीडा द्वारा विभिन्न सेक्टर्स 281 करोड़ रुपए की अवस्थापना विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराया गया। इसमें गीडा क्षेत्र में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं जैसे सड़क, नाली, पुलिया, स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत तंत्र के निर्माण से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।*

## डीएमए की कार्यकारिणी घोषित डॉ. अमित व्यास बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

- सुरक्षा और युवा नेतृत्व पर रहेगा जोर, राष्ट्रीय टीम में युवा और अनुभवी डॉक्टरों को किया शामिल



**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया) ने मौजूदा सत्र के लिए अपनी राष्ट्रीय कोर कमेटी की घोषणा की है। डॉक्टर्स और मेडिकल छात्रों के अधिकारो और कल्याण के लिए समर्पित डीएमए में कई नए चेहरे शामिल हैं। वर्ष 2025-26 में मेडिकल समुदाय की सुरक्षा और सम्मान पर खास जोर दिया जाएगा। नई टीम में अनुभवी विशेषज्ञों के साथ ही समर्पित युवा चिकित्सकों को शामिल किया गया है। डॉ. अमित व्यास को राष्ट्रीय प्रमुख एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। डॉ. भानु कुमार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा डॉ. शुभ प्रताप सोलंकी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। डॉ कंचन दोचानिया, डॉ कमल सिंह, डॉ नवाज़िश हुसैन ख़ान एवं डॉ मुकेश कुमार को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव का पद मिला है। राष्ट्रीय प्रवक्ता पद पर डॉ. सुमित कुमार सुमन और डॉ. इशिका मलिक की नियुक्ति हुई है। राष्ट्रीय संयोजक डॉ मानसी पूनिया,डॉ प्रांशु श्रीवास्तव एवं डॉ चिराग़ गुप्ता रहेंगे। राष्ट्रीय वित्त सचिव का दायित्व डॉ बाहुल्य नागपाल को सौंपा गया है। साथ ही, डॉ शेख आमिर (फॉरेंसिक विभाग) एवं डॉ राहुल चावला (न्यूरोलॉजिस्ट) को राष्ट्रीय फैकल्टी, दीपक राठी (नेशनल आरटीआई सेल हेड), प्रसून सोलंकी एवं पीयूष कुमार(लीगल एडवाइजर), के नामो की घोषणा की गई है। डॉ उज्ज्वल राज,डॉ आदर्श त्रिपाठी, डॉ बासु गुप्ता और डॉ दिवजोत सिंह को जेआर सचिव बनाया गया है।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल में विद्युत कोच की मांग पर प्राथमिक आधारित विशेष/त्योहार विशेष/ट्रेन में एसी कोचों पर रखरखाव और एस्कॉर्टिंग ड्यूटी निर्धारित करना। |
| निविदा संख्या | 30–विद्युत–3टी–कोचिंग–2025–26 |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | 2,11,99,904.59 रुपये |
| निविदा प्रपत्र की लागत | 0.00 रुपये |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कोचिंग/उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयान राशि | रु. 2,56,000/– |
| कार्य पूरा होने की अवधि | 12 महीने |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 26.09.2025 को 15.00 बजे तक |
| और निविदा खोलने की तिथि | 26.09.2025 को 15.01 बजे |
| वेबसाइट और सूचना पट्ट | www.ireps.gov.in और वरिष्ठ डीईई/कोचिंग/डीएलआई |

2693/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| एनआईटी | 80,81,82,83,84,85,87,88-2025-26-WIV | |
| | क्रमांक | |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | 80 | एसएसई/पी.वे/जींद खंड में मुख्य लाइन के ट्रैक के रखरखाव के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक जोन। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 81 | एसएसई/पी.वे/जाखल खंड में मुख्य लाइन के ट्रैक के रखरखाव के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक जोन। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 82 | एक वर्ष की अवधि के लिए एसएसई/पी.वे/एमएसजेड के खंड में मुख्य लाइन के ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 83 | एसएसई/पी.वे/बीजीजेड के खंड में ट्रैक के दिन–प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र एक वर्ष की अवधि के लिए 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 84 | एक वर्ष की अवधि के लिए ट्रैक अबो–आरई खंड के दिन–प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 85 | एसएसई/पी.वे/आरओके अनुभाग में ट्रैक के दिन–प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र एक वर्ष की अवधि के लिए 30.06.2026 के लिए। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 87 | एक वर्ष की अवधि के लिए जेएचआई–एसएनपी खंड के ट्रैक के दिन–प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र 30.06.2026 **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| | 88 | एक वर्ष की अवधि 30.06.2026 के लिए ट्रैक आरओके–पीएनपी खंड के दिन–प्रतिदिन रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |
| काम की अनुमानित लागत रुपये | 80 | रुपये 11999824.24 |
| | 81 | रुपये 8999592.77 |
| | 82 | रुपये 9000006.42 |
| | 83 | रुपये 12000031.82 |
| | 84 | रुपये 7000004.49 |
| | 85 | रुपये 12000086.46 |
| | 87 | रुपये 7500069.15 |
| | 88 | रुपये 6999989.63 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा 1) (नोटः– रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नही किया जाएगा। | |
| | 80 | रुपये 210000.00 |
| | 81 | रुपये 180000.00 |
| | 82 | रुपये 180000.00 |
| | 83 | रुपये 210000.00 |
| | 84 | रुपये 140000.00 |
| | 85 | रुपये 210000.00 |
| | 87 | रुपये 150000.00 |
| | 88 | रुपये 140000.00 |
| काम की समाप्ति अवधि | 80 | 09 महीने |
| | 81 | 09 महीने |
| | 82 | 09 महीने |
| | 83 | 09 महीने |
| | 84 | 09 महीने |
| | 85 | 09 महीने |
| | 87 | 09 महीने |
| | 88 | 09 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 03.10.2025 को 15.00 बजे तक तथा 03.10.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

No. 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/NIT-80,81,82,83,84,85,87,88-W-IV
Date : 04.09.2025
2697/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पेज एक का शेष

### भविष्य में और मजबूत होगी...

सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वांग के साथ हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक के बाद दिए संयुक्त वक्तव्य में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रक्षा संबंध लगातार प्रगाढ़ हो रहे हैं और व्यापक रणनीतिक साझेदारी में तब्दील हुए द्विपक्षीय संबंधों को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है। जिससे सहयोग केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि इसमें बदलते हुए वक्त के हिसाब से प्राथमिकता वाले 8 क्षेत्रों को भी जगह दी गई है। जिसमें आर्थिक सहयोग, कौशल विकास, डिजिटलाइजेशन, सतत विकास, कनेक्टिविटी, रक्षा-सुरक्षा सहयोग, हेल्थकेयर-मेडिसिन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध शामिल हैं। उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन शिपिंग, सिविल न्यूक्लियर और शहरी जल प्रबंधन को भी इसका हिस्सा बनाया गया है। उन्होंने कहा, भारत और सिंगापुर इस बात पर भी एकमत हैं कि आपसी व्यापार को गति देने के लिए द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते और आसियान के हमारे मुक्त व्यापार समझौते की समयबद्ध तरीके से समीक्षा की जाएगी। बीते वर्ष 2024 में मेरी सिंगापुर यात्रा में हमने अपने संबंधों को व्यापक सामरिक भागीदारी का दर्जा दिया था। इस एक वर्ष में दोनों पक्षों के बीच संवाद और सहयोग में गति आई है। मौजूदा साल में दोनों देश अपने कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 60 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। बताते चलें कि बीते 2 सितंबर से सिंगापुर के प्रधानमंत्री भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जिसके तहत ही उनकी पीएम मोदी के साथ यह अहम बैठक हुई। बैठक के पूर्व में प्रधानमंत्री वांग ने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से उनकी शिष्टाचार भेंट हुई।

**दोनों देशों के रिश्तों से जुड़ेंगे राज्य :** पीएम ने कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्तों में हमारे राज्य भी अहम हिस्सेदार होंगे। इस साल जनवरी महीने में सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन की भारत यात्रा के दौरान वह ओडिशा गए थे। वहीं, बीते एक साल में ओडिशा, तेलंगाना, असम और आंध्र-प्रदेश के मुख्यमंत्री सिंगापुर जा चुके हैं। गुजरात का गिफ्ट सिटी हमारे स्टॉक बाजार को जोड़ने का एक और नया सेतु बना है। उन्होंने पिछले साल हुए सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम भागीदारी समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि इसने भी शोध-अनुसंधान को नई दिशा दी है। सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन में सिंगापुर की कंपनियों की बढ़-चढ़कर की गई भागीदारी की भी प्रधानमंत्री ने सराहना की है।

**एआई, क्वांटम में बढ़ेगा सहयोग :** उन्होंने कहा कि भारत-सिंगापुर की साझेदारी के दो मजबूत स्तंभ तकनीक और नवाचार हैं। अब दोनों देशों ने यह तय किया है कि कृत्रिम मेधा (एआई), क्वांटम और अन्य डिजिटल तकनीकों में सहयोग को बढ़ाया जाएगा। अंतरिक्ष क्षेत्र में हुए समझौते से इस क्षेत्र में सहयोग का एक नया अध्याय जुड़ रहा है। दोनों ने यह तय किया है कि हमारे युवाओं की प्रतिभा को जोड़ने के लिए मौजूदा साल के अंत में भारत-सिंगापुर हैकेथॉन के अगले राउंड का आयोजन किया जाएगा। यूपीआई और पे-नाऊ दोनों देशों की डिजिटल कनेक्टिविटी के सफल उदाहरण हैं। ये प्रसन्नता का विषय है कि इसमें 13 नए भारतीय बैंक जुड़े हैं। चेन्नई में सिंगापुर एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता कौशल केंद्र स्थापित करने में सहयोग देगा। ये केंद्र उन्नत मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में कुशल मानव श्रम तैयार करेगा।

**हिंद-प्रशांत, आतंकवाद पर की चर्चा :** प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंगापुर भारत की पूर्व की ओर देखो नीति का एक अहम स्तंभ है। हम आसियान के साथ सहयोग और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के संयुक्त विजन को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। हमारी बातचीत में आतंकवाद का मुद्दा भी शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद को लेकर हमारी चिंताएं समान हैं। दोनों देश मानते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से लड़ना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य है। सिंगापुर के पीएम वांग ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के लोगों के प्रति संवेदना जताई और आतंकवाद के खिलाफ जारी देश की लड़ाई में अपना समर्थन प्रदान किया।

### डिजिटल शिपिंग गलियारे ...

मूल्यों पर आधारित भागीदारी है। जिनका मार्गदर्शन आपसी हितों, शांति, विकास और समृद्धि के समान विजन के तहत किया जाता है।

### सेमीकंडक्टर उद्योग का ...

व्यापार समीक्षा जारी रहेगी। इसके अलावा भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास में सहयोग करने और इससे जुड़े इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए भारत-सिंगापुर नीतिगत संवाद को बढ़ावा दिया जाएगा। सिंगापुर की कंपनियां, भारतीय कंपनियों को सहयोग प्रदान करेंगी, उन्नत लचीली सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन बनाई जाएगी, संयुक्त रूप से लाभप्रद शोध-विकास सहयोग, प्रत्यक्ष निवेश के साथ ही दोनों देशों की कंपनियों के बीच भागीदारी की संभावना बढ़ेगी।

### हरियाणा में बनेंगे ...

का वीरवार को शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, टीडीके ग्रुप से सैटो व शशिदा, मुख्यमंत्री के विदेशी सहयोग सलाहकार पवन चौधरी, आईसीडब्ल्यूए से पंकज महेंद्रू भी उपस्थित थे।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जिस तरह जापान अपने प्रोडक्ट बनाने में क्वालिटी पर भरोसा करता है, उसी तरह अब हरियाणा में भी क्वालिटी पर खरे उतरने वाले प्रोडक्ट बनाए जाएंगे। आधुनिक भारत में आज इलेक्ट्रॉनिक से संबंधित सभी सामान बनाए जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ देश के उपभोक्ताओं व युवाओं को रोजगार के रूप में मिल रहा है। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आज का यह दिन हरियाणा के औद्योगिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि एटीएल ग्रुप (टीडीके कॉरपोरेशन, जापान) ने हरियाणा की धरती पर अत्याधुनिक लिथियम आयन बैटरी निर्माण इकाई स्थापित कर ऐतिहासिक पहल की है। यह हरियाणा व जापान के औद्योगिक जगत में विश्वास को दर्शाता है। प्रदेश को औद्योगिक क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए आने वाले समय में प्रदेश में जल्द ही 10 नए औद्योगिक शहर विकसित किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा और 5 हजार से ज्यादा युवाओं को सीधा रोजगार मिलेगा। वर्ष 2020 में कंपनी ने बावल में भी एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर 1500 से अधिक रोजगार दिए थे। उद्योग मंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार की हरियाणा एंटरप्राइजेज व अपॉइंटमेंट पॉलिसी, एमएसएमई नीति, स्टार्टअप नीति के तहत निवेश व रोजगार सृजन के लिए बड़े पैमाने पर अवसर उपलब्ध करा रही हैं।

### कांग्रेस प्रवक्ता पवन ...

चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। साहित्य और सामाजिक कार्यों से भी उनका गहरा जुड़ाव है। पवन खेड़ा कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग के अध्यक्ष हैं। प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं और पार्टी की प्रेस ब्रीफिंग्स में लगातार भाजपा सरकार पर तीखे हमले करते रहे हैं।

**पवन खेड़ा पर भी यही आरोप :** दिलचस्प बात यह है कि पवन खेड़ा पर भी यही आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि उनके पास भी दो अलग-अलग जगहों पर मतदाता पहचान पत्र मौजूद हैं। यदि जांच में यह आरोप सही पाया गया तो यह गंभीर चुनावी अपराध की श्रेणी में आएगा। पवन में चुनाव आयोग के आरोप को ख़ारिज करते हुए कहा था कि उन्होंने एक मतदाता पहचान पत्र ख़ारिज करने की अपील चुनाव आयोग से की थी। अब उन्हें इसी का साक्ष्य आयोग के समक्ष देना होगा।

**कानून क्या कहता है :** भारतीय जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951 के तहत, किसी भी व्यक्ति का नाम एक समय में केवल एक ही निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर दो जगह वोटर आईडी बनवाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है, जिसमें मताधिकार रद्द होने से लेकर आपराधिक मुकदमा चलना शामिल है।

**विपक्ष का हमला, कांग्रेस ने साधी चुप्पी :** इस मामले के सामने आने के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस "मतदाता सूची में गड़बड़ी कर लोकतंत्र से खिलवाड़" कर रही है। उधर, कांग्रेस पार्टी ने इस पर आधिकारिक बयान देने से अभी तक परहेज़ किया है।

**आगे क्या :** चुनाव आयोग ने कोटा नीलिमा से लिखित जवाब मांगा है। नोटिस में कहा गया है कि वे जल्द से जल्द स्पष्ट करें कि उनके पास दो पहचान पत्र कैसे बने। इसी तरह पवन खेड़ा पर लगे आरोपों की भी जांच चल रही है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि "यदि आरोप सही पाए गए, तो दोनों पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।"

### पुतिन बोले, भारत और ...

के तहत छह बड़े व्यापारिक भागीदारी और ईयू के 27 देश आ चुके हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति और उनका मंत्रिमंडल इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि टैरिफ से शांति को बढ़ावा मिलने के साथ ही उनके अपने देश में अप्रत्याशित आर्थिक समृद्धि आ रही है। जबकि टैरिफ को हटाने से बाकी देशों से अमेरिका के साथ समान व्यवहार का खतरा बना हुआ है।

**राष्ट्रीय हितों में जारी भारत की तेल खरीद :** गौरतलब है कि अमेरिका ने जो 50 फीसदी टैरिफ भारत पर लगाया है। उसमें से 25 फीसदी भाग यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल खरीद पर नाराजगी के बाद लगाया गया है। यह पिछले महीने 27 अगस्त से लागू हो गया है। जिसे भारत ने पहले ही पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया था। साथ ही ये भी कहा था कि ऐसे समय में जब अमेरिका खुद रूस के साथ व्यापार कर रहा है। तो फिर भारत से नाराजगी कैसी? भारत का दुनिया से तेल की खरीद करने का निर्णय उसके अपने देश के राष्ट्रीय हितों, नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों और वैश्विक बाजारों की परिस्थिति के आधार पर लिया गया है।

**उपनिवेशवाद का दौर खत्म हो चुकाः पुतिन :** वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप के टैरिफ पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि भारत और चीन जैसे दो बड़ी आबादियों वाले देशों से इस तरह से अमेरिका बात नहीं कर सकता है। आज की दुनिया बहुपक्षवाद की है। जिसमें सभी बराबरी के अधिकार लिए हुए हैं। ऐसे में किसी की धौंस नहीं चलेगी। पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति के रवैये पर तंज कसते हुए कहा कि उपनिवेशवाद का दौर कब का समाप्त हो चुका है। चीन में बीते बुधवार को आयोजित की गई विक्ट्री दिवस परेड में शिरकत करने के बाद मीडिया से बातचीत में रूस के राष्ट्रपति ने यह बातें कहीं। जिसमें उन्होंने ये भी कहा कि आज की दुनिया बदल चुकी है। इसलिए भारत, चीन जैसी दो शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं पर उपनिवेशवाद की दबाव डालने की रणनीति काम नहीं आएगी। उनकी अपने घरेलू राजनीतिक तंत्र भी हैं। इस प्रकार से साझेदारों के साथ बात नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर कोई आपसे कहे कि वो आपको सजा देने जा रहा है तो आप उन देशों के नेतृत्व को देखेंगे। दोनों बड़े देश हैं, जिनका इतिहास गंभीर मुश्किलों वाला रहा है और वो जवाब देंगे। दोनों ने उपनिवेशवाद से मुकाबला किया है। जिसने इनकी संप्रभुता पर लंबे समय तक हमला किया था। पुतिन ने कहा, आपको ये समझना पड़ेगा कि अगर इनमें से एक भी अपनी कमजोरी प्रदर्शित करता है तो उसका राजनीतिक भविष्य भी खत्म हो जाएगा।

## नवंबर में 3 चरणों में हो सकते हैं बिहार विधानसभा चुनाव

एजेंसी ▶▶ पटना



- अक्टूबर में आएगा शेड्यूल

बिहार में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। भारत निर्वाचन आयोग अक्टूबर के महीने में विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर सकता है। बिहार चुनाव के लिए वोटिंग नवंबर में संभावित है। विधानसभा चुनाव को तीन चरणों में आयोजित किया जा सकता है। नवंबर 2025 में ही चुनाव के नतीजे घोषित होंगे और नई सरकार का गठन होगा। क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है। इससे पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। चुनाव आयोग से जुड़े सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि नवंबर 2025 के पहले एवं दूसरे सप्ताह में 3 चरणों में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कराया जा सकता है। दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तारीखें तय की जाएंगी।

चिंतन

# जीएसटी सुधार से देश के विकास को मिलेगी गति

बुधवार को जीएसटी काउंसिल ने वो फैसला ले ही लिया, जिसका 15 अगस्त के बाद से देश को बेसब्री से इंजतार था। स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार का ऐलान करते हुए आम देशवासी को राहत देने का वादा किया था। जीएसटी काउंसिल ने इस पर अमल करते हुए वस्तु कर के दो स्लैब 12 और 28 प्रतिशत को खत्म कर दिया। इनकम टैक्स में राहत के बाद यह केंद्र सरकार का आम आदमी को दूसरा बड़ा तोहफा है। इससे किसान और छोटे उद्यमियों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं न केवल सस्ती होंगी बल्कि उनकी खपत भी बढ़ेगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अब जीएसटी की सिर्फ दो दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी। वैसे तो जीएसटी में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब इसकी पृष्ठभूमि में एक ओर वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल को माना जा रहा है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो साफ है कि आज की आर्थिक दुनिया में किसी भी देश की मजबूती का पहला आधार उसकी घरेलू मांग और खपत होनी चाहिए। कअमेरिका जैसा विकसित देश भी टैरिफ को हथियार बनाकर अपने हित में ट्रेड डील की कोशिश कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने अमेरिका के समक्ष झुकने की बजाए इसके विकल्प को अपनाने का रास्ता चुना है। अमेरिका से समझौता हमारे छोटे किसानों, पशुपालकों और छोटे व्यापारियों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में देश के सामने टैरिफ को लेकर उपजी चुनौतियों का समाधान यही है कि हम घरेलू स्तर पर खपत, मांग और निवेश को बढ़ाकर विकास को गति दें। इससे न केवल हमारी विकास वृद्धि दर बरकरार रहेगी, बल्कि बढ़ती मांग से निवेश और रोजगार का चक्र भी जारी रहेगा। यह स्थिरता हमें दुनिया में वैकल्पिक बाजारों की ओर बढ़ने का भी अवसर देगी। इसलिए जीएसटी सुधारों को केवल बदलाव नहीं, बल्कि नई अर्थव्यवस्था के निर्माण के रूप में देखना चाहिए। वैसे भी जीएसटी केंद्र और राज्य सरकारों के लिए दुधारू गाय सबित हुआ है। एक जुलाई 2017 को लागू होने के बाद से हर साल इससे सरकार की आय में इजाफा हुआ है। इस साल 2025 में तो जीएसटी कलेक्शन ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। शुरुआती साल में इसके जरिए सरकारी खजाने में 7.41 लाख करोड़ रुपये आए थे, वहीं अगले साल 2018–19 में जीएसटी से कमाई का आंकड़ा 11.77 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। अब तक कलेक्शन में तीन गुना से ज्यादा का इजाफा दर्ज किया जा चुका है। 2021-22 से लेकर 2024-25 तक सिर्फ पांच साल में ही जीएसटी से सरकार की कमाई दोगुनी हो गई और ये 11.37 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22.08 लाख लाख करोड़ रुपये पहुंच गई, लेकिन अब बात अमेरिकी टैरिफ से निपटने और देश के विकास को नई रफ्तार देने की है। विकास दो चीजों पर निर्भर करता है। पहली, लोगों की आय लगातार बढ़े और दूसरी महंगाई नियंत्रण में रहे। आय तभी बढ़ेगी जब देश में निवेश और उत्पादन को गति मिले और रोजगार के नए अवसर बनें। वहीं महंगाई पर काबू पाने के लिए अप्रत्यक्ष करों में कटौती सबसे प्रभावी उपायों में से मानी जाती है। इसी आर्थिक सोच के तहत सरकार ने इस साल डिरेगुलेशन की दिशा में दो बड़े सुधार किए हैं जिसका असर अगले कुछ दिनों में दिखाई देगा। विदेशी कंपनियां निवेश की ओर आकर्षित होंगी और भारतीय कंपनिया और स्टार्टअप्स अनुपालन के बोझ से मुक्त होकर नवाचार में छलांग लगाएंगे। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि मेक इन इंडिया को भी बल मिलेगा।



आपदा
विवेक शुक्ला

आजकल सरहद के आर-पार का पंजाब फिर से शोकाकुल है। दोनो पंजाब बाढ़ के कारण हुई अपनी बर्बादी पर रो रहे हैं। भयानक बाढ़ ने लाखों लोगों को तबाह कर दिया है। इस कष्ट और बेबसी ने मुल्कों और सरहदों की दूरियां मिटा दी हैं। दरअसल दोनों पंजाब अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं। भारी मानसूनी बारिश, नदियों का उफान, और बांधों से पानी का अनियंत्रित रिसाव ने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों में भयावह बाढ़ ला दी है। बेशक, जलवायु परिवर्तन इस बाढ़ का एक दीर्घकालिक कारण है। इस तरफ दोनों देशों को पर्याप्त ध्यान देना होगा। पाकिस्तान को विशेष रूप से अपनी प्राथमिकताओं को बदलना होगा। उसे अपने डिफेंस बजट को कम करके जनता के हितों में फैसले लेने होंगे।

# बाढ़ से बेहाल सरहद के आर-पार के पंजाब

अमृता प्रीतम ने देश के बंटवारे के कारण पंजाब में हुए कत्लेआम पर एक कालजयी रचना लिखी थी- 'अज्ज आखाँ वारिस शाह नूं, कितों कबरां विच्चों बोल...'। ये नज़्म 1947 में हुए बंटवारे की प्रतिनिधि रचना मानी जाती है। इसमें बंटवारे के दर्द को बेहद मार्मिक तरीके से व्यक्त किया गया है। आजकल सरहद के आर-पार का पंजाब फिर से शोकाकुल है। दोनो पंजाब बाढ़ के कारण हुई अपनी बर्बादी पर रो रहे हैं। भयानक बाढ़ ने लाखों लोगों को तबाह कर दिया है। इस कष्ट और बेबसी ने मुल्कों और सरहदों की दूरियां मिटा दी हैं। दरअसल दोनों पंजाब अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं। भारी मानसूनी बारिश, नदियों का उफान, और बांधों से पानी का अनियंत्रित रिसाव ने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों में भयावह बाढ़ ला दी है।

सोशल मीडिया पर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की तस्वीरों को देखकर दिल दहल जाता है। सब तरफ पानी ही पानी दिखाई देता है। पंजाब क्षेत्र में इस साल मानसून असामान्य रूप से तीव्र रहा है। भारत और पाकिस्तान दोनों में मौसम विभागों के अनुसार, 1 जुलाई से 27 अगस्त 2025 के बीच पंजाब में पिछले साल की तुलना में 26.5% अधिक बारिश दर्ज की गई। यह अत्यधिक वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून का परिणाम है, जो दोनों देशों में भारी बारिश का प्रमुख स्रोत है। जलवायु परिवर्तन ने इस मानसून को और उग्र बना दिया है, क्योंकि गर्म हवा अधिक नमी को समाहित करती है, जिसके परिणामस्वरूप भारी और अनियंत्रित बारिश होती है। पंजाब की प्रमुख नदियां-रावी, सतलज, ब्यास, और चिनाब—इस साल असामान्य रूप से उफान पर हैं। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश ने इन नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ा दिया है, जिसके कारण भारत के पंजाब में गुरदासपुर, अमृतसर, और फिरोजपुर जैसे जिलों में बाढ़ आई। पाकिस्तान में भी, इन नदियों का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसने लाहौर, कसूर, और बहावलनगर जैसे क्षेत्रों को जलमग्न कर दिया। लाहौर के पॉश इलाकों में रावी का पानी घुसने से हजारों घर प्रभावित हुए हैं।

हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना भी इस बाढ़ का एक प्रमुख कारण है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, देश के 7,500 ग्लेशियरों में से लगभग 45% तेजी से पिघल रहे हैं। यह पिघलता पानी रावी, सतलुज, और चिनाब जैसी नदियों में प्रवेश करता है, जिससे उनका जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। पाकिस्तान के जाने-माने पत्रकार हमजा हबीब कहते हैं कि उनके देश के पंजाब में खराब जल निकासी प्रणाली ने बाढ़ के प्रभाव को और बढ़ा दिया। उदाहरण के लिए, वाघा बॉर्डर पर जलभराव की स्थिति भारत की तुलना में अधिक गंभीर थी, क्योंकि भारत ने बेहतर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और ड्रेनेज सिस्टम लागू किया है। इसके विपरीत, पाकिस्तान में अपर्याप्त ड्रेनेज ने पानी को जमा होने दिया, जिससे सड़कें, घर, और खेत जलमग्न हो गए।

भारत में भी, कुछ क्षेत्रों में पुराने बुनियादी ढांचे और अतिक्रमण ने जल निकासी को बाधित किया, जिससे



बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। सब जानते हैं कि पंजाब दोनों देशों का 'अन्न भंडार' है। इस बाढ़ ने इसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारत में 61 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि डूब गई, जबकि पाकिस्तान में हजारों एकड़ फसलें नष्ट हो गईं। यह न केवल खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि लाखों किसानों की आजीविका को भी नष्ट कर रहा है। 2022 की बाढ़ की तरह, इस बार भी पाकिस्तान में खाद्य संकट की आशंका बढ़ गई है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है, और यह बाढ़ उसकी चुनौतियों को और बढ़ा रही है। हजारों घर, सड़कें, और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया है। पाकिस्तान में इससे पहले 2022 में भी भयानक बाढ़ से हाहाकार मच गया था। तब भी पड़ोसी मुल्क का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया था।

हजारों लोगों की जानें गई थीं। बाढ़ग्रस्त इलाकों में लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए थे। स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि पाकिस्तान ने भारत से आलू, टमाटर,प्याज और खाद्य तेलों का आयात करने की इच्छा जताई थी। पाकिस्तान के तत्कालीन वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने कहा था कि सरकार बाढ़ के बाद देश भर में फसल बर्बाद होने के बाद लोगों की सुविधा के लिए भारत से सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ आयात करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। तब पाकिस्तान में बाढ़ के कारण हुई तबाही पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर संवेदना जताई थी। उन्होंने कहा था, "पाकिस्तान में बाढ़ से हुई तबाही को देखकर दुख हुआ। हम पीड़ितों, घायलों और इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली की आशा करते हैं।" पर भारत-पाकिस्तान के रिश्ते पहलगाम की घटना के कारण बहुत खराब हो चुके हैं। इस बीच, भारत में भी, पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं, और लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। सामाजिक तनाव भी बढ़ रहा है, क्योंकि प्रभावित लोग सरकार से मुआवजे और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। इस बाढ़ ने दोनों देशों में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। पाकिस्तान के पंजाब में लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जबकि भारत में 1,000 से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। लोग अपने घर, खेत, और आजीविका खो चुके हैं। सिखों का पवित्र धार्मिक स्थान करतारपुर कॉरिडोर भी पानी से लबालब है। भारत ने भारी मानसूनी बारिश के कारण अपने डैमों से पानी छोड़ने की सूचना पाकिस्तान को बीते महीने दे दी थी। यह सामान्य प्रक्रिया है, क्योंकि डैम भर जाने पर अतिरिक्त पानी नदियों में बहता है, जो पाकिस्तान की ओर जाता है। भारत ने मानवीय आधार पर 24-26 अगस्त को कई चेतावनियां जारी कीं, भले ही सिंधु जल संधि अप्रैल 2025 में निलंबित हो गई थी। पर पाकिस्तान के कुछ यू ट्यूबर्स आरोप लगा रहे हैं कि भारत के इस कदम से न केवल पाकिस्तान बल्कि भारत में भी बाढ़ आई। उनका दावा है कि भारत ने डैमों को पाकिस्तान के पानी से भरकर अचानक फाटक खोले, जिससे पाकिस्तानी पंजाब में विनाशकारी बाढ़ आई। हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन आरोपों को नकार दिया है। बेशक, जलवायु परिवर्तन इस बाढ़ का एक दीर्घकालिक कारण है। इस तरफ दोनों देशों को पर्याप्त ध्यान देना होगा। पाकिस्तान को विशेष रूप से अपनी प्राथमिकताओं को बदलना होगा। उसे अपने डिफेंस बजट को कम करके जनता के हितों में फैसले लेने होंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'



# हर प्रश्न में छिपा हुआ है शिक्षक, हर उत्तर में सीख

शिक्षक दिवस, जिसे भारत में हर साल 5 सितंबर को उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जाता है, केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि ज्ञान, प्रेरणा और जीवन मूल्यों का एक जीवंत महोत्सव है। यह दिन हमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे महान शिक्षाविद् की याद दिलाता है, जिन्होंने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना। आज यह दिन न केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित है, बल्कि यह हमें हर उस व्यक्ति को सम्मानित करने का अवसर देता है जो हमारे जीवन को नए अर्थ, दिशा और संभावनाओं से समृद्ध करता है। परंपरागत रूप से, शिक्षक वह गुरु था जो ज्ञान का दीप जलाता था, और शिष्य उसकी रोशनी में जीवन पथ पर आगे बढ़ता था। लेकिन आधुनिक युग में शिक्षक की परिभाषा और अधिक व्यापक हो गई है। आज शिक्षक वह नहीं जो केवल किताबी ज्ञान दे, बल्कि वह है जो हमें जीवन की जटिलताओं को समझने, चुनौतियों का सामना करने और मूल्यों को अपनाने की कला सिखाता है। यह माता-पिता हो सकते हैं जो हमें नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, दोस्त जो कठिन समय में हौसला देते हैं, या कोई अनजान व्यक्ति जिसकी सलाह हमारे जीवन को नया मोड़ देती है। शिक्षक दिवस को नए दृष्टिकोण से देखना यही है कि हम इसे केवल एक व्यक्ति या पेशे तक सीमित न करें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षक समाज का हर वह व्यक्ति है जो हमें कुछ सिखाता है। एक बच्चा अपनी मासूम जिज्ञासा से नया दृष्टिकोण देता है, एक सहकर्मी सहयोग और नेतृत्व की कला सिखाता है, और हमारी असफलताएं भी हमें धैर्य व दृढ़ता का पाठ पढ़ाती हैं। इस तरह शिक्षक दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि उस निरंतर सीखने की प्रक्रिया का सम्मान है जो हमें हर पल बेहतर बनाती है। यह हमें यह अहसास कराता है कि ज्ञान का कोई एक स्रोत नहीं, यह जीवन के हर अनुभव, हर रिश्ते और हर क्षण में बिखरा हुआ है। शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान बांटने तक सीमित नहीं, बल्कि वह एक मूर्तिकार है जो संवेदनशीलता, मानवीयता और नैतिकता को आकार देता है। आज के युग में, जब तकनीकी प्रगति दुनिया को तेजी से बदल रही है, शिक्षक हमें यह सिखाता है कि असली प्रगति मशीनों या व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और सामूहिक कल्याण में निहित है। वह हमें यह समझाता है कि सफलता का अर्थ केवल अपनी जीत नहीं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने का साझा प्रयास है। एक शिक्षक का प्रभाव उसके शब्दों से कहीं अधिक उसके चरित्र, सोच और जीवनशैली में झलकता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान, सादगी और समर्पण से लाखों लोगों को प्रेरित किया। शिक्षक दिवस को नए अर्थ देने का मतलब है इसे केवल अतीत के सम्मान तक सीमित न रखकर भविष्य की नींव बनाने का उत्सव बनाना। शिक्षक का दायित्व महज पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की अनिश्चितताओं और चुनौतियों के लिए तैयार करना है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, जहां परिवर्तन ही एकमात्र स्थायी सत्य है, शिक्षक वह आधार प्रदान करता है जो हमें हर बदलाव के साथ सामंजस्य बैठाने की शक्ति देता है। वह हमें यह विश्वास दिलाता है कि हर कठिनाई में अवसर छिपा है और हर सवाल में एक नया जवाब। शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है, जो हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कार्यों, व्यवहार और जीवनशैली से दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें। चाहे वह कक्षा में बच्चों को पढ़ाने वाला शिक्षक हो, नैतिकता का पाठ सिखाने वाले माता-पिता हों, या समाज में बदलाव लाने वाला कार्यकर्ता हो, हर व्यक्ति अपने स्तर पर शिक्षक की भूमिका निभाता है। शिक्षक दिवस को व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो यह केवल एक दिन या व्यक्ति का उत्सव नहीं, बल्कि वह अनंत श्रृंखला है जो पीढ़ियों को जोड़ती है। शिक्षक दिवस को नए अर्थ देना यही है कि इसे औपचारिकता से परे ले जाकर जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि यह हर अनुभव, हर रिश्ते और हर क्षण में बिखरी हुई है। शिक्षक दिवस का असली उत्सव तब है जब हम अपनी जिज्ञासा को जीवित रखते हैं, दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं, और हर अनुभव से सीख लेते हैं। यह दिन केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि उस अनंत यात्रा का उत्सव है जिसमें हम सभी सहयात्री हैं, कभी शिक्षक, कभी शिष्य, और हमेशा एक सीखने वाले। यही शिक्षक दिवस का सच्चा अर्थ है, जो इसे आज के युग में सही मायनों में जीवंत और प्रासंगिक बनाता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल



संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।


## नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित
प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा।

अंतर्मन




आज की पाती

### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि–त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे।

*– दिलीप तिवारी, दुर्ग*

ट्रेंड

### सिंगापुर मूल्यवान साझेदार



विकसित भारत के निर्माण की हमारी यात्रा में सिंगापुर एक मूल्यवान साझेदार है। हम उन्नत विनिर्माण, कौशल विकास और डिजिटल ढांचों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रोडमैप के त्वरित कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### सबका मंगल एवं कल्याण हो



सृष्टि पालक भगवान विष्णु के पंचम अवतार भगवान वामन की जयंती पर समस्त देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु की कृपा आप सभी पर बनी रहे, सबके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और आनंद बढ़े, सबका मंगल एवं कल्याण हो।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**


### प्रगतिशील कदम



आवश्यक वस्तुओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि के लिए संशोधित जीएसटी स्लैब समावेशी विकास की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। सिक्किम के लोगों की ओर से, मैं इस परिवर्तनकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं।

**- प्रेम सिंह तमांग, सीएम, सिक्किम**

### तकनीक की दुनिया



वैश्विक राजनीति में काफी अनिश्चितता है। लेकिन वैश्विक बाज़ारों ने सकारात्मकता दिखाई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि तकनीक की दुनिया में अद्भुत प्रगति हो रही है जो समृद्धि की ओर ले जा रही है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## एनआरआई अमित नासा का सह-प्रशासक नियुक्त



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने यहां घोषणा की कि भारतीय–अमेरिकी अमित क्षत्रिय को नासा का 'अन्वेषण–केंद्रित' नया सह–प्रशासक नियुक्त किया गया है। नासा में 20 साल सेवा दे चुके क्षत्रिय हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अन्वेषण प्रणाली विकास मिशन निदेशालय (ईएसडीएमडी) में चंद्रमा और मंगल से जुड़े अभियान कार्यक्रमों के उप–प्रभारी थे। नासा के एक बयान में कहा कि कार्यवाहक नासा प्रशासक सीन पी डफी ने बुधवार को अमित क्षत्रिय को नासा का अन्वेषण केंद्रित नया सह–प्रशासक नियुक्त किया। विस्कॉन्सिन में भारतीय प्रवासी माता–पिता के घर जन्मे एवं कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा ऑस्टिन स्थित टेक्सास विवि से शिक्षा प्राप्त क्षत्रिय इतिहास में मिशन नियंत्रण उड़ान निदेशक के रूप में सेवा करने वाले लगभग 100 लोगों में से एक हैं। नासा की वेबसाइट पर उनके प्रोफाइल के अनुसार, वह 2003 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े थे। क्षत्रिय को अंतरिक्ष स्टेशन के 50वें अभियान के वास्ते प्रमुख उड़ान निदेशक के रूप में उनके कार्यों के लिए नासा उत्कृष्ट नेतृत्व पदक से सम्मानित किया गया था। नासा ने कहा कि अपनी नयी भूमिका में वह एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक के रूप में तथा डफी के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

ऑफ बीट

## सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन–समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन–समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से – जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं – भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

# पंजाब में हालात भयानक, फसलें हुई बर्बाद, केंद्र सरकार किसानों के साथः शिवराज

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया, पंजाब के राज्यपाल ने चौहान को बाढ़ से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अमृतसर, कपूरथला और गुरदासपुर जिले के गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद किया और पानी से भरे खेतों में उतरकर फसलों के नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान किसानों ने केंद्रीय मंत्री को फसलों के भारी नुकसान की जानकारी दी, जिस पर शिवराज सिंह ने कहा कि किसान भाई-बहन चिंता ना करें, सरकार उनके साथ है।

चौहान के सुबह अमृतसर पहुंचने पर बाढ़ की स्थिति को लेकर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय मंत्री से हवाईअड्डे पर भेंट की और उन्हें बाढ़ से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी, वहीं अन्य पदाधिकारियों ने भी केंद्रीय कृषि मंत्री को



बाढ़ की गंभीर स्थिति के बारे बताया।

इसके तत्काल बाद, बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि स्थिति बहुत गंभीर है, संकट भयानक है। जलप्रलय के कारण फसलें डूबी हुई हैं और पूरी तरह से तबाह और बर्बाद हो गई हैं। लगभग 1,400 गाँव पूरी तरह प्रभावित हैं। 26 अगस्त से यहां खेतों में पानी भरा हुआ है। रावी का पानी खेतों में बह रहा है। पाँव के नीचे मिट्टी नहीं, सिल्ट है, जो जमा हो गई है। यह फसल तो खत्म हो गई है, अगली फसल पर भी संकट है। दर्द और नुकसान का अंदाज़ा नहीं लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्थिति देखकर मन द्रवित होता है, लेकिन इस समस्या से अपने किसान भाई-बहनों को जरूर बाहर निकालेंगे। यह चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हरसंभव प्रयास किया जाएगा और राहत पहुंचाने के लिए पूरी मदद की जाएगी।

चौहान ने बताया कि पंजाब में स्थिति का आकलन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार ने दो उच्चस्तरीय टीमें भेजी हैं जिनमें कृषि, ग्रामीण विकास, सड़क, ऊर्जा, वित्त और जलशक्ति मंत्रालयों के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ये टीमें प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का आकलन करेंगी और अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौपेंगी। उन्होंने कहा कि गांवों में जाकर लोगों से संवाद कर जमीनी हालात को समझा जाएगा और विस्तृत रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को सौंपी जाएगी। राज्य सरकार भी अपनी तरफ से आकलन करेगी।

## केंद्र पंजाब के बाढ़ प्रभावितों को भी तुरंत सहायता देः चीमा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

> प्रदेश के वित्तमंत्री ने पूछा, बाढ़ से प्रभावित पंजाब को वित्तीय मदद देने में क्यों हो रही है देरी?

पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने केंद्र सरकार से अपील की है कि जिस तरह वह तालिबान शासित अफगानिस्तान को मानवीय आधार पर सहायता भेज रही है, उसी तरह पंजाब के प्रति भी संवेदनशीलता दिखाए। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि अफगानिस्तान को तो तुरंत राहत सामग्री भेजी गई, लेकिन बाढ़ से प्रभावित पंजाब को वित्तीय और मानवीय सहायता देने में देरी क्यों हो रही है।

वित्त मंत्री चीमा ने जोर देकर कहा कि पंजाब, जिसने लगातार देश की अन्न सुरक्षा और आर्थिक ताकत में योगदान दिया है, को मुश्किल की घड़ी में तुरंत और पर्याप्त सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि यदि मानवीय सहायता सीमाओं के पार भेजी जा सकती है, तो फिर अपने ही लोगों की मदद करने में झिझक क्यों? वित्त मंत्री चीमा ने केंद्र से अपील की कि वह बाढ़ प्रभावित नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता दे और राहत पैकेज, बुनियादी ढांचे की सहायता तथा पुनर्वास के कार्यों को तेज करे। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में खुले दिल से दान देने की अपील भी की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राप्त हुई हर सहायता पारदर्शी और जवाबदेही के साथ खर्च की जाएगी, ताकि एक-एक रुपया जरूरतमंदों तक पहुँच सके।

## खबर संक्षेप

### टायर से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में आग



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद के उरमुरा किरार गांव स्थित पुराने टायर से तेल निकालने वाली एसएमवीडी फैक्ट्री में गुरुवार दोपहर करीब भीषण आग लग गई। आग ने फैक्ट्री के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। टायरों की कतरन धू-धू कर जल उठी, जिससे उठी ऊंची लपटें और काला धुआं 2 किमी दूर से दिखाई दिया।

### नवजात बच्ची को चुराने पर महिलाएं गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी में सरकारी अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड से नवजात बच्ची के अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात में शामिल दो महिलाओं को अस्पताल स्टाफ और परिजनों की सतर्कता से रंगे हाथ पकड़ लिया गया। दोनों आपस में सास-बहू हैं व राजस्थान की रहने वाली हैं।

### हिट-एंड-रन मामले पर मुंबई पुलिस को फटकार



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने तीन साल पहले हुए हिट-एंड-रन मामले की जांच में ढुलमुल रवैया अपनाने पर मुंबई पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि पुलिस जांच अपेक्षित मानकों पर खरी नहीं उतरी और कोर्ट के दखल के बाद ही मामले में कुछ तेजी आई। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम की बेंच ने यह बात कही।

## बंगाल विधानसभा में भारी हंगामा, भाजपा और तृणमूल विधायक भिड़े

# सुवेंदु के बाद शंकर भी निलंबित, भाजपा के चीफ व्हिप घोष को घसीटकर बाहर निकाला

एजेंसी ⏭ कोलकाता

### अग्निमित्रा के बोलने का समय घटाया और माइक बंद किया तो बिगड़े हालात

पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच झड़प हुई। मामला धक्का-मुक्की और हाथापाई तक पहुंच गया। इस दौरान भाजपा के चीफ व्हिप शंकर घोष के घायल होने की खबर है। मामला इतना बढ़ गया कि खुद मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी को विधायकों को शांत कराना पड़ा। बंगाल भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष को दिन की शेष कार्यवाही के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने भारी हंगामा करने की वजह से यह कार्रवाई की। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल का समय घटाने और माइक बंद करने के बाद मामला गरमा गया और नारेबाजी शुरू हो गई। इस बीच दोनों पक्षों ने जमकर बवाल किया।





**सुवेंदु के निलंबन पर बढ़ी बात, घोष भड़के**

*भाजपा विधायकों ने जानना चाहा कि 2 सितंबर को विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी को क्यों निलंबित किया गया था? जब घोष ने जाने से इनकार कर दिया, तो विधानसभा मार्शल बुलाए गए और उन्हें घसीटकर सदन से बाहर निकाल दिया गया। मुख्यमंत्री ने भाजपा विधायकों के असंसदीय आचरण की निंदा की और कहा कि वे बंगाली प्रवासियों के अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित एक गंभीर चर्चा को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे थे। अराजकता बढ़ने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके कारण कई बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।*

### शंकर घोष ने सुवेंदु के निलंबन पर की नारेबाजी

मुख्यमंत्री ने बंगाली भाषा पर हमले को लेकर जैसे ही बोलना शुरू किया, शंकर घोष ने नारेबाजी शुरू कर दी। वह लगातार अधिकारी के निलंबन का मुद्दा उठाते रहे और आरोप लगाया कि उस पर अलग-अलग बयान दिए जा रहे हैं। स्पीकर ने कई बार उन्हें चेताया, लेकिन घोष नहीं माने। आखिरकार मुख्यमंत्री को अपना भाषण बीच में रोकना पड़ा। इसके बाद स्पीकर ने शंकर को सस्पेंड कर दिया। लेकिन घोष अपनी सीट से हटने को तैयार नहीं हुए। भाजपा विधायकों ने उन्हें घेर लिया। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें बाहर ले जाने की कोशिश की, जिसके चलते सदन में जमकर धक्का-मुक्की हुई। अंततः मुख्यमंत्री वेल में उतरीं और अपनी पार्टी के विधायकों को अपनी-अपनी सीट पर बैठने का निर्देश दिया।

### ममता और उनके गुलाम प्रशासन की ओर से लोकतंत्र की हत्या

सुवेंदु ने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है। अधिकारी ने बंगाली में लिखे एक पोस्ट में लिखा, आज पश्चिम बंगाल विधानसभा में लोकतंत्र की हत्या करने वाली ममता और उनके गुलाम प्रशासन की ओर से लोकतंत्र की हत्या कर दी गई।

### अग्निमित्रा पॉल के पहुंचने पर बढ़ी बात

गुरुवार को सत्र के दूसरे हिस्से में मुख्यमंत्री ममता बंगाली भाषा और बंगालियों के अपमान के विरोध में भाषण दे रही थीं। उससे पहले भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल को बोलना था, लेकिन जब उनका नाम पुकारा गया, वह मौजूद नहीं थीं। ऐसे में स्पीकर ने मुख्यमंत्री को बोलने का अवसर दिया। इसी बीच अग्निमित्रा आ गईं। भाजपा विधायकों ने शोर-शराबा शुरू कर दिया कि उन्हें बोलने का मौका दिया जाए। मुख्यमंत्री ने भी स्पीकर से आग्रह किया कि अग्निमित्रा को बोलने दिया जाए। स्पीकर ने अनुमति तो दी, लेकिन उनका बोलने का समय घटा दिया। निश्चित समय पूरा होते ही उनका माइक बंद कर दिया गया और मुख्यमंत्री भाषण देने खड़ी हुईं।

### ममता ने बंगाल विरोधी होने और बंगालियों के उत्पीड़न पर केंद्र पर लगाया आरोप

भारी हंगामे के बीच ममता बनर्जी बोलने के लिए उठीं और भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल विरोधी होने और बंगालियों के उत्पीड़न पर चर्चा को रोकने का आरोप लगाया। विपक्षी विधायकों की नारेबाजी के बीच ममता ने कहा कि भाजपा भ्रष्टों की पार्टी है, वोट चोरों की पार्टी है। वो सबसे बड़ी डकैत पार्टी है। हमने संसद में देखा कि कैसे उन्होंने हमारे सांसदों को परेशान करने के लिए सीआईएसएफ का इस्तेमाल किया।

### मोदी सरकार जल्द ही गिर जाएगी

विपक्षी सदस्यों को चेतावनी देते हुए और हमला और तीखा करते हुए ममता ने कहा कि मेरे शब्दों को याद रखिए, एक दिन ऐसा आएगा, जब इस सदन में भाजपा का एक भी विधायक नहीं बैठेगा। लोग आपको सत्ता से बाहर कर देंगे। केंद्र में पीएम मोदी और अमित शाह के नेतृत्व वाली सरकार जल्द ही गिर जाएगी।

## एनडीए ने किया बिहार बंद

# भाजपा के 5 घंटे राहुल-तेजस्वी के 16 दिन पर पड़े भारी, भाजपा खुश



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने गुरुवार को पीएम मोदी के 'मां की गाली' को मुद्दा बनाकर एक दिन का बिहार बंद रखा। बंद को सफल बनानेभाजपा के सभी बड़े नेता, केंद्रीय मंत्रियों से लेकर बिहार सरकार के कई मंत्री और विधायक तक सड़कों पर उतरे और विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया। यह बंद न केवल राज्य में जनजीवन को प्रभावित करने में सफल रहा, बल्कि भाजपा को आगामी बिहार चुनाव के लिए एक नया और भावनात्मक नैरेटिव सेट करने का मौका भी दिया है।

भाजपा ने राज्य की जनता और विपक्षी पार्टियों को एक बड़ा संदेश जरूर दे दिया है। भाजपा का एक दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के 16 दिन के 'वोटर अधिकार यात्रा' पर भारी पड़ा?भाजपा, जनता दल यूनाइटेड समेत सहयोगी दलों के कार्यकर्ता सड़कों पर बड़ी संख्या में उतरे थे। बंद 5 घंटे का था।

### राज्यभर में रहा बंद का व्यापक असर

बिहार की राजनीति में गुरुवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है, जब सत्ता पक्ष ने एक दिन का बिहार बंद बुलाया हो। वह भी पीएम मोदी के मां के बहाने पूरे देश की माताओं के सम्मान में. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी का आह्वान कितना कारगर रहा है, यह तो बिहार चुनाव के नतीजे बताएंगे, लेकिन गुरुवार को स्कूल-कॉलेज और सरकारी दफ्तरों में कामकाज न के बराबर ही हुआ।

### यह था नजारा

- गयाजी में भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाजपा के झंडों के साथ सड़कों पर बैठकर प्रदर्शन किया
- दानापुर समेत कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों को टायर जलाकर विरोध करते हुए देखा गया
- एनडीए के इस बंद की कमान महिला मोर्चा के पास रही
- भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मैं राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से कहना चाहता हूं कि भारत की संस्कृति मां का सम्मान करती है

# पवन खेड़ा ने पूछा- क्या नितिन गडकरी और उनके बेटों पर लगे आरोपों की जांच कराएंगे पीएम नरेंद्र मोदी?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मोदी सरकार की इथेनॉल मिश्रण नीति पर हमला बोलते हुए सवाल किया है कि क्या यह नीति आम जनता के बजाय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बेटों समेत कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाने के इरादे से बनाई गई है ?

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि वोट चोरी के बाद अब मोदी सरकार पेट्रोल चोरी में लिप्त है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 2014 में किए गए उस वादे को याद दिलाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि नगरपालिका के कचरे से इथेनॉल बनाया जाएगा, जिसे पेट्रोल और डीजल में डाला जाएगा। उस समय दावा किया गया था कि इसके बाद पेट्रोल 55 रुपये और डीजल 50 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। 2018 में भी गडकरी ने लकड़ी के बूरे और नगरपालिका के कचरे से इथेनॉल उत्पादन की बात दोहराई थी। लेकिन इन दावों के उलट आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की कीमत 87.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है। आज तक नगरपालिका कचरे या लकड़ी के बूरे से एक बूंद भी इथेनॉल नहीं बना है। इसके विपरीत 2023-24 में 672 करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन हुआ, जिसमें से 56 प्रतिशत गन्ने से और बाकी अनाज से बनाया गया।



हितों के टकराव का उल्लेख करते हुए कांग्रेस नेता ने बताया कि नितिन गडकरी के पुत्र निखिल गडकरी के स्वामित्व वाली सियान एग्रो इंडस्ट्रीज इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एक प्रमुख इथेनॉल आपूर्तिकर्ता है। उनके दूसरे पुत्र सारंग गडकरी इथेनॉल का व्यवसाय करने वाली मानस एग्रो इंडस्ट्रीज में निदेशक हैं। उन्होंने बताया कि सियान एग्रो का राजस्व 18 करोड़ से बढ़कर 523 करोड़ रुपए हो गया। इसके शेयर की कीमत 37.45 रुपए से 638 रुपए तक पहुंच गई। खेड़ा ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि पिता नीतियां बना रहे हैं, पुत्र पैसा बना रहे हैं।

पवन खेड़ा ने आगे कहा कि इथेनॉल उत्पादन से जुड़ी चीनी मिलें रिकॉर्ड मुनाफा कमा रही हैं। उन्होंने पूछा कि क्या गन्ना आधारित इथेनॉल को इसलिए बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकि नितिन गडकरी, उनके सहयोगियों और आरएसएस के चीनी मिलों में व्यावसायिक हित होने की खबर हैं?

खेड़ा ने पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट से हो रहे नुकसान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे वाहनों के इंजनों को नुकसान हो रहा है, माइलेज कम हो रही है और रखरखाव की लागत बढ़ रही है। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट का भी जिक्र किया, जिसमें माइलेज में छह प्रतिशत गिरावट को स्वीकार किया गया है, जबकि वास्तविकता में यह नुकसान कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल संयंत्र न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से अनाज नहीं खरीद रहे, बल्कि सस्ते सरकारी स्टॉक पर निर्भर हैं। इससे न केवल किसानों की आय प्रभावित हो रही है, बल्कि राष्ट्रीय खाद्य भंडार पर भी असर पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त प्रति लीटर इथेनॉल उत्पादन के लिए तीन हजार लीटर पानी की खपत होती है, जिससे पर्यावरण को नुकसान होता है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार की 2030 तक 30 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण की योजना से चीनी की कीमतें भी बढ़ रही हैं, जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार ने रूस से सस्ता कच्चा तेल आयात करने और 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य समय से पूर्व हासिल करने के बाद भी ईंधन की कीमतों में कमी नहीं की। ऐसे में सवाल उठता है कि इस नीति से बड़े पैमाने पर मुनाफा कौन कमा रहा है?

खेड़ा ने सरकार से यह भी पूछा कि इथेनॉल मिश्रण से किसानों और आम जनता को कितना फायदा हुआ? इस नीति का फायदा सिर्फ गडकरी के बेटों को ही क्यों मिला? प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की शपथ ली है, तो क्या लोकपाल 130वें संविधान संशोधन विधेयक के पारित होने से पहले गडकरी और उनके बेटों पर लगे आरोपों की जांच करने का साहस करेगा? 2014-2025 के बीच पेट्रोल-डीजल पर सेस के जरिए कमाए गए करीब 40 लाख करोड़ रुपए का हिसाब कब मिलेगा?

### केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनआईआरएफ में किया आकलन

# आईआईटी मद्रास लगातार 10वीं बार इंजीनियरिंग कॉलेज में टॉप पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए शिक्षक दिवस से ठीक पहले साल 2025 का सबसे बड़ा पल आ चुका है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आज, 4 सितम्बर को नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) इंडिया रैंकिंग्स जारी की। यह रैंकिंग बताती है कि देश के कौन से कॉलेज और विश्वविद्यालय पढ़ाई, रिसर्च और नवाचार में सबसे आगे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता, शोध कार्य और नवाचार जैसे पहलुओं को इसमें खास महत्व दिया जाता है।

**नए पैमानों पर भी किया विचार**



*इस बार की रैंकिंग खास है क्योंकि यह 10वीं बार घोषित की गई है और इसमें नए पैमानों पर भी संस्थानों का आकलन किया गया है। यह एनआईआरएफ की 10वीं रैंकिंग है। इसमें कुल 9कैटेगरी शामिल की गई हैं। इस साल भी हिंदू कॉलेज टॉप पर रहा जबकि इंजीनियरिंग श्रेणी में आईआईटी मद्रास एनआईआरएफ 2025 में लगातार 10वीं बार नंबर 1 रहा।*

### रैंकिंग को 9 कैटेगरी में आंका

*ओवरऑल, यूनिवर्सिटीज, कॉलेजेज, रिसर्च इंस्टीट्यूशंस, इनोवेशन, स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटीज, ओपन यूनिवर्सिटीज, स्किल यूनिवर्सिटीज और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स । इसके अलावा इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, मेडिकल, आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, लॉ, डेंटल और एग्रीकल्चर एंड एलाइड साइंसेज जैसे आठ विषयों पर भी संस्थानों को आंका गया है।*

## भिवानी कोर्ट परिसर में गोलीबारी का मामलाः रणदीप सुरजेवाला

# भाजपा ने हरियाणा को अपराध और जंगलराज के हवाले कर दिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

> प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए

> विपक्षी नेताओं ने सुरक्षा को लेकर कड़ी चिंता जताई

हरियाणा के कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भिवानी कोर्ट परिसर में गुरुवार को दिनदहाड़े हुई गोलीबारी ने प्रदेश को दहला दिया। बताया जाता है कि बदमाशों ने कोर्ट में पेशी पर आए रोहतक निवासी युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद अदालत जैसे संवेदनशील स्थल पर सुरक्षा को लेकर विपक्षी नेताओं ने कड़ी चिंता जताई जा रही है।

राज्यसभा सांसद कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सूबे की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया है कि ₹भाजपा ने हरियाणा को पूरी तरह से 'अपराध के आतंक' और 'जंगलराज के अंधेरे में झोंक' दिया है ! अब प्रदेश में क़ानून का राज तो दूर, न्याय की दहलीज पर भी बेख़ौफ़ होकर कहर बरपाते गुंडों की गोलियों का शोर है !



उन्होंने कहा, आज हरियाणा के भिवानी कोर्ट परिसर में बदमाशों ने दिनदहाड़े ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर रोहतक से आए युवक को लहूलुहान कर दिया ! हरियाणा में भाजपा के फैलाए गुंडाराज में अब क्या कोर्ट-कचहरी पर भी अपराधियों और माफियाओं का कब्ज़ा हो गया है? भाजपा ने हरियाणा के लोगों की ज़िंदगी अब गुंडों, बदमाशों, अपराधियों और माफियाओं के हवाले करके, पूरा प्रदेश ही सौंप दिया है!

सुरजेवाला ने सीएम पर कटाक्ष करते हुए कहा, विपक्ष के नेताओं को धमकाने और हर बात पर चुटकुले सुनाने-कहकहे लगाने वाले हरियाणा के सीएम नायब सैनी 'सत्ता के महल में मखमली चादर' तानकर सोए हैं। वे यही नहीं रुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला करते हुए उन्होंने कहा, बाकी प्रदेश के लोगों को खोखले वादे और केवल चुनावी झांसे देने वाले पीएम मोदी का तो अगले चुनाव तक हरियाणा से कोई मतलबी नाता है नहीं !

### कोर्ट-कचहरी में भी असुरक्षा

विपक्षी नेताओं का कहना है, आम तौर पर कोर्ट परिसर को उच्च सुरक्षा क्षेत्र माना जाता है, लेकिन भिवानी में हुई यह घटना बताती है कि अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। सवाल उठ रहा है कि जब अदालत के भीतर लोग सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों की सुरक्षा का क्या होगा?

## खबर संक्षेप

### जेन स्ट्रीट ने सैट में सेबी के खिलाफ की अपील




**मुंबई।** अमेरिकी शेयर ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के आदेश के खिलाफ प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण से गुहार लगाई। सेबी के आदेश में बाजार में हेराफेरी करने के आरोप में जेन स्ट्रीट पर पाबंदियां लगाई गई थीं। सेबी ने उसे अपना बचाव करने के लिए जरूरी जानकारी और दस्तावेज नहीं मुहैया कराए हैं।

### मप्र में शून्य आधारित बजट प्रणाली होगी लागू : मंत्री



**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने वित्तीय अनुशासन और सतत दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए शून्य-आधारित बजट (जेडबीबी) प्रणाली और तीन वर्षीय रोलिंग बजट लागू करने का निर्णय लिया है। 'विकसित मध्यप्रदेश 2047' के दृष्टिकोण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगी और अन्य राज्यों के लिए भी आदर्श के रूप में काम करेगी।

### एफडीआई जून तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 15 प्रतिशत बढ़कर 18.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। शुल्क मुद्दों के बावजूद इस तिमाही के दौरान अमेरिका से निवेश लगभग तीन गुना होकर 5.61 अरब डॉलर रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान एफडीआई 16.17 अरब डॉलर रहा था।

### हीमोफीलिया फेडरेशन व रोटरी क्लब ने जरूरतमंदो को दी व्हीलचेयर

**नई दिल्ली।** हीमोफीलिया फेडरेशन इंडिया (**HFI**) ने हीमोफीलिया सोसाइटी, दिल्ली चैप्टर के सहयोग से अपने मुख्यालय, ए-128, मोहम्मदपुर, नई दिल्ली में व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह पहल रोटरी क्लब ऑफ नोएडा सिटी के सहयोग से संभव हुई। रोटरी क्लब के सदस्यों श्री नरेंद्र गोयल, श्री विकास धनखेर एवं श्री श्याम प्रकाश पाल के सहयोग से ज़रूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कार्यक्रम में 50 लाभार्थियों को व्हीलचेयर प्रदान की गईं। कार्यक्रम में लाभार्थी एवं उनके परिवारजनों ने दोनों संस्थाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। यह आयोजन शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों की अधिक से अधिक सहायता करने की दिशा में था।

## उद्योग जगत ने इसे युक्तिसंगत कदम बताया

# जीएसटी 2.0 भारतीय अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क से निपटने में करेगा मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने का कदम भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि के चक्र को बढ़ावा देने के साथ ही अमेरिकी शुल्क का सामना करने में मदद करेगा। उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने यह बात कही। जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय दर संरचना को बुधवार को मंजूरी दी जो 22 सितंबर से लागू होगी। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक पी हिंदुजा ने कहा कि जीएसटी दर में कटौती ने अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर कदम है जो जमीनी स्तर पर मांग को दूर करके भारत की व्यापक आर्थिक स्थिरता का समर्थन करेगा।

### खपत को बढ़ावा मिलेगा: आनंद महिंद्रा

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि खपत को बढ़ावा देने और निवेश करने के लिए ऐसे अधिक सुधारों की वकालत की। अधिक और तेजी से सुधार खपत एवं निवेश को उजागर करने का सबसे सुरक्षित तरीका हैं। वे बदले में, अर्थव्यवस्था का विस्तार करेंगे और दुनिया में भारत की आवाज को बुलंद करेंगे।

- भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि चक्र को बढ़ावा मिलेगा
- जमीनी स्तर पर मांग की कमी को दूर करेगा यह कदम
- खपत को बढ़ाने और अधिक सुधारों की वकालत की




*सीजीएसटी में दोहरे अंक की वृद्धि: इक्रा : रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, " सीजीएसटी और एसजीएसटी में दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की गई, जबकि आईजीएसटी और उपकर संग्रह में वृद्धि धीमी रही, जिससे जीएसटी में मुख्य वृद्धि घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई।*

*वस्तुओं को सस्ता बनाने पर ध्यान केंद्रित: इनक्रेड वेल्थ : इनक्रेड वेल्थ के सीईओ नितिन राव ने बताया कि शुल्क से प्रभावित श्रम-प्रधान उद्योगों को सहायता प्रदान करने और वस्तुओं को सस्ता बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।*

*आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा: मुथूट : मुथूट माइक्रोफिन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सदाफ सईद ने कहा, " राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियों के साथ-साथ आगे बढ़ने के साथ, आरबीआई द्वारा हाल ही में की गई 0.5 प्रतिशत की कटौती और सरकार द्वारा जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। "*

*सीआईआई ने बड़ी उपलब्धि माना : भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने बयान में कहा, " जीएसटी सुधारों का कदम एक बड़ी उपलब्धि है।*

### बाजार में पहुंच का दायरा बढ़ेगा: फ्लिपकार्ट

फ्लिपकार्ट ग्रुप के कॉरपोरेट मामलों के मुख्य अधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि आगामी त्योहारों से पहले इन सुधारों का समय पर कार्यान्वयन निश्चित रूप से श्रेणियों में खपत को बढ़ाने, बाजार पहुंच का दायरा बढ़ाने और विकसित भारत की ओर हमारी सामूहिक यात्रा में तेजी लाएगा।

### फिक्की ने इसे ढांचे का पुनर्गठन बताया

फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा, " सरकार द्वारा जीएसटी ढांचे का पुनर्गठन और सरलीकरण भारत की सुधार यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कर स्लैब कम करने से कई वस्तुओं एवं सेवाओं को पांच प्रतिशत की "योग्यता दर" पर लाने से अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

### उपभोग मांग में वृद्धि की उम्मीद

आने वाले दिनों में उपभोग मांग में वृद्धि की उम्मीद है। सरकार द्वारा की गई घोषणाएं अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन प्रदान देंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि भारत उच्च वृद्धि की अर्थव्यवस्था के पथ पर आगे बढ़ता रहे।'

## मार्केट न्यूज

### गुरू के मार्गदर्शन बिना एक उज्जवल भविष्य की कामना करना व्यर्थ – संजीव जुनेजा

#### डा. ऑर्थो के सौजन्य से मनाया गया 'शिक्षक दिवस'

चण्डीगढ़। 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर दिविसा हर्बल्ज प्रा. लि. के नामी प्रोडक्ट आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो के सौजन्य से चण्डीगढ़ में शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्रांड मशीन के नाम से मशहूर एंटरप्रन्योर और इंवेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक शिक्षक का हमारे जीवन में महत्व को बताते हुए कहा कि हर एक इंसान के जीवन में शिक्षकों या गुरुओं का बहुत बड़ा योगदान होता है। जिस तरह एक पक्की नींव ही ठोस और मजबूत भवन का निर्माण करती है, ठीक उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थी रूपी नींव को सुदृढ़ करके उस पर भविष्य में सफलता रूपी भवन खड़ा करने में सहायता करता है। उसे सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाता है और जीवन में सही और गलत को परखने का तरीका भी सिखाता है जो उसके भविष्य में बहुत उपयोगी होगा। एक गुरू के मार्गदर्शन के बिना एक उज्जवल भविष्य की कामना करना व्यर्थ है।

इस अवसर पर डा. संजीव जुनेजा ने अपने पूज्यनीय पिता स्व. श्री आई.के. जुनेजा को याद करते हुए कहा कि–

> पिता से अस्तित्व मेरा,
> पिता हैं जीवन बीज,
> गुरू बनकर दी,
> सम्मार्ग की मुझको सीख।
> संघर्ष सिखाया और जगाया
> मेरा स्वाभिमान,
> प्रतिछाया हूं उनकी,
> पिता से मेरी पहचान।।



डा. संजीव जुनेजा, फाउंडर एसबीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज

मेरी क्षमताओं के कारण उन्हें मुझ में पूर्ण विश्वास भी था। मैं जानता था कि मैं यह कर सकता हूं।

कहा जाता है कि एक बच्चे के जीवन में उसकी मां पहली गुरू होती है, जो उसे इस संसार से अवगत कराती हैं। वहीं दूसरे स्थान पर शिक्षक होते हैं, जो उसे सांसारिक बोध कराते हैं। जिस प्रकार एक कुम्हार मिट्टी को बर्तन का आकार देता है, ठीक उसी प्रकार शिक्षक छात्र के जीवन को मूल्यवान बनाता है। शिक्षक से हमारा संबंध बौद्धिक और आंशिक होता है। एक शिक्षक के बिना जीवन को सरल और सुगम बनाना नामुमकिन है। शिक्षक दिवस, शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को अर्पित करने का उत्सव और अवसर है। शिक्षक ही हमें विपरीत परिस्थितियों का सामना करना सिखाते हैं। डा. जुनेजा ने इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए दिविसा हर्बल्ज प्रा. लि. ने अपना प्रमुख प्रोडक्ट आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो बनाया है जो जोड़ों के दर्द (घुटने, कंधे, कोहनी, गर्दन, कलाई दर्द इत्यादि) को जड़ से कम करने में पूर्णतः सहायक है। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो ऑयल के साथ-साथ आयुर्वेदिक कैप्सूल, पेन रिलिफ स्प्रे, ऑयनमेंट उपलब्ध है। लेकिन भारतवासियों की मांग पर कंपनी ने स्ट्रांग ऑयल, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर करेक्टर, एंकल बाइंडर को भी बाजार में उतारा है। शिक्षक हमारे सपनों को पूरा करने के लिए सही राह दिखाते हैं। यह उन्हीं की ही देन है जो हम आगे चलकर अपने जीवन में सफल होते हैं। शिक्षक हर व्यक्ति के जीवन की रीढ़ होते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। एक शिक्षक, हमारे माता-पिता की तरह हमेशा हमारे साथ रहता है, चाहे खुशी हो या दुख। वह युवाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें शिक्षित बनाकर समाज एवं राष्ट्र की उत्कृष्ट सेवा में भी कार्य करता है। उन्हीं के आशीर्वाद से ही हम अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ते हैं।

### भारत, ईएफटीए व्यापार समझौता एक अक्टूबर से

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड ने कहा कि भारत और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। इसमें व्यापार और सतत विकास पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान होंगे। स्विट्जरलैंड ने एक बयान में कहा, "पहली बार, भारत ने मुक्त व्यापार समझौते में व्यापार और सतत विकास पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान निर्धारित किए हैं।

## सोना 1,000 रुपए टूटा, चांदी भी 500 रुपए हुई कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप व्यापारियों की मुनाफावसूली से बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से 1,000 रुपये फिसलकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर 1,07,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी गिरावट देखी गई और बृहस्पतिवार को यह 1,000 रुपये गिरकर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,06,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली के कारण चांदी भी अपने रिकॉर्ड स्तर से फिसल गई। बृहस्पतिवार को चांदी 500 रुपये टूटकर 1,25,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में, यह अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



- सोना टूटकर हुआ 1,05,200 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी फिसलकर 1,25,600 रुपए प्रति किलोग्राम

विदेशी बाजार में, हाजिर सोने की कीमतों में भी ऐतिहासिक ऊंचाई छूने के बाद गिरावट आई। कीमती धातु की कीमत 39.61 डॉलर या 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,539.14 डॉलर प्रति औंस रह गई। बुधवार को, न्यूयॉर्क में यह 3,578.80 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी।

## आठ सितंबर को बंद रहेगा शेयर और मुद्रा बाजार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- महाराष्ट्र सरकार ने घोषित किया सार्वजनिक अवकाश

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण आठ सितंबर को सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और मुद्रा बाजार में कोई लेनदेन और निपटान नहीं होगा। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के तहत आठ सितंबर, 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है और इसलिए पहले घोषित पांच सितंबर, 2025 को सार्वजनिक अवकाश रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि सरकारी प्रतिभूति बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, मुद्रा बाजार और रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव बाजार पांच सितंबर, 2025 को चालू रहेंगे। आरबीआई के बयान में कहा गया है कि आठ सितंबर को देय सभी बकाया लेनदेन का निपटान अगले कार्य दिवस यानी नौ सितंबर तक स्थगित कर दिया जाएगा। आरबीआई के बयान में कहा गया है कि चार सितंबर को आयोजित भारत सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी का निपटान नौ सितंबर, 2025 (मंगलवार) को होगा।

### मंत्रालय ने फर्जी पीएमवीवीवाई मंच के खिलाफ किया आगाह

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने नागरिकों को कुछ फर्जी प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना मंचों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि ये मंच सरकार का उपक्रम होने का झूठा दावा कर रहे हैं। श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया, " मंत्रालय इन वेबसाइट या उनकी गतिविधियों से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार करता है।

खुदरा क्षेत्र में 1.10 लाख रिक्तियां घटीं

### अमेरिका नियोक्ताओं ने 72 लाख नौकरियों के लिए भर्ती निकाली

**वाशिंगटन।** अमेरिकी श्रम बाजार में जारी सुस्ती के बीच जुलाई में नियोक्ताओं ने 72 लाख नौकरियों के लिए भर्तियां निकालीं, जो जून के 74 लाख नौकरियों के आंकड़े से कम है। अमेरिकी श्रम विभाग ने जारी मासिक रिपोर्ट में कहा कि जुलाई में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहायता क्षेत्र में 1.81 लाख और खुदरा क्षेत्र में 1.10 लाख रिक्तियां घटीं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्याम कुमार मेहतो** पुत्र राम भगत मेहतो निवासी मकान नं. डी–27, द्वारा:– भीम शर्मा, अध्यापक नगर, नांगलोई, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 808/2017 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्याम कुमार मेहतो** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्याम कुमार मेहतो** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 808/2017 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **श्याम कुमार मेहतो** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.10.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री कोमल गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम)**
**कमरा नं. 292,**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

DP/11827/OD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **गौतम, पुत्र:** राजेंद्र कुमार, **पता:** मकान नं. ई–14, इंदिरा झील, सुल्तान पुरी, दिल्ली **FIR No.65/2017, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौतम,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौतम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **गौतम, FIR No.65/2017, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. अनीजा बिश्नोई**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (पश्चिम)**
**कमरा नंबर 289**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/11786/OD/2025
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के अधीन एसएसई/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में, लोको, प्रथम प्रवेश द्वार पर जल आपूर्ति परिसर का वार्षिक रखरखाव एवं यू/जी.ओ.एच. टैंकों की सफाई, क्लोरीन की आपूर्ति, तथा दिल्ली मुख्य स्टेशन तक पाइप लाइन रैनी वेल शास्त्री पार्क का वार्षिक रखरखाव, रैनी वेल से गाद निकालना तथा रैनी वेल में अन्य विविध मरम्मत। का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 1,88,56,398.23 (रुपये एक करोड़ अठ्ठासी लाख छप्पन हज़ार तीन सौ अठ्ठानवे और तेईस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 2,44,300/- (रुपये दो लाख चौवालीस हजार तीन सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.09.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–510–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: **128–W/280/इ–निविदा सूचना/32–2025–26/W-3 दिनांक : 04.09.2025** **2687/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

(द्वितीय आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 241/172287 | RENOVATION OF PRESS BUILDING AT PT. RAVISHANKER SHUKLA UNIVERSITY RAIPUR | रू. 12.84 लाख |
| 179/174124 | S/R WORK OF VARIOUS ROADS UNDER SILIYARI SECTION NO.-01 & 02, RAIPUR (C.G.) | रू. 20.00 लाख |
| 103/174311 | CONSTRUCTION OF 2-F,2-G & 4-H TYPE RESIDENTIAL QUARTER UNDER OF P.W.D SUB DIVISION OFFICE ABHANPUR | रू. 95.19 लाख |
| 61/174314 | CONSTRUCTION OF RENOVATION WORK (LAB BUILDING) AT SHRI GOBINDRAM SHADANI GOVT. GIRLS ARTS AND COMMERCE COLLEGE DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G) | रू. 65.74 लाख |
| 55/174316 | S/R WORK ON VARIOUS ROAD & VARIOUS CULVERT UNDER SUB DIVISION NO. 3 NAVA RAIPUR | रू. 100.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.09.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि. वि.,मण्डल क्रं.-1 रायपुर (छ.ग.)

G -252603262/2


## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** – रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** – कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** – मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – किसी पुराने मित्र से पुनःसम्पर्क हो सकता है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** – नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** – स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** – कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।


**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज


## शब्द पहेली - 5979




**बाएँ से दाए–**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -5978 का हल





# फिडे ग्रैंड शतरंज: गुकेश ने बाकरोट को हराया

भाषा ▶▶ समरकंद (उजबेकिस्तान)

भारत के मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने यहां फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज के पहले दौर में फ्रांस के एटियेने बाकरोट को हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर जैफ्री शियोंग के बीच बाजी ड्रॉ रही। गत चैंपियन विदित गुजराती ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जर्मनी के एलेक्जेंडर डोनचेंको को पराजित किया जबकि पी हरिकृष्णा सफेद मोहरों से खेलते हुए स्लोवेनिया के एंटोन डेनचेनकोव से हार गए। निहाल सरीन को जर्मनी के स्वेन रासमुस ने ड्रॉ पर रोका। अर्जुन एरिगेसी ने स्पेन के माकसिम चिगाएव से ड्रॉ खेला।

महिला वर्ग में गत चैंपियन आर वैशाली ने उज्बेकिस्तान की गुलरुखबेगिम तोखिरजोनोवा को हराकर शानदार शुरुआत की जबकि हमवतन भारतीय वंतिका अग्रवाल ने भी यूक्रेन की



यूलिया ओस्माक को हराकर अच्छी शुरुआत की। डी हरिका को इजराइल की मार्सेल एफोरिम्स्की ने ड्रॉ पर रोका।

# हॉकी: मलेशिया को 4-1 से हरा भारत फाइनल के करीब पहुंचा

भाषा ▶▶ राजगीर (बिहार)

■ हॉकी एशिया कप में सुपर-4 में टॉप पर पहुंची इंडिया

**मनप्रीत, सुखजीत, शिलानंद और विवेक ने गोल दागे**


भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण के अपने दूसरे मैच में मलेशिया को 4-1 से हरा दिया। भारतीय टीम ने धीमी शुरुआत की जबकि शफीक हसन ने दूसरे ही मिनट में मलेशिया को बढ़त दिला दी लेकिन मेजबान टीम ने शानदार वापसी की। मनप्रीत सिंह (17वें मिनट), सुखजीत सिंह (19वें मिनट), शिलानंद लाकड़ा (24वें मिनट) और विवेक सागर प्रसाद (38वें मिनट) ने भारत



के लिए गोल किए। भारत ने बुधवार को अपने पहले सुपर 4 मैच में कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला था। इस जीत से भारत दो मैच में चार अंक के साथ सुपर 4 तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वह चीन और मलेशिया से आगे है जिनके तीन-तीन अंक हैं जबकि गत चैंपियन कोरिया केवल एक अंक के साथ अंतिम स्थान पर है। शुक्रवार को विश्राम के बाद भारत शनिवार को सुपर 4 के अपने अंतिम मैच में चीन से भिड़ेगा जबकि मलेशिया का सामना कोरिया से होगा।

रविवार को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए भारत को चीन के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की आवश्यकता है। मलेशिया बृहस्पतिवार को अपने दो मुख्य खिलाड़ियों के बिना खेला।

## खबर संक्षेप




### बर्तवाल ने जीत के साथ शुरू किया अभियान

**लीवरपूल।** पवन बर्तवाल ने गुरुवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुषों के 55 किग्रा वजन वर्ग के पहले दौर में ब्राजील के माइकल डगलस दा सिल्वा ट्रिनडाडे पर कड़े मुकाबले में विभाजित फैसले से जीत से भारत के अभियान की शुरुआत की। बर्तवाल ने पेरिस ओलंपियन और 2023 पैन अमेरिकन खेलों के रजत पदक विजेता को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया। भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में 3-2 से शुरुआत की। पर ब्राजील के मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में जवाब दिया और बर्तवाल पर ताकतवर मुक्कों की झड़ी लगाकर इसे अपने नाम कर लिया। अब दोनों बराबरी पर थे। पर बर्तवाल ने निर्णायक राउंड में शिकंजा कसा और जीत पक्की कर ली।

### चयन मापदंड का विवरण दे ईएफआई : दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) को आगामी एशियाई युवा खेलों के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए अपनाए गए चयन मापदंड का विवरण देते हुए तीन सप्ताह के भीतर एक हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है क्योंकि एक और खिलाड़ी ने टीम में जगह नहीं मिलने को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया है। युवा एशियाई खेल 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन के मनामा में होने हैं। अदालत का यह आदेश शो जंपिंग एथलीट वासवी खेतान की ओर से अपने पिता वेदांत खेतान के माध्यम से दायर एक रिट याचिका पर आया है।



### अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने शिखर धवन से पूछताछ की

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन बृहस्पतिवार को एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उनसे लगभग आठ घंटे तक पूछताछ की गई। वह मध्य दिल्ली स्थित निदेशालय के कार्यालय में सुबह 11 बजे पहुंचे और शाम 7 बजे के बाद वहां से निकले। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने 'वन एक्स बेट' नामक एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़ी इस जांच के तहत धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया। ऐसा माना जा रहा है कि 39 वर्षीय पूर्व भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के ज़रिए इस ऐप से जुड़े हैं। ईडी पूछताछ के दौरान इस ऐप से उनके संबंधों को समझना चाहता है। एजेंसी अवैध सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़े ऐसे कई मामलों की जांच कर रही है जिन पर कई लोगों और निवेशकों से करोड़ों की ठगी करने या भारी कर चोरी का आरोप है।

## यूएस ओपन में यूकी का दमदार प्रदर्शन, ट्रॉफी अब दो कदम दूर

# भांबरी ने रचा इतिहास, ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहली बार पहुंचा भारतीय टेनिस स्टार

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के दौरान भारत के युकी भांबरी ने कमाल कर दिया। भांबरी ने न्यूजीलैंड के अपने जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर जीत का क्रम जारी रखा और करियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले युकी भांबरी सिर्फ प्री-क्वार्टरफाइनल तक ही किसी ग्रैंडस्लैम में सफर तय कर सके थे। अब युकी भांबरी सेमीफाइनल और फाइनल के पड़ाव को पार करके पहली बार कोई ग्रैंडस्लैम अपने नाम करना चाहेंगे।

### क्वार्टरफाइनल में दर्ज की जीत

30 साल के भांबरी की वर्ल्ड रैंकिंग 32 है और वह भारत में टॉप मेंस डबल्स खिलाड़ी हैं। इंडो-न्यूजीलैंड की जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के राजीव राम और क्रोएशिया के निकोला की जोड़ी को तीन सेट के मुकाबले में 6-3, 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। जिसके चलते साल के आख़िरी यूएस ओपन ग्रैंडस्लैम में भारत की चुनौती बनी हुई है। भांबरी के अलावा रोहन बोपन्ना, अर्जुन काधे जैसे खिलाड़ी अपने-अपने जोड़ीदार के साथ पहले राउंड में ही हारकर बाहर हो गए थे।



तीन सेट के कड़े मुकाबले में राजीव और निकोला 6-3 7-6 6-3 से हराया

सेमीफाइनल में ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से होगा मुकाबला

### अब छठी वरीयता जोड़ी से मुकाबला


वहीं युकी भांबरी और माइकल वीनस की जोड़ी के बारे में बात करें तो इन दोनों का मुकाबला अब सेमीफाइनल में ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से होगा। ब्रिटेन के खिलाड़ियों की ये जोड़ी काफी मजबूत है और इनको टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त है। इन दोनों ने एक साथ इसी साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन खिताब नहीं जीत सके थे। अब ये दोनों यूएस ओपन का खिताब जीतने के लिए सब कुछ झोंक देंगे। ऐसे में भांबरी और वीनस को सेमीफाइनल में मजबूत तैयारी के साथ कोर्ट में आना होगा।



### बहुत ही रोमांचक अनुभव : युकी

तैतीस वर्ष के भांबरी चोटों से परेशान रहने के बाद एकल छोड़कर युगल पर फोकस कर रहे हैं। दुनिया के पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी भांबरी का सीनियर ग्रैंडस्लैम में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने कहा ,' यह बहुत ही रोमांचक अनुभव था। मैं काफी भावुक हो रहा हूं। मुझे खुशी है कि इतना कठिन मैच हम जीत सके। हमारी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी काफी अनुभवी थी और उनके खिलाफ जीतना बहुत बड़ी बात है।' उन्होंने कहा,' अभी तक का सफर अच्छा रहा है। मुझे खुशी है कि वीनस और मैं मिलकर अच्छा खेल पा रहे हैं।' इसके साथ ही पुरुष युगल में भारत का दबदबा लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद भांबरी ने बरकरार रखा है।

## सेमीफाइनल में सिनेर की एंट्री



गत चैंपियन यानिक सिनेर ने इटली के ही दसवीं रैंकिंग वाले लोरेंजो मुसेत्ती को 6-1, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा, जिन्होंने आठवीं रैंकिंग वाले एलेक्स डि मिनौर को 4-6, 7-6, 7-5, 7-6 से हराया। सिनेर का यह लगातार पांचवां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है। अगर वह शुक्रवार को जीतते हैं तो इस साल चारों ग्रैंडस्लैम फाइनल पहुंचने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

## अनिसिमोवा सेमीफाइनल में, स्वियातेक को हराया



आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने इगा स्वियातेक को 6 -4, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो महीने पहले ही छह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने विम्बलडन फाइनल में अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया था। अमेरिका की अनिसिमोवा का यह तीसरा ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है लेकिन फ्लशिंग मीडोस पर वह पहली बार अंतिम चार में पहुंची हैं। अब उनका सामना चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने कोको गाफ को हराया था। उन्होंने सेमीफाइनल में 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को मात दी।

महिला हॉकी एशिया कप

# बदले तेवरों के साथ वापसी को तैयार भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶ हांगझोउ

■ आज भारतीय टीम 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ खेलेगी

प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से परेशान भारतीय महिला हॉकी टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर शुक्रवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी।

विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम पूल बी के मैच में 30वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड टीम से खेलेगी। भारत पूल में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है, जिसमें जापान (12), थाईलैंड और सिंगापुर (31) भी है। पूल ए में चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं। चीन (चार) के बाद भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। थाईलैंड के बाद भारत का सामना शनिवार को जापान से और आठ सितंबर को सिंगापुर से होगा।

### भारतीय टीम

बांसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबम (गोलकीपर), मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, नेहा, वैष्णवी फाल्के, सलीमा टेटे (कप्तान), शर्मिला देवी, लालरेम्सियामी, सुनेलिटा टोप्पो, नवनीत कौर, रुतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, साक्षी, संगीता कुमारी।

### गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर दीपिका चोटिल

अनुभवी गोलकीपर सविता और ड्रैग फ्लिकर दीपिका को लगी चोटों से भारतीय टीम कमजोर हुई है । सविता टखने की चोट के कारण बाहर है, जो उन्हें अभ्यास सत्र के दौरान लगी थी। दीपिका की जगह साक्षी खेल रही है। फॉरवर्ड और ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने पिछले कुछ अर्से में शानदार प्रदर्शन किया है। इन दोनों के नहीं खेलने से कप्तान सलीमा टेटे, नवनीत कौर, उदिता, नेहा , शर्मिला देवी और लालरेम्सियामी पर अधिक दारोमदार होगा।

एशिया कप

## यूएई टीम का ऐलान, मतिउल्लाह और सिमरनजीत शामिल

**दुबई।** मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को घोषित 17 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज मतिउल्लाह खान और स्पिनर सिमरनजीत सिंह को शामिल किया। यूएई की टीम इस समय शारजाह में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला खेल रही है और उसने अपनी इस टीम में मतिउल्लाह और सिमरनजीत को शामिल करके सिर्फ यही बदलाव किया है। अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'मंगलवार 9 सितंबर से अबुधाबी में शुरू होने वाले एशिया कप 2025 में शानदार सलामी बल्लेबाज मोहम्मद वसीम 17 सदस्यीय यूएई टीम का नेतृत्व करेंगे।' पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत यूएई के कोच हैं। यूएई को भारत, पाकिस्तान और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। यूएई एशिया कप के अपने पहले मैच में 10 सितंबर को दुबई में भारत से भिड़ेगा। इसके बाद 15 सितंबर को ओमान से और 17 सितंबर को पाकिस्तान के सामने होगा।



भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले

# लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने छोड़ी बॉल, क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने गुरुवार को क्रिकेट के हर प्रारुप को अलविदा कर दिया, जिससे उनके दो दशक से अधिक के कैरियर पर विराम लग गया। भारत के लिए आखिरी बार 2017 में खेलने वाले 42 वर्ष के मिश्रा 2024 तक आईपीएल खेले हैं। उन्होंने कहा,' मैंने क्रिकेट से संन्यास का फैसला ले लिया है।'



### पहला वनडे 2003 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ

मिश्रा ने एक बयान में कहा कि उन्होंने बार बार लगने वाली चोटों और युवा पीढ़ी को मौका देने के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2008 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। वहीं भारत के लिए पहला वनडे 2003 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। हरभजन सिंह और अनिल कुंबले की टीम में जगह पक्की होने के कारण उन्हें टेस्ट पदार्पण के लिए इंतजार करना पड़ा। उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए लेकिन एक ही बार यह कारनामा कर पाए।

### क्रिकेट ने दी अनमोल सीख

मिश्रा ने कहा,' क्रिकेट में मेरे जीवन के 25 साल (प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण 2000) यादगार रहे। मैं बीसीसीआई, प्रशासन, हरियाणा क्रिकेट संघ, सहयोगी स्टाफ, अपने साथी खिलाड़ियों और परिवार के सदस्यों का शुक्रगुजार हूं।' उन्होंने एक बयान में कहा,'मैं प्रशंसकों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जिनके प्यार और सहयोग ने मेरे सफर को और यादगार बनाया। क्रिकेट ने मुझे असंख्य यादें और अनमोल सीख दी है। मैदान पर बिताए गए हर पल को मैं हमेशा याद रखूंगा।' उनका आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 2024 आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ था। वह आईपीएल में तीन हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं। मिश्रा ने कोचिंग और कमेंट्री के जरिए खेल से जुड़े रहने की इच्छा जताई है।

## दलीप ट्रॉफी: पश्चिम क्षेत्र ने पहले दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ बनाए 6 विकेट पर 363 रन

# गायकवाड़ की 184 रन की पारी से वेस्ट जोन की वापसी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रुतुराज गायकवाड़ ने यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर की नाकामी की भरपाई करते हुए 184 रन की शानदार पारी खेली, जिससे पश्चिम क्षेत्र ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ छह विकेट पर 363 रन बनाकर वापसी की।

दिन का खेल खत्म होने पर तनुश कोटियान (नाबाद 65) और शारदुल ठाकुर (नाबाद 24) बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 'बी' मैदान पर क्रीज पर डटे थे। दिन के स्टार गायकवाड़ रहे, जिन्होंने पिछले महीने बुची बाबू टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए 133 रन की पारी खेलने के बाद लगातार दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 206 गेंद का सामना किया।




### जायसवाल और देसाई सस्ते में हुए आउट

गायकवाड़ मध्यक्रम में तब बल्लेबाजी के लिए आए जब पश्चिम क्षेत्र की टीम जायसवाल (04 रन) और हार्विक देसाई (01) के विकेट गंवाने के बाद दो विकेट पर 10 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। जायसवाल को तेज गेंदबाज खलील अहमद ने आउट किया जबकि हार्विक ने दीपक चाहर की गेंद पर पहली स्लिप में यश राठौड़ को आसान कैच थमा दिया। गायकवाड़ ने इसके बाद आर्य देसाई के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रन की उपयोगी साझेदारी की और पश्चिम क्षेत्र की टीम को वापसी दिलाने की कोशिश की। गायकवाड़ ने अर्धशतक 85 गेंद में पूरा किया लेकिन दोपहर के सत्र में उन्होंने 131 गेंद में 100 रन पूरे किए और इस तरह दूसरा अर्धशतक केवल 51 गेंद में पूरा हुआ। गायकवाड़ ने मध्य क्षेत्र के बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे और ऑफ स्पिनर सारांश जैन के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। उन्होंने लेट कट और स्क्वायर कट का बेहतरीन इस्तेमाल किया और इन क्षेत्र में 15 चौके सहित लगभग 100 रन बनाए। इससे स्पिनरों को सीधी लाइन अपनाने पर मजबूर होना पड़ा और धीमी पिच पर महाराष्ट्र के बल्लेबाजों एक या दो रन लेने में ज़्यादा परेशानी नहीं हुई।

# हर्षिल के मुहाने पर टूटा पहाड़, झील बनने का खतरा बना, दहशत में लोग

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में अतिवृष्टि ने तबाही मचाई हुई है। हर्षिल में तेलगाड के मुहाने पर पहाड़ टूटने के कारण उसका प्रवाह रुक गया है। सुबह पहाड़ टूटने से पहले उसमें मलबा ओर पानी बह कर आया। मुहाने पर पहाड़ टूटने के कारण रुके प्रवाह से ऊपर झील बनने का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने हर्षिल ओर निचले इलाकों में लोगों को सावधान रहने को कहा है।


इस घटना से हर्षिल क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। उत्तरकाशी में लगातार बारिश के कारण कई गांवों में भू-धंसाव की घटनाएं बढ़ गई हैं जिससे ग्रामीणों के आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं। इस स्थिति से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग की है।

**उत्तराखंड में अतिवृष्टि ने मचाई तबाही**

*उत्तरकाशी में लगातार बारिश के कारण कई गांवों में भू-धंसाव की घटनाएं बढ़ गई हैं जिससे ग्रामीणों के आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं। इस स्थिति से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग की है*

**पुलिस ने सावधान रहने को कहा** | **लोग घर छोड़कर दूसरी जगह गए**







## थराली के सगवाड़ा गांव में मकान बहा

थराली के सगवाड़ा गांव में अतिवृष्टि से मलबे के साथ एक मकान भी बह गया। तहसीलदार अक्षय पंकज ने बताया कि कल रात थराली क्षेत्र में बहुत तेज बारिश हुई। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि सगवाड़ा गांव में फिर से मलबे के साथ एक मकान तहस नहस हो गया है। राजस्व टीम और डीडीआरफ को मौके पर भेजा जा रहा है। यहां 22 अगस्त को भी एक मकान टूटा था, जिसमें एक युवती की मौत हो गई थी।

## छाटांगा और मदेश गांव में भूस्खलन

*बड़कोट नगरपालिका क्षेत्र के छाटांगा में आधे दर्जन से अधिक घरों के आंगन भू-धसाव की चपेट में आ गए हैं। लगातार बारिश से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। लोग डर के मारे रात में सो नहीं पा रहे हैं और कई लोग अपने घर छोड़कर दूसरी जगहों पर रात गुजारने को मजबूर हैं। वहीं मदेश गांव के ग्रामीणों में भी भय का माहौल है क्योंकि गांव के आगे और पीछे से भूस्खलन हो रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य अमिता पंवार ने बताया कि गांव के नीचे सहायक नदी के कटाव से भी खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर बारिश इसी तरह जारी रही तो गांव के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है।*

## हिमाचल के ओच्छघाट में घर पर पहाड़ी से गिरी बड़ी चट्टान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के ओच्छघाट क्षेत्र में देर रात एक बड़ी चट्टान अचानक पहाड़ से खिसक कर सीधे एक दो मंजिला मकान पर गिर गई और छत को तोड़ती हुई आंगन में आकर अटकी। गनीमत रही कि यह चट्टान कुछ पेड़ों पर अटक गई, अन्यथा इसका कहर साथ लगते कई घरों पर टूट पड़ता और जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता था।



### बठोल में भूस्खलन, तीन घरों में आईं दरारें

*सोलन जिले के धर्मपुर में बारिश के बाद बठोल गांव में भूस्खलन होने से तीन घरों में दरारें आ गईं। एहतियातन घरों को खाली करवा दिया गया है। यहां पर लगातार भूमि कटाव हो रहा है। इससे पूरे गांव को खतरा मंडराया हुआ है। खेतों में भी गहरी दरारें पड़ गई हैं।*

### नेरन गांव में जमीन में धंसा मकान

सोलन जिले की रामशहर तहसील के तहत ग्राम पंचायत बहेड़ी के गांव नेरन में बारिश के चलते एक रिहायशी मकान जमीन में समा गया। यह मकान शंकर कुमार पुत्र बुधराम का था। इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

## 90 बीएसएफ चौकियां पानी में डूबी, भारत-पाक सीमा पर लगी 110 किमी लंबी फेंसिंग क्षतिग्रस्त

*चंडीगढ़। पंजाब में लगातार बारिश और बाढ़ से सभी 23 जिलों में 1400 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पंजाब सरकार ने राज्य को आपदाग्रस्त घोषित कर दिया है। बाढ़ की वजह से भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 110 किमी से अधिक फेंसिंग (बाड़) क्षतिग्रस्त हो चुकी है और सरहद पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 90 चौकियां पानी में डूब चुकी हैं। इसके अलावा जम्मू और पंजाब दोनों ही राज्यों के बॉर्डर एरिया बाढ़ की चपेट में हैं। बीएसएफ की तरफ से मेगा पुनर्निर्माण अभियान शुरू किया गया है।*



## खबर संक्षेप

### नाइजीरिया में नाव के टकराने से 31 की मौत

**अबुजा।** उत्तर-मध्य नाइजीरिया में एक नदी में नाव हादसा हो गया। हादसे में 31 लोगों की मौत हो गई।



अफसरों ने बताया कि नाइजर राज्य के बोर्गू क्षेत्र में एक नाव एक पेड़ के तने से टकरा गई। उसमें 90 लोग सवार थे। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन एजेंसी ने बताया कि अब तक 50 लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन लापता लोगों की संख्या की

### लिस्बन में पटरी से उतरी ट्राम, 17 लोगों की मौत

लिस्बन। लिस्बन में एक ट्राम (स्ट्रीटकार) पटरी से उतर गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई।



जबकि 23 लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने घटना को लेकर दुख जताया। राष्ट्रीय चिकित्सा आपात स्थिति संस्थान ने बताया कि घायलों में से 5 की हालत गंभीर है। घायलों में विदेशी नागरिक और एक बच्चा भी शामिल हैं।

### नेपाल में 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने नेपाल टेलीकॉम अथॉरिटी को 26 सोशल मीडिया वेबसाइट्स ब्लॉक करने का आदेश दिया है।



इन वेबसाइट्स में मेटा और एक्स भी शामिल हैं। नेपाल की मिनिस्ट्री ऑफ कम्यूनिकेशन एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के प्रवक्ता गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि सभी सोशल मीडिया को नेपाल में गुरुवार से बंद कर दिया गया है।

## ट्रंप टैरिफ तनाव के बीच केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल बोले

# भारत-यूएस अच्छे मित्र जल्द ही समस्या का निकालेंगे 'समाधान'

**इस छोटी अवधि को कोई याद नहीं रखेगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों की वजह से भारत और अमेरिका के संबंध फिलहाल तनाव से गुजर रहे हैं। हालांकि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को साफ किया है कि दोनों देश अच्छे मित्र हैं और भारत अमेरिका के साथ मिलकर जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाल लेगा। पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मतभेदों के बावजूद दोनों देश मित्र और सहयोगी बने रहेंगे। दोनों पक्ष एक मजबूत आर्थिक साझेदारी के दीर्घकालिक महत्व को समझते हैं।



पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका और भारत के संबंध आपसी विश्वास और साझा मूल्यों पर आधारित है। हालांकि हमें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन मेरा मानना है कि ये चुनौतियां बीत जाएंगी और ये रिश्ते और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि भारत एक धैर्यपूर्ण देश है।



### बातचीत और कूटनीति पर भरोसा जताया

पीयूष गोयल ने कहा कि हमें लगता है कि हमें अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के दायरे में रहते हुए एक दूसरे को समझने की सभी जरूरी कोशिशें करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा से ही बातचीत और कूटनीति पर भरोसा जताया है। हम वह तरीके अपनाते हैं जिससे संबंध मजबूत हो सके, न कि कमजोर। द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर पीयूष गोयल ने कहा कि हमें यकीन है कि हम जल्द ही किसी नतीजे पर पहुंचेंगे। इसमें कुछ सप्ताह या कुछ महीने भी लग सकते हैं। दोनों देशों के संबंधों में इतिहास में इस छोटी अवधि को कोई याद नहीं रखेगा।

### अमेरिकी सांसद मीक्स ने भारत का किया समर्थन

**वॉशिंगटन।** भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मीक्स से मुलाकात की है। यह मुलाकात इसलिए अहम है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'टैरिफ' नीति का असर भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंधों पर भी पड़ा है। अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए मनमाने टैरिफ दोनों देशों के बीच 'महत्वपूर्ण संबंधों' के लिए 'खतरा' हैं। प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के प्रमुख डेमोक्रेट सदस्य मीक्स ने बुधवार को अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात के बाद 'अमेरिका-भारत साझेदारी के लिए कांग्रेस के समर्थन' पर जोर दिया।

### क्वात्रा ने जताया आभार

मीक्स ने कहा कि मैंने गहरे संबंधों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, यूक्रेन में शांति की हमारी साझा आशा और ट्रंप के मनमाने टैरिफ पर अपनी चिंता दोहराई, जो इस महत्वपूर्ण रिश्ते के लिए खतरा हैं। उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, क्वात्रा ने कहा कि विदेश मामलों की समिति में नेतृत्व के दौरान अमेरिका-भारत संबंधों के लिए उनके निरंतर परामर्श और दृढ़ समर्थन के लिए आभारी हूं। क्वात्रा ने कांग्रेसनल एनर्जी एक्सपोर्ट कॉकस की अध्यक्ष कैरोल मिलर से भी मुलाकात की और उन्हें भारत की ऊर्जा सुरक्षा से अवगत कराया।

## मणिपुर में आएगी शांति

# केंद्र से बातचीत के बाद कुकी-जो एनएच-2 खोलने के लिए तैयार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर में रोजमर्रा की जिंदगी की रीढ़ कहे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) को फिर से खोलने का ऐलान हो चुका है। कुकी-जो काउंसिल ने केंद्र सरकार के साथ लंबी बातचीत के बाद यह फैसला लिया है कि अब इस राजमार्ग पर लोगों और जरूरी सामान की आवाजाही बिना किसी रुकावट के होगी। यह कदम मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### बातचीत के बाद निकला रास्ता

कुकी-जो काउंसिल और गृह मंत्रालय के अधिकारियों के बीच नई दिल्ली में कई दौर की बातचीत हुई। इन बैठकों का मकसद था मणिपुर में तनाव को कम करना और जरूरी सामान की आपूर्ति को फिर से शुरू करना। गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि कुकी-जो काउंसिल ने भारत सरकार की ओर से तैनात सुरक्षा बलों के साथ मिलकर एनएच-2 पर शांति बनाए रखने का वादा किया है। एनएच-2 मणिपुर को नगालैंड और पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। मई 2023 से शुरू हुए मेइती-कुकी तनाव के कारण इस राजमार्ग पर आवाजाही ठप थी।

### एक साल के त्रिपक्षीय समझौता लागू

*इसी के साथ, गृह मंत्रालय, मणिपुर सरकार और कूकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन व यूनाइटेड पीपल्स फ्रंट (यूपीएफ) के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी हुआ। इस समझौते को 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ)' कहा गया, जिसमें नए नियम और शर्तें तय की गई हैं। यह समझौता एक साल के लिए लागू होगा।*

## ऑपरेशन सिंदूर से हुई ऐसी तबाही

# चार महीने बाद भी एयरबेस की मरम्मत नहीं कर पाया पाकिस्तान

**यूएस कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीज की नई तस्वीरों में खुलासा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के रावलपिंडी के चकलाला स्थित नूर खान एयर बेस की अमेरिकी कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीज से नई तस्वीरें मिली हैं। ये तस्वीरें दिखाती हैं कि हमले के लगभग चार महीने बाद, नूर खान बेस पर पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। बुधवार को ली गई इन तस्वीरों में घटनास्थल पर नई दीवारों के हिस्से और जमीन पर काम दिखाई दे रहा है। पाकिस्तानी वायुसेना की नंबर 12 वीआईपी स्क्वाड्रन, जिसे बुर्राक्स भी कहा जाता है।



### भारत ने विशेष सैन्य ट्रकों को बनाया था निशाना

*इंटेल लैब के जियो इंटेलिजेंस रिसर्चर डेमियन साइमन के अनुसार, हमले से पहले की सैटेलाइट तस्वीरों में साइट पर 'विशेष सैन्य ट्रक' दिखाई दे रहे थे, जिन्हें हमलों के दौरान नष्ट कर दिया गया था। विश्लेषकों का मानना है कि ये ट्रक कमांड और कंट्रोल (सी2) सेंटर्स के रूप में काम कर रहे थे।*

### एयरबेस के पास नई दीवार बना रहा पाकिस्तान

साइमन ने कहा कि नई दीवार के खंडों का वर्तमान लेआउट उन इमारतों के लेआउट जैसा है जिन्हें गिरा दिया गया था। पाकिस्तान इसे दोबारा बना रहा है जिससे पता चलता है कि वो इस साइट पर अपने ऑपरेशन फिर से शुरू करना चाहता है जो कि शायद एयरफील्ड ऑपरेशन का हिस्सा है।

# डीआरडीओ ने उद्योग क्षेत्र को हस्तांतरित की तीन प्रौद्योगिकियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने उद्योग जगत को तीन उन्नत उपकरण प्रौद्योकियां हस्तांतरित की हैं। जिसमें संगठन की हैदराबाद स्थित रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला का अहम योगदान रहा है।

डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर. वी कामत ने प्रयोगशाला के प्रयासों के लिए उसे बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि डॉ. कामत ने उद्योग क्षेत्र के भागीदारों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से जुड़े लाइसेंसिंग समझौते के दस्तावेज भी सौंपे। अपने संबोधन में उन्होंने अनुसंधान और विकास प्रक्रियाओं व सफल प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के प्रयासों की सराहना भी की। जिसका भविष्य पर अहम प्रभाव पड़ेगा। तीनों प्रौद्योगिकियों में बीएचईएल, जगदीशपुर प्रमुख रक्षा कार्यक्रमों में सहयोग के लिए मिसाइल प्रणालियों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रेडोम का विनिर्माण, जेएसपीएल (अंगुल) को रक्षा अनुप्रयोगों के लिए डीएमआर 1700 स्टील शीट और प्लेटों का विनिर्माण। इसके अलावा बीएसपी, भिलाई को नौसेना प्रयोगों के लिए 249 ए एचएसएएल स्टील प्लेट्स से जुड़ी प्रौद्योगिकी सौंपी गई है।

## शशि थरूर की अमेरिका को सलाह

# रिश्ते बचाने के लिए दंडात्मक शुल्क हटाएं, फ्री ट्रेड वार्ता करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्रंप की नई वैश्विक कूटनीति को लेकर अमेरिका पर निशाना साधा है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सलाह देते हुए कहा कि रिश्तों को बचाने के लिए अमेरिका को चाहिए कि दंडात्मक शुल्क हटाए, खासकर श्रम-प्रधान क्षेत्रों से तो जरूर हटाए। फ्री ट्रेड वार्ता तेज करे और भारत को वैकल्पिक बाजार मुहैया कराए। उच्चस्तरीय संवाद बहाल करे। ट्रंप और मोदी की सीधी बातचीत रिश्तों की ठंडक पिघला सकती है। तकनीकी और रक्षा सहयोग बढ़ाए ताकि भरोसा मजबूत हो। थरूर ने अंग्रेजी अखबार में लेख लिखकर कहा है कि 1949 में चीन पर माओत्से तुंग की कम्युनिस्ट जीत के बाद अमेरिका में 'हू लॉस्ट चाइना?' बहस छिड़ी थी। आज वही सवाल कुछ सालों बाद भारत के संदर्भ में उठ सकता है, 'हू लॉस्ट इंडिया?'

## पुतिन ने जताई संघर्षविराम पर वार्ता की संभावना

# कहा- जेलेंस्की तैयार, तो मॉस्को आ सकते हैं

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जारी गतिरोध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिया है कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलने को तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि यदि बैठक अच्छी तरह तैयार की जाए और उससे सकारात्मक परिणाम निकलें, तो जेलेंस्की मॉस्को आ सकते हैं। इस बयान ने युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान की संभावनाओं को लेकर नई बहस छेड़ दी है। चीन दौरे से लौटने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि उन्होंने कभी भी जेलेंस्की से मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बैठक तभी होनी चाहिए जब यह यूक्रेन के संविधान के दायरे में और सकारात्मक परिणाम देने वाली हो। पुतिन ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे इस बारे में



### रूस शांति प्रक्रिया से बच रहा

पुतिन के बयान के तुरंत बाद यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कहा कि सात देशों ने रूस-यूक्रेन वार्ता की मेजबानी की पेशकश की है, जिनमें ऑस्ट्रिया, तुर्किये, स्विट्जरलैंड, वेटिकन और खाड़ी देशों के तीन राष्ट्र शामिल हैं। सिबिहा ने पुतिन के प्रस्ताव को जानबूझकर अस्वीकार्य बताया और कहा कि रूस वास्तविक शांति प्रक्रिया से बच रहा है।

### यूक्रेन की नाटो सदस्यता से है आपत्ति

*पुतिन ने दोहराया कि हर देश को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का अधिकार है, लेकिन किसी भी देश की सुरक्षा दूसरे देश की कीमत पर नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की नाटो सदस्यता रूस के लिए सीधी सुरक्षा चुनौती है। हालांकि, पुतिन ने यह स्पष्ट किया कि यूक्रेन को यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने पर रूस की उतनी कड़ी आपत्ति नहीं है। क्योंकि यह उसकी आर्थिक गतिविधियों का हिस्सा है।*

## पीएम ने की यूरोप के दो शीर्ष नेताओं से टेलीफोन पर बातचीत

**भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द संपन्न करने की नेताओं ने जताई प्रतिबद्धता**

# यूक्रेन में संघर्ष को जल्द खत्म करने के प्रयासों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न चुनौती के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ टेलीफोन पर संयुक्त रूप से बातचीत की। जिसके केंद्र में आपसी सहयोग के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान और शांति-स्थिरता की जल्द बहाली के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नेताओं की इस वार्ता में व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, स्थिरता, रक्षा-सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला का लचीलापन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति का भी स्वागत किया गया।

### एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे नेता

मंत्रालय ने कहा बातचीत में नेताओं के बीच यूक्रेन में संघर्ष को जल्द खत्म करने के प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

पीएम ने भी शांति स्थापना को लेकर भारत का पक्ष दोहराया। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्र संपन्न करने और आईएमइइसी गलियारे के कार्यान्वयन के लिए नेताओं ने साझा प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों नेताओं को अगले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के लिए भारत आमंत्रित किया।

दुनिया की बड़ी लोकतांत्रिक ताकतों के रूप में भारत-यूरोपीय संघ के बीच विश्वास, साझा मूल्यों और भविष्य के लिए एक समान दृष्टिकोण पर आधारित मजबूत व घनिष्ठ संबंध हैं। वैश्विक मामलों के संयुक्त समाधान, स्थिरता को बढ़ावा देने व पारस्परिक समृद्धि के लिए नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने में भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी की भूमिका पर भी सभी ने जोर दिया। एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर भी नेताओं ने सहमति जताई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109